* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 189

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


कर्नाटक के भाजपा विधायक बासनगौड़ा ने सोनिया गांधी को 'विषकन्या' कहा








## राज्य सरकार का संवेदनशील प्रयास 'जीवन रक्षा को मिली उड़ान'

# एयर एंबुलेंस सेवा मील का पत्थर साबित होगी : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने झारखंड की जनता के लिए पहली बार सेवा की शुरुआत की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार के संवेदनशील प्रयास से जीवन रक्षा को उड़ान मिल गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राज्य की जनता के लिए पहली बार एयर एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। जहां एक तरफ हम विकास के नये आयाम को छू रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कोरोना जैसी महामारी हमारे सामने आपदा के रूप में चुनौती बन कर आयी है। कोरोना ने हमें आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने की अहमियत को बताया है। आज हमें कई नयी और गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी मिलती रहती है। इन बीमारियों से लड़ने के लिए हम राज्य में स्वास्थ्य अवरसंरचना को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं कई ऐसी बीमारियां भी हैं, जिनमें बेहतर इलाज के लिए राज्य से बाहर जाना जरूरी हो जाता है। कई बार जिंदगी और मौत का फासला काफी कम होता है, ऐसी परिस्थिति में सड़क मार्ग अथवा रेल मार्ग से मरीज को ले जाने में काफी कठिनाई होती है। इसे ध्यान में रख कर आज इस एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया है।



**आम जनता को भी मिलेगी सुविधा :** हेमंत सोरेन ने कहा कि इस सेवा का उपयोग सिर्फ जो पैसे दे सकते वही कर पायेंगे, ऐसा नहीं है। इसमें आवश्यकतानुसार जो पैसे नहीं भी दे सकता है, उसको भी एयर एंबुलेंस के माध्यम से ले जाने और स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की मंशा हमारी सरकार की है। स्वास्थ्य के क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने और समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। लोगों की जान सुरक्षित करने में यह एयर एंबुलेंस सेवा राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक राज्य के आम नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में 'एयर एम्बुलेंस सेवा' प्राप्त करने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी। कोई ऐसा डेडिकेटेड सेल नहीं था, जहां संपर्क स्थापित कर आसानी से एयर एंबुलेंस की सेवा प्राप्त की जा सके। साथ ही खर्च भी बहुत आता था। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए सस्ती और सर्वसुलभ सेवा की शुरुआता की गयी है।

**ई-मेल और फोन पर सेवा उपलब्ध होगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नागर विमानन प्रभाग द्वारा 'एयर एंबुलेंस सेवा' के लिए राज्य स्तरीय एक सेल का गठन किया गया है। अब राज्य की जनता दूरभाष पर संपर्क कर अथवा ई-मेल के माध्यम से सेवा प्राप्त कर सकती है। आवेदक को दूरभाष पर ही गंतव्य के अनुसार संभावित व्यय से अवगत कराया जायेगा। आवेदक की सहमति के उपरांत एयर एंबुलेंस ऑपरेटर द्वारा दो घंटे के अंदर एयरक्राफ्ट तैयार मिलेगा।

**जल्द सैकड़ों एंबुलेंस सेवा राज्य को मिलेगी:** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज आपकी सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कड़ी जोड़ने का प्रयास किया है। झारखंड की भौगोलिक संरचना विषम है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना एक चुनौती के रूप में आकर खड़ी होती है। इन परिस्थितियों को देखते, समझते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में कई बदलाव होता रहा है। आज हम लोगों ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जहां बड़े वाहन नहीं जा सकते हैं, वहां मोटरसाइकिल एंबुलेंस सेवा भी देना प्रारंभ कर दिया है। बहुत जल्द सैकड़ों एंबुलेंस राज्य को मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि जगह-जगह सड़क के किनारे हेलीपैड बने और भीषण सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को ससमय अस्पताल पहुंचाया जा सके। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक इरफान अंसारी और राजेश कच्छप के अलावा अधिकारीगण मौजूद थे।

### एक नजर में एयर एंबुलेंस सुविधा

- झारखंड के प्रमुख शहरों में यह सेवा 24 घंटा उपलब्ध रहेगी।
- ई-मेल या टेलीफोन के जरिए कर सकेंगे बुकिंग।
- कंफर्म करने पर दो घंटे के भीतर एयर एंबुलेंस तैयार मिलेगा।
- री-शेड्यूल करने की भी सुविधा मिलेगी।
- एयर एंबुलेंस में तमाम जरूरी उपकरणों के साथ चिकित्सक की भी सुविधा मिलेगी।

### कहां के लिए कितना खर्च

- रांची से दिल्ली- 5 लाख
- रांची से मुंबई- 7 लाख
- रांची से चेन्नई- 8 लाख
- रांची से कोलकाता- 3 लाख
- रांची से हैदराबाद- 7 लाख
- रांची से बनारस- 3.30 लाख
- रांची से लखनऊ- 5 लाख
- रांची से तिरुपति- 8 लाख
- देश के किसी दूसरे हिस्से के लिए 1.10 लाख (प्रति घंटा अतिरिक्त)

### यहां मिलेगी सेवा

रांची, धनबाद, दुमका, देवघर, बोकारो, जमशेदपुर और गिरिडीह ।

## पीएम मोदी ने देश के 18 राज्यों में 91 एफएम रेडियो का दिया तोहफा

# लोहरदगा, बरहरवा और गोड्डा में एफएम रेडियो की शुरुआत

- नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं श्रोता और होस्ट दोनों हूं
- लोहरदगा में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने की शिरकत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश में रेडियो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 100 वाट कैपेसिटी के 91 एफएम रेडियो स्टेशनों का उद्घाटन किया। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग से इस सेवा को 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 84 जिलों में शुरू किया। इसमें झारखंड के तीन जिले लोहरदगा, साहिबगंज (बरहरवा) और गोड्डा शामिल हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बात रेडियो और एफएम की होती है, तो इससे मेरा रिश्ता एक श्रोता का भी है, और एक होस्ट का भी है।



लोहरदगा में उद्घाटन समारोह में उपस्थित वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि रेडियो हमेशा से लोगों की सूचना का एक बेहतर माध्यम रहा है। आज भी रेडियो का महत्व कम नहीं हुआ है। यहां एफएम ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया जाना निश्चित रूप से गर्व की बात है। इसका लाभ सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। लोगों को सूचनाओं के साथ मौसम और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। इस दौरान पद्मश्री मधु मनसूख मंसूरी सहित क्षेत्र के कलाकार और अन्य लोग मौजूद थे।

गोड्डा में आयोजित समारोह में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने एफएम रेडियो की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि वह लगातार एफएम के लिए प्रयासरत थे। प्रसार भारती का पहले से ही गोड्डा में कार्यालय है। इसी में अब 103.6 मीटर फ्रीक्वेंसी पर एफएम गोड्डा जिला मुख्यालय से 20 किमी की दूरी तक सुनाई देगा। कार्यक्रम दिल्ली से प्रसारित होंगे। लोग विविध भारती और संगीत के अलावा समाचार भी सुन पायेंगे।

### इन राज्यों में शुरू हुए रेडियो स्टेशन

91 एफएम रेडियो स्टेशन बिहार, झारखंड, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नगालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, लद्दाख के अलावा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में शुरू हो गये हैं। इन राज्यों में कुल 84 जिलों को कवर किया गया है।






## मुख्यमंत्री हेमंत के साथ पत्नी कल्पना पहुंचीं ओड़िशा, पुराने दिनों को किया याद

# ...और बोलते-बोलते रुंध गया कल्पना का गला

- कलिंगा इंस्टीट्यूट के कार्यक्रम में बच्चों से साझा किया अनुभव

**दिप्तांशु दास**

**भुवनेश्वर।** बचपन के दिन सभी के लिए यादगार होता है। अगर कभी किसी मौके पर बचपन के दिन में जाने का मौका आता है तो लोग रोमाचिंत और भावुक हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के साथ हुआ। मौका था ओड़िशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम का। यहां कल्पना बच्चों से रू-ब-रू हुईं। उनसे अपना अनुभव साझा किया। अपने पुराने दिनों को याद किया। इसी दौरान बोलते-बोलते कल्पना भावुक हो गयीं और उनका गला रूंध आया। कल्पना सोरेन ने कहा कि यहां खड़े होकर मुझे मेरा बचपन, मेरे अपने स्कूल का समय वह सब याद आ रहा है।



### 'आपके जैसे ही थी कल्पना सोरेन'

अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि जब हम यहां ट्रेनिंग लेने आते थे यहां जंगल होता था। साल 2004 या 2005 की बात है। यह इलाका जंगल था। एक ऑटो पकड़ने में डर लगता था कि हम अकेले कैसे यात्रा करेंगे। अकेले इन इलाकों में बहुत डर लगता था। ट्रेनिंग के दौरान खाने के लिए कुछ नहीं होता था। साइकिल में बड़ा हांडी लेकर आता था दही बड़ा। वही हमारा खाना होता था। सुबह से लेकर शाम तक खाने के लिए कुछ नहीं मिलता था। जो कल्पना मुर्मू सोरेन आज दिख रही है, वह ऐसी नहीं थी, वह आपके जैसी थी। यहां मौजूद बच्चियां अगर आपके अंदर आत्मविश्वास है। अगर जंगल के अंदर छोटे से गांव से यहां तक सफर कर सकते हैं, तो आप अपनी मंजिल तक जरूर पहुंचेंगे मुझे पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य पाने के लिए बहुत कुछ खोना पड़ता है, जितना आप नहीं सोच सकते उससे भी ज्यादा। बहुत कुछ खोना पड़ता है। आप बस अपने लक्ष्य पर ध्यान रखियेगा।

### वही लोग आगे बढ़ते, जो गिर कर सीखते, खड़े होते

कल्पना सोरेन ने कहा कि पहिया एक नहीं होता। गाड़ी चलने के लिए भी दो चाहिए। सिर्फ महिलाओं के विकास से नहीं होगा। सभी वर्ग का विकास करना होगा। अपने गोल को आप जो बनना चाहें, जो करना चाहें जरूर कीजिए। आप हारेंगे, लेकिन डरना नहीं है। ऐसे हजारों लोगों की कहानी है, जो कामयाब हैं। लोगों ने गिर-गिर कर सीखा है। आप जो हासिल करना चाहते हैं, इसके लिए खूब मेहनत करनी पड़ती है। कल्पना सोरेन ने एक किसान के उदाहरण से समझाया कि आप जो प्लेट में सब्जी खाते हैं, उसके लिए किसान कितनी मेहनत करता है। खेत तैयार करता है, पानी देना है। मेहनत करता है। यहां सिर्फ अपना आत्मविश्वास कभी मत खोइयेगा। जब लगे कि जीवन में सब कुछ खत्म हो रहा तब आपका आत्मविश्वास ही आपको बचायेगा। आप कुछ भी बन जाइये, आप अपना आत्मविश्वास मत खोइयेगा।

### लिंगराज मंदिर का किया दर्शन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने भुवनेश्वर स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक लिंगराज मंदिर का दर्शन किया। दोनों ने पूरे विधि-विधान से भगवान त्रिभुवनेश्वर (शिव) की पूजा-अर्चना की। झारखंड और झारखंड वासियों की प्रगति, सुख -शांति- समृद्धि, खुशहाली और स्वस्थ जीवन की कामना की।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,300 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो



# खड़गे की फिसली जुबान से कांग्रेस को बड़ा नुकसान

## ■ पीएम मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी से गरमायी सियासत

## ■ कर्नाटक में बदलेगा सियासी माहौल, देश के दूसरे हिस्सों में भी होगा असर

**कर्नाटक में आगामी 10 मई को होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने पीएम मोदी को जहरीला सांप कह दिया। खड़गे यहीं नहीं रुके। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि आप इस जहरीले सांप को छुएंगे, तो आपकी मौत निश्चित है। यह पहली बार नहीं है, जब खड़गे की जुबान फिसली है। गुजरात चुनाव में भी उन्होंने पीएम मोदी की तुलना रावण से की थी। इससे पहले 'मौत का सौदागर' से लेकर 'नीच' और 'कायर' से लेकर 'औकात दिखा देंगे' तक के बयान कांग्रेसी नेताओं द्वारा पीएम मोदी के लिए दिये जा चुके हैं। हालांकि हर बार इस तरह की बदजुबानी का चुनावी हथियार कांग्रेस के लिए भोथरा साबित हो चुका है। दूसरी तरफ हर बार भाजपा ने इसे अपने लिए अचूक हथियार बना लिया। इस बार खड़गे की जुबान कर्नाटक चुनाव से पहले फिसली है, तो भाजपा ने एक बार फिर इसे अपना हथियार बना लिया है। हालांकि खड़गे ने अपनी टिप्पणी वापस ले ली है, लेकिन उनके बयान से कांग्रेस को जितना नुकसान पहुंचना था, पहुंच चुका है। कर्नाटक में अब तक रक्षात्मक मुद्रा में दिख रही भाजपा इस बयान के बाद अचानक से हमलावर हो गयी है और उसने कांग्रेस को रक्षात्मक रुख अपनाने पर मजबूर कर दिया है। खड़गे के बयान के राजनीतिक असर का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

चुनाव हो या सामान्य दिन, कांग्रेस का कोई न कोई नेता भारतीय जनता पार्टी या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोई न कोई मुद्दा दे ही देता है। गुजरात की तरह कर्नाटक विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर भाजपा को मुद्दा दिया है। बयान देते समय वह भूल गये कि उनका यह बयान कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की मुश्किलें बढ़ा सकता है। यह हकीकत है कि कांग्रेस नेताओं ने जब-जब पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान दिया है, तब-तब पार्टी की मुश्किलें बढ़ी हैं। कर्नाटक के कलबुर्गी में एक चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि पीएम मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं। यदि आप इसे चाटते हैं, तो आप मारे जायेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष का यह बयान कर्नाटक चुनाव में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है।

खड़गे के विवादित बयान के बाद सियासी गलियारे में चुनाव का गुणा-गणित निकाला जा रहा है, क्योंकि पहले भी विवादित बयानों ने चुनाव में हार-जीत तय करने में बड़ी भूमिका निभायी है। भारत की राजनीति में पिछले 16 सालों में चार चुनाव में विवादित टिप्पणी ने जीत-हार तय करने में बड़ी भूमिका निभायी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या कर्नाटक चुनाव में खड़गे का बयान कांग्रेस को नुकसान पहुंचायेगा।

### जब जुबान फिसलने के कारण वाजपेयी हार गये थे चुनाव

साल था 1962 और देश में तीसरे आम चुनाव की घोषणा हो गयी थी। जनसंघ के टिकट पर उत्तरप्रदेश के बलरामपुर से अटल बिहारी वाजपेयी मैदान में थे। वाजपेयी 1957 में इस सीट से कांग्रेस के हैदर हुसैन को हरा चुके थे। जवाहर लाल नेहरू ने वाजपेयी को हराने के लिए सुभद्रा जोशी को मैदान में उतार दिया। जोशी बलरामपुर में सक्रिय हो गयीं और गली-गली प्रचार करने लगीं। जोशी क्षेत्र में बारहों मास, तीसो दिन (12 महीने और 30 दिन) सेवा करने का संकल्प ले रही थीं। सुभद्रा जोशी पर पलटवार के दौरान ही वाजपेयी की जुबान फिसल गयी और उन्होंने कह दिया कि महिलाएं महीने में कुछ दिन सेवा नहीं कर सकती हैं, फिर सुभद्रा जी कैसे हमेशा यहां सेवा करने का दावा कर रही हैं। जोशी और कांग्रेस ने इसे महिला अपमान से जोड़ दिया। वाजपेयी सफाई देते रहे, लेकिन कांग्रेस इसे मुद्दा बनाने में सफल रही। चुनाव के जब नतीजे आये, तो अटल बिहारी 2057 वोटों से चुनाव हार चुके थे। हालांकि, 1967 के चुनाव में वाजपेयी ने सुभद्रा जोशी को भारी मतों से हराया था।

### क्या मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर लिया सेल्फ गोल

जानकारों का मानना है कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने ऐसा बयान देकर सेल्फ गोल ही किया है। कांग्रेस का हर विवादित बयान भाजपा के लिए फायदे का सौदा होता है।'चौकीदार चोर है' से लेकर अडाणी-अंबानी मुद्दे तक, जब भी कांग्रेस ने ऐसे बयान दिये हैं, भाजपा को चुनावी फायदा मिल जाता है। यह चुनाव के लिए अहम मोड़ भी साबित हो सकता है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कहा जा रहा है कि कांग्रेस भाजपा पर बढ़त बना चुकी है। लेकिन अति उत्साह में कांग्रेस नेता यह भूल गये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमलों के बाद कांग्रेस को कभी फायदा नहीं हुआ।

### इस तरह की भाषा कांग्रेस की नहीं हो सकती

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के नेताओं की बदजुबानी पार्टी का संस्कार नहीं है। महात्मा गांधी से लेकर जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की कांग्रेस ने कभी किसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उस दौर में कांग्रेस ही नहीं, तमाम राजनीतिक दल अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कुछ भी बोलते समय इस बात का पूरा ध्यान रखते थे कि इससे किसी की व्यक्तिगत छवि को नुकसान नहीं पहुंचे। लेकिन आज कांग्रेस के नेता उस महान परंपरा को भूल कर अक्सर बदजुबानी पर उतर जा रहे हैं, जिसका नुकसान पार्टी को ही उठाना पड़ता है।

### कांग्रेस से हो गयी है बड़ी चुनावी गलती

कर्नाटक में पीएम मोदी के खिलाफ खड़गे के बयान से कांग्रेस को चुनावी घाटा हो सकता है। यह बयान कर्नाटक चुनाव में एक महत्वपूर्ण मोड़ होगा। कर्नाटक के लोग किसी के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणियों को स्वीकार नहीं करते हैं। पीएम मोदी की तो बात ही कुछ और है। कांग्रेस अध्यक्ष भले ही बयान वापस ले चुके हैं, लेकिन यह चूक उनकी मुश्किलें बढ़ा सकती है।

### भाजपा को मिल गया ब्रह्मास्त्र

बहरहाल, खड़गे के बयान के बाद भावना का 'ब्रह्मास्त्र' भाजपा ने चल दिया है। मौका कांग्रेस ने दिया है या कि मौका भाजपा ने ढूंढ़ लिया है, इस पर दो मत हो सकते हैं। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को एक संपूर्ण पैकेज के रूप में मतदाताओं के समक्ष परोसा जा चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को भाजपा ने प्रधानमंत्री और देश के अपमान से जोड़ा है। पार्टी बतौर अध्यक्ष खड़गे के 'रावण' और सोनिया गांधी के 'मौत का सौदागर'वाले बयानों की याद भी दिला रही है। इन बयानों को 2007 और 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए 'फलदायी'और स्वयं कांग्रेस के लिए 'आत्मघाती' साबित होना बताया जाता रहा है।

ऐसे में यह सवाल बड़ा हो जाता है कि क्या मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान एक बार फिर 2022 के विधानसभा चुनाव में निर्णायक साबित होगा? क्या इस बयान से भाजपा को फायदा और कांग्रेस को नुकसान होगा? कई राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं कि अगर कांग्रेस नेताओं ने 'आत्मघाती बयान' नहीं दिये होते, तो कर्नाटक में कांग्रेस कुछ और आगे होती। खुद भाजपा के नेता भी ऐसा ही दावा करते हैं।

बहरहाल, खड़गे का यह बयान कांग्रेस के लिए कितना नुकसानदायक होगा, यह बहुत कुछ प्रधानमंत्री के पलटवार पर निर्भर करेगा। प्रधानमंत्री 29 अप्रैल को बेलगावी से चुनावी शंखनाद करेंगे।



# विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय जनसंवाद कार्यक्रम है मन की बात : दीपक प्रकाश

**झारखंड में 9000 स्थानों पर आयोजित है मन की बात कार्यक्रम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जनता से सीधा संवाद विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय गैर राजनीतिक संवाद कार्यक्रम है। उक्त बातें श्री प्रकाश शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस से कहीं। उन्होंने कहा कि देश के प्रभावशाली व्यक्तित्व, विचार, संस्कृति, संस्कार, प्रगति को संवाद के माध्यम से दुनिया के सामने लाने का अनूठा कार्यक्रम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 अक्टूबर 2014 को विजयादशमी पर्व के शुभ अवसर पर प्रारंभ किया। निर्विघ्न रूप से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आगे बढ़ता यह कार्यक्रम आगामी 30 अप्रैल रविवार को अपना 100 वें संस्करण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता इसे महोत्सव के रूप में मनायेगी। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम विश्व रिकॉर्ड बनायेगा।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सभी वर्ग, समाज, जाति, समुदाय, संप्रदाय के लोग शामिल होंगे। साथ ही इस कार्यक्रम में अलग अलग स्थानों पर ग्राम पंचायत से लेकर विधानसभा और संसद के लिए निर्वाचित जनप्रतिनिधि, पूर्व प्रतिनिधि, पार्टी के बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में निर्धारित स्थानों, बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।




### 100 वें संस्करण की पूर्व संध्या पर झारखंड में 29 की शाम मनेगा दीपोत्सव

**प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं में उत्साह है। लोग प्रधानमंत्री जी को सुनने का बेसब्री से इंतजार कर रहे। 29 की शाम पार्टी द्वारा सभी जिला मुख्यालयों में दीपोत्सव मनाया जायेगा। लोग दीप जलाकर 100वें संस्करण का स्वागत करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रभात फेरी कार्यक्रम भी आयोजित है। सभी जिलों में दीवाल लेखन कार्यक्रम भी पार्टी द्वारा चलाया जा रहा है।**

उन्होंने कहा कि पूरे देश में 3.50लाख बूथों पर 3.50करोड़ लोग शामिल होंगे। झारखंड के संदर्भ में उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100 स्थान के हिसाब से 81 विधानसभा में 8100 स्थानों के अतिरिक्त 900 विशेष स्थान भी निर्धारित हैं । झारखंड में कुल 9000 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें समाज के अलग अलग वर्ग समूह डॉक्टर्स,वकील,प्राध्यापक, सीए, सीएस, मजदूर, छात्र सभी सुनेंगे।

झारखंड भी 6 कार्यक्रमों में बना मन की बात का हिस्सा जिसमें भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू की चर्चा, खरसावां के हल्दी उत्पादन की चर्चा, बुंडू के बांस से बने उत्पादों की चर्चा, खिलौनों की चर्चा सहित सरायकेला खरसावां के महिला द्वारा किये गये अंगदान की चर्चा, जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।

### प्रमुख नेतागण होंगे शामिल

बताया कि वे स्वयं महिलौंग के 194 बूथ के कार्यक्रम में शामिल होंगे जबकि नेता विधायक दल पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गिरिडीह के धनवार में, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बर्मा माइंस जमशेदपुर में, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी हिनू में, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह धनबाद में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 23 पर कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस मौके पर प्रदेश मंत्री एवं मन की बात कार्यक्रम के संयोजक सुबोध सिंह गुड्डू, प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव भी मौजूद थे।

# 1000 लोगों के साथ सुनेंगे मन की बात : रमेश सिंह

**केंद्रीय महासचिव आशा लकड़ा भी रहेंगी मौजूद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपिसोड का प्रसारण 30 अप्रैल को किया जायेगा। पूरे देश सहित झारखंड में भी इसका रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसे लेकर राज्यभर में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं। वहीं शहर के बिरला मैदान के समीप इंद्रपुरी मंदिर में 23 नंबर बूथ के लोग भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह के नेतृत्व में 1000 लोगों का विशाल समूह प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनेंगे। सिंह ने बताया कि पूरे क्षेत्र के लोग कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर आमंत्रित किया गया है। वहीं इस दौरान पार्टी की केंद्रीय महासचिव आशा लकड़ा भी मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोग बेहद उत्साहित हैं। सिंह ने बताया कि ऐसा देखा गया है कि 'मन की बात' कार्यक्रम में श्रोताओं की संख्या बढ़ती ही गयी है। अब तक 100 करोड़ लोग इस प्रसारण को कम से कम एक बार जरूर सुन चुके हैं, जबकि 23 करोड़ लोग इसे नियमित तौर पर सुनते हैं।

# 100 बुजुर्गों के साथ सुनी जायेगी मन की बात : जैलेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण को लेकर राज्यभर के भाजपा नेता और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं। इसी क्रम में राजधानी रांची से सटे गेतलसूद के दिशा पंचायत में भाजपा के पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र के 100 बुजुर्ग लोग प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनेंगे। जैलेंद्र कुमार ने बताया कि इसे लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकीं हैं। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए मंच बनाया गया है साथ ही लोगों की सुविधा के लिए एलइडी स्क्रीन भी लगायी गयी हैं। वहीं कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के बुजुर्गों में काफी उत्साह है।

# मन की बात के 100वें संस्करण को उत्सव के रूप में सुनें : संजय सेठ




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण को लेकर रांची के सांसद संजय सेठ ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को जरूर सुनें। इस दिन को एक उत्सव के रूप मे मनायें। इसके लिए सांसद ने राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे 76 संगठनों का सहयोग लिया है। ये संगठन सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और धार्मिक क्षेत्रों में सक्रिय हैं। सांसद ने इस मौके पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात महज एक संवाद नहीं, बल्कि गागर में सागर भरनेवाला कार्यक्रम है। इसमें वे आधे घंटे सीधे देश की जनता के साथ जुड़ते हैं, उनका हालचाल लेते हैं और उन्हें प्रेरणा देते हैं। सांसद ने कहा कि यह कार्यक्रम कोई राजनीतिक नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का कार्यक्रम है। कभी कोरोना काल में सेवा देनेवाले लोगों के बीच, कभी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी बच्चों के बीच, कभी बेहतर परिणाम देनेवालों के बीच, कभी उद्योग, उद्यम और कला के क्षेत्र में परिवर्तन लानेवालों के साथ संवाद स्थापित करते हैं। देश की संस्कृति, लोक परंपरा, भाषा और पर्व-त्योहारों से अवगत कराते हैं। यह देश को जोड़ने में सहायक साबित हुआ है। संजय सेठ 30 अप्रैल को रातू के चटकपुर गांव में ग्रामीणों के साथ ये कार्यक्रम सुनेंगे। प्रेस वार्ता में माहेश्वरी सभा, मारवाड़ी युवा मंच, महानगर दुर्गा पूजा समिति, गुजराती समाज, पंजाबी हिंदू बिरादरी, सृजन साहित्यिक मंच, महिला साहित्य मंच, यंग इंडिया समेत कई संगठनों के लोग मौजूद रहे।

# मांडर : सभी पंचायतों में सुनी जायेगी मन की बात, बनाये गये 73 सेंटर : सन्नी टोप्पो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आगामी 30 अप्रैल को रेडियो पर प्रसारित होने वाले मन की बात के 100वें एपिसोड को यादगार बनाने की तैयारी जहां पूरे प्रदेश में चल रही है। वहीं इसके लिए पंचायत और बूथ स्तर पर भी नेताओं ने कमर कस ली है और रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। मांडर विधानसभा क्षेत्र में युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में 73 सेंटरों पर प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना जायेगा। टोप्पो ने बताया की इसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हर सेंटर पर टीवी और लोगों के बैठने की व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.2 °c | 21.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.15 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.19 बजे |



**कार्यक्रम : ओड़िशा में 30 हजार से ज्यादा आदिवासी बच्चे- बच्चियों से मिले मुख्यमंत्री**

# मैं यहां के बच्चों से सीखने आया हूं : हेमंत सोरेन

**केआइआइटी यूनिवर्सिटी के आमंत्रण पर आयोजित समारोह में शामिल हुए, कहा-देश और राज्य का मान यहां के बच्चे बढ़ायेंगे**

**केआइआइटी एवं के आइएसएस यूनिवर्सिटी झारखंड के बच्चों का भी मार्गदर्शन करे, हम मिलकर कार्य करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सभी की सोच से अलग कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के फाउंडर डॉ अच्युत सामंता ने हजारों गरीब और आदिवासी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का काम किया है, उनका यह प्रयास सराहनीय है। हमारे राज्य में भी सामंता आयें और झारखंड के नौनिहालों को मार्गदर्शन दें। यहां के आदिवासी बच्चों के लिए कैसे विकास की पटरी पर चलने का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। इस पर हम मिलकर कार्य करें। यहां आने वाली पीढ़ी बैठी है। अपना उज्जवल भविष्य पकड़ने के लिए। किसी भी समाज का विकास तभी संभव है। जब वह पढ़- लिखकर अपने परिवार और समाज तक शिक्षा का विस्तार कर सके। इसके लिए कार्य करना होगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहीं। मुख्यमंत्री ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के समारोह में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में हम कैसे बेहतर कर सकें। यह जानने और हजारों की संख्या में बैठे बच्चों से सीखने आज मैं यहां आया हूं। इसके साथ अच्छी चीजों को अपनाना चाहिए। आज संस्था के लिए कुछ तो मैं ला नहीं सका। लेकिन, मैं अपने एक माह का वेतन इस संस्थान को दूंगा।



### आदिवासी बच्चे विदेशों में उच्च शिक्षा ले रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा आज यह मंच हमें बहुत कुछ सोचने पर विवश करता है। बड़ी मुश्किल से आदिवासी समाज से आने वाला एक आदिवासी राज्य के सिर्फ पद पर पहुंचता है। 2019 दिसंबर से राज्य के विकास के लिए कार्य करने का अवसर मिला। लेकिन कोरोना संक्रमण काल में विकास की गति को कुछ समय के लिए रोक दिया। इसके बाद जब जीवन सामान्य हुआ तो झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में काम करने का मौका मिला। कई चीजों को हम लोगों ने बड़ी तेजी से आगे बढ़ाया है। देश में झारखंड पहला राज्य है, जहां आदिवासी के बच्चों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान किया जाता है। मन में तसल्ली होती है कि जो समाज स्कूल से शिक्षा पाने के लिए तरसता है। उसे विदेशों में उच्च शिक्षा मिल रही है। राज्य के बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में आने वाले खर्च का वहन राज्य सरकार करेगी, इससे संबंधित कानून भी सरकार ने बनाया है।

**झारखंड में नयी यात्रा की शुरुआत होगी : मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि भुवनेश्वर के इस यूनिवर्सिटी का नाम हम लोग वर्षों से सुनते आये थे। हमें लगता था कि यह संस्थान छोटे से जगह में बच्चों को शिक्षा दे रहे होंगे। लेकिन यहां आकर पता चला। यह तो साम्राज्य है। जिन्होंने इस यूनिवर्सिटी की स्थापना की उस पर जरूर भगवान की कृपा रही होगी। मुख्यमंत्री का काफी प्रयास है कि इस तरह की संस्थान का निर्माण झारखंड में भी हो। इसके लिए हम आपके बीच आये हैं। मुझे उम्मीद है कि उनकी यात्रा एक नयी दुनिया की शुरुआत झारखंड में होगी।

### सबसे बड़ा आदिवासी संस्थान

मालूम हो कि इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस पूरे विश्व में सबसे बड़ा आदिवासी संस्थान है, जिसे 1992-93 में डॉ अच्युत सामंता द्वारा शुरू किया गया था। इस संस्थान में देश भर के वंचित आदिवासी वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के साथ- साथ रोजगारपरक बनाया जाता है। वर्तमान में यहां करीब 40 हजार आदिवासी बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाती है, जिसमें अधिकतर बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करती हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री की धर्म पत्नी कल्पना सोरेन, केआइआइटी एवं के आइएसएस यूनिवर्सिटी के फाउंडर डॉ अच्युत सामंता, मुख्यमंत्री के प्रधान आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित थे।

(संबंधित फोटो पेज 12 पर भी)

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।
- **वृष** – प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।
- **मिथुन** – व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा।
- **कर्क** – अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।
- **सिंह** – धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।
- **कन्या** – संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा।
- **तुला** – कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।
- **वृश्चिक** – जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी
- **धनु** – सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।
- **मकर** – कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।
- **कुंभ** – जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी।
- **मीन** – कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

# भुईंहर मुंडा को एसटी की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है : आलमगीर

**छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों में भुईंहर मुंडा को आधिकारिक रूप से अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त : बंधु तिर्की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि भुईंहर मुंडा को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए राज्य सरकार पूरी तरीके से सहमत है। इस संबंध में सरकार ने अपनी अनुशंसा केंद्र सरकार को भेज दी है। केंद्र की सहमति मिलने के बाद भुईंहर मुंडा को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दे दिया जायेगा। ये बातें मंत्री ने मोरहाबादी मैदान के संगम गार्डेन में आयोजित भुईंहर मुंडा अनुसूचित जनजाति सम्मेलन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि न केवल आरक्षण, बल्कि अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में भुईंहर मुंडा जनजाति समुदाय के लोग असमर्थ हैं। क्योंकि आधिकारिक रूप से उन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की पूरी जानकारी है कि भुईंहर मुंडा, मुंडा जनजाति की पहली उपजाति है, लेकिन झारखंड गठन के बाद प्रशासनिक स्तर पर हुई त्रुटियों के कारण उन्हें अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) का दर्जा दिया गया। पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि एक साजिश के तहत अनुसूचित जनजाति की आबादी को सांख्यिकी रूप से कम करके दिखाने के लिए इस तरह की गड़बड़ियां की जाती हैं, जिसमें ऊपर से तो लगता है कि यह प्रशासनिक स्तर पर त्रुटि है या लिपिकीय भूल है। लेकिन वास्तव में इसकी पृष्ठभूमि में गहरी साजिश होती है और प्रयास जमीन लूटने का भी होता है। तिर्की ने कहा कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों में भुईंहर मुंडा को आधिकारिक रूप से अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है।


मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि यदि आदिवासियों की आधारभूत और जमीनी समस्याओं पर अविलंब ध्यान नहीं दिया गया, उनकी परेशानियों को दूर नहीं किया गया, तो स्थिति बहुत जटिल हो जायेगी। इसका खामियाजा न केवल अनुसूचित जनजाति, बल्कि पूरे झारखंड को उठाना पड़ेगा। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आये सत्यप्रकाश मुंडा, शिरील टोप्पो, सोहरई मुंडा, मनीराम भुईंहर, रामसकल भुईंहर, सागर पाहन, जॉनसन मुंडा, बासीर मुंडा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# जंगल में सूखी लकड़ी चुनने गयी महिला की आइइडी बम की चपेट में आने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के कोल्हान जंगल के इलाके में आइइडी की चपेट में आने से एक और ग्रामीण महिला की मौत हो गयी है। महिला का नाम गांगी सुरीन है। घटना शुक्रवार की सुबह घटी, जब महिला जलावन के लिए सूखी लकड़ी चुनने जंगल गयी थी। अचानक उसका पैर आइइडी पर पड़ा और जोरदार धमाका हुआ।

आइइडी बम की चपेट में ऐसे कई गांव हैं और इन गांवों में रहने वाले लोगों की जिंदगी को खतरा है। घटना गोइलकेरा थाना क्षेत्र के जाहेरगड़ा के पास जंगल के रास्ते में हुई। इस इलाके में नक्सलियों ने जंगल के रास्ते पर कई आइइडी बम बिछा रखे हैं। लकड़ी चुनने जा रही वृद्ध महिला पाताहातु गांव की है। पुलिस इस पूरे इलाके में अब सर्च अभियान चला रही है। इन रास्तों पर बिछे आइइडी बम की चपेट में कोई दूसरा ग्रामीण ना आये, इसकी भी कोशिश की जा रही है। कोल्हान जंगल के कई गांवों के घरों के 100 मीटर के दायरे में आइइडी बिछी है। ऐसे में उनका घर से बाहर निकलना, जंगल में रहते हुए जलावन के लिए सूखी लकड़ी चुनना मुश्किल हो रहा है। पिछले पांच महीनों में कोल्हान इलाके में छह ग्रामीणों की मौत हो गयी।



# अब पत्नी के सुर में सुर मिला सकता है वायरल महिला का पति: सरयू राय

**पुलिस मूकदर्शक रही और थार जीप पर हो गया समझौता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री गुप्ता का कथित अश्लील वीडियो विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। चैट मामले में विधायक सरयू राय रोज कुछ न कुछ नये खुलासे कर रहे हैं। सरयू राय ने ट्वीट कर कहा है कि बन्ना गुप्ता के साथ वीडियो चैट वाली वायरल महिला का पति



महिंद्रा थार (जीप) लेकर पत्नी के सुर में सुर मिला सकता है।

बन्ना गुप्ता के दिये गये उपनाम गोपीचंद जासूस को स्वीकार करते हुए सरयू ने ट्विटर पर लिखा है कि गोपीचंद जासूस की खबरः चार दिन की मशक्कत के बाद बहुराष्ट्रीय दवा निर्माता कंपनी का एमआर मान गया। बन्ना गुप्ता-महिला अश्लील वीडियो चैट मामले में कंपनी का एमआर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्नी के सुर में सुर मिला सकता है। दबाव में ही सही, थार जीप पर परिवार तो एक हुआ। पुलिस मूकदर्शक रही।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के वायरल वीडियो के बाद वीडियो में शामिल महिला ने एक वीडियो बनाया, जिसमें वह अपने आप को बेकसूर बता रही है। महिला का कहना है कि वीडियो में उसकी तस्वीर का गलत इस्तेमाल किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बन्ना गुप्ता ने महिला की बातों का समर्थन किया और कहा कि वह आरोपित नहीं, बल्कि एक पीड़ित महिला है। बन्ना गुप्ता ने पूरे मामले को लेकर पूर्व मंत्री सरयू राय को जिम्मेदार ठहराया और उन्हें गोपीचंद जासूस की संज्ञा दी।

# अबुआ राज की बात करनेवाली सरकार की मंशा बबुआ राज स्थापित करने की : भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि अबुआ राज की बात करने वाली सरकार की असल मंशा बबुआ राज स्थापित करने की है। उन्होंने कहा कि सरकार निर्वाचित प्रतिनिधियों का अधिकार छीन कर अफसर राज स्थापित करने में जुटी हुई है। पंचायत प्रतिनिधियों को लेकर भी इन्होंने यही किया और अब



निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों को लेकर भी यही हुआ। भगत शुक्रवार को रांची स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रथम कैबिनेट में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ों को आरक्षण सुनिश्चित करने का दंभ भरनेवाली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को भी दरकिनार कर दिया। आजसू पार्टी द्वारा दायर की गयी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से सरकार को यह आदेश दिया कि निकाय चुनाव से पहले राज्य में ट्रिपल टेस्ट सुनिश्चित हो। इसके बावजूद सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। यह समझ से परे है। दरअसल सरकार ने कभी भी इस विषय पर गंभीरता नहीं दिखायी, जिसका खामियाजा राज्य की बड़ी आबादी को भुगतना पड़ रहा है। 30 अप्रैल को होनेवाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ भगत ने कहा कि सामाजिक न्याय मार्च में राज्य के कोने-कोने से हजारों कार्यकर्ता रांची कूच करेंगे तथा बापू वाटिका, मोरहाबादी से हरमू मैदान तक पैदल मार्च करेंगे।

## पांच टन ढिबरा लदा 709 वाहन जब्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** वन विभाग की टीम ने रेंजर के नेतृत्व में गुरुवार की देर रात ढिबरा लदा 709 वाहन को जब्त किया है। विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लोकाई गांव के पास से उक्त वाहन को जप्त किया गया। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गयी। सूचना पर उक्त 709 वाहन को जप्त कर लिया गया। इस दौरान वाहन चालक व मजदूर गाड़ी को छोडकर भागने में सफल रहे। जिसके बाद वाहन को जब्त करके वन परिसर लाया गया। 709 वाहन में 5 टन ढिबरा लोड था। जिसकी कीमत उसकी लगभ एक लाख रुपया से ज्यादा है। मौके पर वनरक्षी छत्रपति शिवाजी, किशोर यादव, गोपाल यादव, शंकर महतो आदि मौजूद थे।

## अनुबंध के सहायक प्राध्यापकों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के कैबिनेट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के स्नातकोतर विभाग और अंगीभूत महाविद्यालय में स्वीकृत पद पर अनुबंध पर कार्यरत सहायक प्राध्यापकों का मानदेय यूजीसी ग्रेड के अनुरूप द्वारा पास किया गया। इस अवसर पर झारखंड सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ (जेजे कालेज इकाई) के अध्यक्ष प्रो राम स्वरूप यादव, उपाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार, डॉ संतोष कुमार व सचिव डॉ दीपक कुमार और सभी शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को से धन्यवाद तथा बधाई दिया। राज्य स्तरीय संघ के सदस्यों द्वारा कैबिनेट के उपरांत ही गुलदस्ता अध्यक्ष द्वारा व झारखंडी गमछा प्रो अनिमेष गौतम द्वारा मिलकर मुख्यमंत्री को दे कर धन्यवाद दिया। साथ ही संघ ने शिक्षकों की समस्या को रखा तथा अनुबंधित सहायक प्राध्यापक का सेवा समायोजन कर देने की बात रखी। मुख्यमंत्री ने कहा समायोजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री को ग्रेड पे अनुरूप मानदेय देने के बधाई देने वालो में डॉ राजेश कुमार, डॉ आशुतोष महतो, डॉ दीपक कुमार, डॉ मुकेश कुमार, डॉ सुखदेव यादव, प्रो अनिमेष गौतम, प्रो पवन कुमार, डॉ नेहा गुप्ता, डॉ रिंकी कुमारी और डॉ रितु राज इत्यादि लोग थे।

## स्कूल में बच्चों को लगाया रुबेला टीका




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में रुबेला टीकाकरण अभियान के तहत बच्चों को टीका लगाया गया। यह टीका बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए दिया जा रहा है, जिसके लिए अभिभावकों से पूर्व सहमति ली गई। विद्यालय द्वारा टीकाकरण के लिए सदर अस्पताल के चिकित्साकर्मियों की टीम ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों के टीकाकरण का कार्य प्रारंभ किया। डॉ मनोज और डीपीएम विनीत कुमार की देख-रेख में इस टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य निखर कुमार, सीईओ एके लाल तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## होम इनसेमिनेशन की सुविधा अब हर जगह: चंदन




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** एक बिजनेस आइडिया है शार्क टैंक के सीजन 2 में फंडिंग प्राप्त कंपनी की एजेंसी का। सुभाग हैल्थटेक एक इनफर्टिलिटी इंडस्ट्री में नया नाम है और यह अपने प्रोडक्ट के जरिये घर पर ही होम इनसेमिनेशन की प्रक्रिया करने का प्रोडक्ट बनाती है। मतलब कि ऐसे दंपति जो फर्टिलिटी हॉस्पिटल में जाने में झिझकते हैं, वो इसे घर पर ही कर सकते हैं। वो भी बहुत ही काम खर्चे में, जिसकी बाजार में काफी नाम और भरोसा है। सुभाग कंपनी के चंदन प्रसाद ने बताया कि इसकी डीलरशिप लेना काफी आसान है, मगर डीलरशिप लेने के पहले आप कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखे। किसी भी व्यवसाय को शुरू करने से पहले आप मार्केट रिसर्च कर ले, क्या आप जो बिजनेस करने जा रहे है उसकी बाजार में जरूरत है भी की नहीं? मार्केट रिसर्च के बाद आपको अपने प्रोडक्ट की अच्छी जानकारी हो जायेगी। उन्होंने बताया कि आप यह देख ले की आपको इससे होलसेल करना चाहते है या फिर रिटेलर बनना चाहते है। इसके बाद ही डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदन करे। मार्केट रिसर्च के बाद आपको अपने प्रोडक्ट की अच्छी जानकारी हो जायेगी। सुभाग की डीलरशिप लेने के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए। बाद एक गोदाम, प्रोडक्ट स्टोर करने के लिए जगह होनी चाहिए। कुल मिलाकर एक हजार वर्ग फीट के आसपास की जगह होनी चाहिए।

## झारखंड राज्य महिला समाज का जिला सम्मेलन 28 को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य महिला समाज जिला इकाई कोडरमा का जिला सम्मेलन 29 अप्रैल दिन शनिवार को साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में की जायेगी। सम्मेलन में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बढ़ते हुए दुष्कर्म जैसी घटनाएं, दहेज प्रथा, संगठन मजबूती पर चर्चा और कमेटी का विस्तार किया जायेगा। सम्मेलन में मुख्य वक्ता भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष और महिला नेत्री सोनिया देवी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। जिलेभर से सैकड़ों महिलाएं इसमें भाग लेंगी।

## अश्लील कमेंट करने के कारण हुई थी सैलून दुकानदार की हत्या

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला अंतर्गत सतगावां पुलिस ने मनोज शर्मा हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी छोटू राय को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जानकारी देते हुए सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने बताया कि 21 अप्रैल की रात्रि को माधोपुर पुल के समीप धरमपुर निवासी मनोज शर्मा की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। कोडरमा एसपी के निर्देश पर गठित टीम ने मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या में शामिल छोटू राय को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि मृतक आरोपी पर हमेशा अश्लील कमेंट करता था, क्योंकि आरोपी का बच्चा नही है। इस वजह से उसके साथ अश्लील कमेंट किया करता था। आरोपी मृतक के दुकान में ही काम करता था। बताया जा रहा है कि छोटू राय को दिल्ली पुलिस ने भी हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया था। करीब तीन वर्ष जेल में रहने के बाद जमानत पर निकला था।

## भारतीय मानक ब्यूरो को लेकर परीक्षण कार्यक्रम संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआई एस) की ओर से शुक्रवार को भारतीय मानक ब्यूरो के संबंध में एक परीक्षण कार्यक्रम समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय मानक ब्यूरो, जमशेदपुर की ओर से संयुक्त निदेशक सुभाष चंद्र नायक (साइंटिस्ट-डी) के द्वारा समाहरणालय कर्मियों को बीआईसी व उसके कार्यों से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होने आईएसआई हॉलमार्क, ज्वैलरी हॉलमार्क, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया व विभिन्न उत्पादों के स्टैण्डर्ड संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मौके पर भारतीय मानक ब्यूरो से वैज्ञानिक-सई उप निदेशक अर्को साहा, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला शिक्षा अधीक्षक अलका जायसवाल, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव, जिला नियोजन पदाधिकारी मो. इमरान फारूकी, कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार जैसल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### शिक्षा राज्यमंत्री और जिप चेयरमैन ने 1 करोड़ 58 लाख की योजना का किया शिलान्यास

# पूरे लोकसभा क्षेत्र में हो रहा है तेजी से विकास कार्य : अन्नपूर्णा देवी

**क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हूं - उमेश मेहता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और जिला परिषद चेयरमैन उमेश मेहता ने शुक्रवार को 1 करोड़ 58 लाख की योजना का शिलान्यास किया। शिलान्यास इचाक प्रखंड के मध्य विद्यालय करियातपुर चंदा में 93 लाख और कल्याण गुरुकुल सिझुवा में 65.69 लाख के लागत से उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया गया। आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिलान्यास करवाया। इस दौरान शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा की पूरे लोक सभा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इसी कड़ी में कई विद्यालयों को भी विकसित करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि छात्र छात्राओं को गुणवता पूर्ण शिक्षा मिल सके। क्षेत्र का विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। लगातार क्षेत्र में योजनाओं का शिलान्यास होना विकास को दर्शाता है। जल्द क्षेत्र में कई और विकास योजनाओं को जमीन पर उतारा जायेगा। जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की क्षेत्र का विकास तभी होगा जब इस क्षेत्र में शिक्षा की व्यवस्था अच्छी हो। साथ ही कहा की क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हू। सड़क, भवन, पूल पुलिया समेत अन्य विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना है। इस दौरान कल्याण गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त कर रही छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत किया एवम गुरुकुल द्वारा पढ़ाए जा रहे स्किल डेवलपमेंट कोर्स की जानकारी दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, जीप सदस्य रेणु देवी, सांसद प्रखंड प्रतिनिधि भागवत मेहता, हरिहर मेहता, ओमप्रकाश मेहता, महेश साव, मुखिया निशु कुमारी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, पूर्व मुखिया डेग्नारायण मेहता, मनोज मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, सुभाष सोनी, सुधीर मेहता, रेनू कुमारी, संजय मेहता, रंजीत मेहता, मनोज मेहता, छोटेलाल मेहता, सुनील मेहता, दिनेश मेहता, मुनेंद्र मेहता, निर्मल कुमार मेहता, मिथलेश राम, जेपी मेहता, दिलीप शर्मा, नीरज कुमार, राकेश मेहता, बच्चन मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज ने मनाया सरहुल जतरा मेला

**समाज के युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को अक्षुन्न रखने की है जरूरतः रामदेव सिंह भोक्ता**

**आपकी धर्म और संस्कृति अद्भुत हैं, दुनिया आपकी कला संस्कृति का अमल करने को है आतुरः श्रद्धानन्द सिंह**

**सदर विधायक समाज को जल्द सामुदायिक भवन के लिए देंगे 10 लाख रुपए की सौगातः किशोरी राणा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के कटकमसांडी प्रखंड के उरीदिरी सरना स्थल पर शूक्रवार को खरवार भोक्ता आदिवासी समाज द्वारा 150 वां सरहुल जतरा मेला सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग के वरिष्ठ समाजसेवी सह आरएसएस के स्वयंसेवक श्रद्धानन्द सिंह, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्व जिप सदस्य विजय सिंह भोक्ता व खरवार भोक्ता विकास संघ के जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह भोक्ता, पूर्व जिप सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, कटकमसांडी भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, बाझा मुखिया धनेश्वरी देवी, मुखिया प्रतिनिधि झमन सिंह भोक्ता, पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, कटकमसांडी के युवा समाजसेवी पप्पू यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मंच का संचालन कृष्ण कुमार भोक्ता ने किया। कार्यकर्म को सफल बनाने में पूर्व जिप सदस्य विजय सिंह भोक्ता, कुलदीप सिंह भोक्ता, पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, विनोद सिंह भोक्ता, रामावतार सिंह भोक्ता, भुवनेश्वर सिंह भोक्ता, पियारी सिंह भोक्ता, परमेश्वर सिंह भोक्ता, गणेश सिंह भोक्ता, सूरज सिंह भोक्ता, शिव प्रसाद भोक्ता , झमन सिंह भोक्ता, सहित समाज के लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका देखी गई। मौके पर विशेषरुप से सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, प्रकाश झा, राजेश यादव, भजन साहब, राजेश ठाकुर, अनुराग मित्तल, मिथलेश राणा समेत कटकमसांडी गुरूडीह, सकरजा, डुमरी, नचले, शाहपुर, डाटो आदि दर्जनों गांव के अलावे चतरा जिले के हजारों खरवार भोक्ता व देशवारी समाज के लोग उपस्थित हुए ।

# सड़क दुर्घटना में पीड़ित की मदद करनेवाले होंगे सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई है। बैठक में सड़क सुरक्षा संमिति से संबंधित विभिन्न विभागों यथा पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार, शिक्षा विभाग, विद्युत, स्वास्थ्य, पुलिस, मोटरयान, सदर अंचल, अनुमण्डल कार्यालय सदर, बरही, सीसीएल, एनटीपीसी आदि विभागों के द्वारा सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए किये जा रहे कार्यों और प्रयासों की अद्यतन समीक्षा की गई। मौके पर पथ निर्माण की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि विभाग के माध्यम से निर्मित सभी 13 पथों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से साईनबोर्ड, पोट होल्स एवं किमी स्टोन आदि का भराव कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही एनएच-522 बगोदर-हजारीबाग पथ के 4-लेन बनाने की स्वीकृति भारत सरकार से मिल चुकी है तथा भूअर्जन का कार्य प्रगति पर है।

सरकार की पहल का फायदा दिलाने के लिए दुर्घटना प्रभावित व्यक्तिय को अस्पताल तक पहुंचाने वाले नेक व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए सिविल सर्जन को वैसे व्यक्तियों को चिन्हित कर सूची सौंपने का निर्देश दिया ताकि प्रावधान के अनुरूप नेक व्यक्तियों को पांच हजार की प्रोत्साहन राशि दिया जा सके। साथ ही इस सड़क हादसे के बाद गोल्डेन आवर में अस्पताल तक दुर्घटना प्रभावितों को पहुंचाने में मदद करने वाले नेक व्यक्तियों को प्रोत्साहन राशि मिलती है इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस विभाग को शराब पीकर वाहन चलाने वाले, ओवरस्पीड व जिकजैक ड्राईविंग, बिना हेलमेट वाहन चलाने व कम उम्र के नाबालिक वाहन चालाकें पर अंकुश लगाने के लिए विशेष चेकिंग व धरपकड़ अभियान तेज करने व प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर बरही, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सदर सहित संबंधितों विभागों के पदाधिकारी व समिति के सदस्य मौजूद थे।

# केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र का पुनर्गठन चुनाव संपन्न

**लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने सोहनलाल मेहता, कोषाध्यक्ष बने सबुर महतो, सचिव बनी गिनी वर्मा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव की पुनर्गठन चुनाव हरली विवाह मंडप में आयोजित किया गया, चुनाव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व उत्कृष्ट विधायक लोकनाथ महतो की अध्यक्षता और चुनाव आयोग अध्यक्ष पूर्व मुखिया महेंद्र महतो की देखरेख में में संपन्न हुई। चुनावी कार्यक्रम का संचालन पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद कुशवाहा और केशव नाथ के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी कुशवाहा मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया प्रतिनिधि गण और प्रबुद्ध समाज सेवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार, सोहनलाल मेहता, भिखन महतो, सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार लालमणी महतो, गिरी वर्मा, पवन कुमार, सेवंती कुमारी कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार शबूर महतो, तारकेश्वर प्रसाद ने अपना का नामांकन पत्र भरा। जिनमें तय समय सीमा के अंदर अनिरुद्ध कुमार ने अपना नाम वापस लिया और अन्य प्रत्याशी चुनाव में डटे रहे। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व विधायक महतो के द्वारा शपथ दिलाई गई। ज्ञात हो कि सोहनलाल मेहता अध्यक्ष एवं सबूर महतो कोषाध्यक्ष लगातार तीसरी बार बने हैं और गिनी वर्मा सुनीता देवी के जिला परिषद बनने के बाद बनी है।

मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, चुनाव आयोग अध्यक्ष महेन्द्र महतो, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया पारसनाथ महतो, जयनारायण प्रसाद, डॉ बालेश्वर महतो, प्रो. लालदेव महतो, मुकुटधारी महतो, रामसेवक, मुखिया सुलेखा कुमारी, विशेश्वर महतो, पंसस रमनिका कुमारी, कौशल्या देवी, कृतिनाथ महतो, उपेंद्र प्रसाद कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि अजीत प्रसाद, संदीप कुशवाहा, तपेश्वर कुमार तापस,संजय महतो, बालेश्वर महतो, केदार महतो, श्रीकांत निराला, अशोक महतो, कार्तिक महतो, खेमलाल महतो, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, बासमती कुमारी, रेखा कुमारी, सुरेश महतो समेत काफी संख्या में प्रखंड के सैकड़ो कुशवाहा बंधु उपस्थित थे।

## बिजली चोरी को लेकर मामला दर्ज

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनासो में बुधवार को बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया।जिसमे निगम के शीर्ष पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार बिजली चोरी के विरुद्ध एक छापेमारी दल का गठन किया गया। इस दौरान छापेमारी में कई व्यक्ति विजली बिल की राशि बकाया और अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े गए। जिसमें सभी बकायादार और अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे हैं लोगों का बिजली कनेक्शन डिस्कनेक्ट कर दिया गया है। वही इस छापेमारी दल में कनीय अभियंता कनु राम मुर्मू के अलावे अमित अनुज मिंज, संतोष कुमार पटेल, राकेश कुमार, गिरधारी महतो, प्रकाश महतो, राजू महतो, बालेश्वर महतो, विद्युत कर्मी शामिल थे ।अवैध रूप से विजली का उपयोग करते बनासो के धानी महतो पिता स्व0 हेमलाल महतो, गुरुचरण महतो पिता हेमलाल महतो, आरती शर्मा पति जयदेव शर्मा, संतोष कुमार पिता वासदेव कुमार, नरेश पासवान पिता स्व0 टिको पासवान, अरुण राज मेहता पिता जय नारायण महतो, खेलोचंद महतो पिता टिको महतो, दीपक साव पिता स्व0 टेकन साव, उमाशंकर पिता जितेंद्र महतो, मिभीलंश कुमार पांडेय पिता सुधीरचंद्र पांडेय, कृष्णा साव पिता डेगलाल साव, विजय कुमार पांडेय पिता रामेश्वर पांडेय खिलाफ विष्णुगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## लोधी में चयनित पोखर का जीर्णोद्धार शुरू



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** अमृत सरोवर योजना के तहत झरपो पंचायत अंतर्गत लोधी गांव में जोकाही पोखर के जीर्णोद्धार के लिए शिलान्यास किया गया। इस दौरान के सौंदर्यीकरण पर चर्चा की गयी। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मनरेगा योजना से अमृत सरोवर योजना के तहत करीब 2 लाख 99 हजार रुपये की लागत से जोकाही पोखर के जीर्णोद्धार का शिलान्यास बीडीओ शाईनी तिग्गा, जिप सदस्य रामप्रसाद, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, मुखिया शिबु प्रसाद सोनी सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, उपेंद्र पांडेय ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से पूजा अर्चना व नारियल तोडकर किया। बीडीओ शाईनी तिग्गा ने कहा कि जोकाही पोखर को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। इसका नामकरण अमृत सरोवर किया गया है। मुखिया ने कहा कि जल को अमृत कहा जाता है, इसलिए जल संचयन के लिए लोगों को प्रेरित करने का कार्य इस तालाब के माध्यम से होगा इसमें मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी मिलेगा, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी मो. अफरोज, पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद, जेई शशांक भूषण, रोजगार सेवक, मेट रेखा देवी, राजेंद्र प्रसाद, निर्मल प्रसाद, रवि यादव, केदार कुमार, बासुदेव महतो, सहित संतोष राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बाबा साहब की प्रतिमा का उद्घाटन



**पदमा (आजाद सिपाही)।** पदमा प्रखंड अंतर्गत अंबेडकर नगर सरैया पदमा में शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर आदम कद प्रतिमा अनावरण सह फूले, अंबेडकर संयुक्त जयंती समारोह कार्यक्रम का बड़े हर्शोर्लास के साथ आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष राजू रविदास के द्वारा हुई तथा मंच संचालन रोहित कुमार व राजकुमार रविदास ने की। यहां क्षेत्र के सैकड़ों ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद् तथा कई जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर अपने अपने विचार रखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्घटनकर्ता भंते जैनेंद्र कुमार तथागत और रामचंद्र राम डिविजनल मैनेजर केनरा बैंक रांची उपस्थित हुए। वही सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में महालिंग महेंद्र कुमार, डॉक्टर हीरा लाल रवि, अशोक कुमार प्रियादर्शी, जय प्रकाश राम, पदमा सीओ मोजाहिद अंसारी, पदमा जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, अशोक कुमार दास, डॉक्टर राजेश रंजन, डॉक्टर सतीश रंजन, डॉक्टर सतीश कुमार, गनोरी रबिदास, सन्तोष रबिदास, प्रकाश अंबेडकर, संजय रविदास, प्रकाश पासवान, अशोक वर्मा, संजय कुमार वही सम्मानित अतिथि के रूप में पदमा प्रमुख वीणा देवी, उपप्रमुख सतेंद्र राणा, पंचायत की मुखिया शांति देवी, पदमा मुखिया अनिल मेहता, पंस सदस्य सुशीला देवी,प्रयाग राम, जागो रविदास, नरेश रविदास, बिजय रबिदास, शंभु रबिदास, उमेश रबिदास, शिक्षक इंद्रदेव रविदास, उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता स्वर्गीय सियाराम महतो, डॉक्टर जयप्रकाश रविदास ने अपने विचार रखे।

## कलश यात्रा के साथ एकादशी उद्यापन का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम धवैया में कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय एकादशी उद्यापन को लेकर कलश यात्रा निकाला गया। कलश ग्राम धवैया से निकल सेवाने नदी तक गया जहां 51 कलश में जल उठा कर पुनः धवैया पहुंचा। पुजारी गोपाल सिंह धर्म पत्नी सुकन्या सिंह, मां शकुंतला देवी, आचार्य रामाकांत पंडित के द्वारा मंत्रोच्चारण कर जल उठाव किया गया। गोपाल सिंह ने बताया कि हमारी मां 12 वर्षों से एकादशी पूजा करते आ रही थी जो पूरी हुई। आज एकादशी उद्यापन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपप्रमुख सत्येंद्र मेहता, मुखिया रंजीत मेहता, पूर्व मुखिया अंजना मेहता, निरंजन मेहता, जीएम कॉलेज संचालक विनय मेहता, संजय सिंह, राजकुमार सिंह, अरुण सिंह, शशि सिंह, पंकज सिंह, सुजीत मेहता, उमेश कांत, बजरंग सिंह, दिनेश मेहता ,राजेंद्र मेहता ,जदयू नेता अर्जुन मेहता, वासुदेव मेहता, कृष्ण देव यादव सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वहीं संख्या कालीन पूजा में जीप अध्यक्ष उमेश मेहता, सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, भागवत मेहता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, जयनंदन मेहता समेत कई लोग शामिल हुए।

## आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा डीह निवासी शंभु साव पिता भोला साव के घर अचानक आग लग जाने से लाखो रुपए की समान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीड़ित शंभू साव की पुत्री का विवाह तीन दिनों बाद होना है कि तैयारी को लेकर कपड़े, मिठाई आदि समान खरीदकर कमरे में रखा था। घर में अचानक धुंआ भरने लगा हो हल्ला करने पर आसपास के लोग जुटे और आग को बुझाया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। खबर पाते ही विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव,पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता ने घटनास्थल पर पहुंच पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही बेटी की विवाह में हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है। मौके पर बसंत साव, बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी, शंभू यादव, अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता, शुशील पांडेय, धनेश्वर यादव, मनोज दास, चंद्र यादव समेत आदि लोग मौजूद थे।

## चापाकल खराब, पानी की समस्या बढ़ी

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव जामा मस्जिद चौक में चापाकल खराब होने की होने से पेयजल की समस्या बढ़ गई है। दर्जनों ऐसे निजी कुएं हैं। जो जवाब दे चुके हैं। ऐसी परिस्थिति में महिलाओं को दूरदराज से पानी लाना पड़ता है। महिलाओं ने बताया कि यह चापाकल रामनवमी में से पहले ही खराब है। मस्जिद टोला के पास रामनवमी के दौरान चापाकल को लेकर निरीक्षण करने आये थे। खराब चापाकल के बारे में हम लोगों ने सूचना दिया था। रमजान का पर्व भी बीत गया। लेकिन नही बना। भीषण गरमी बढ़ जाने से पानी की समस्या बढ़ गई है।

## सड़क दुर्घटना में दो भाइयों की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनासो स्थित गरहमुर्गी के समिप सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार दो सगे भाइयों को सब्बी बस, न जेएच02वाई6087 के चालक ने बस को लापरवाही से चलाते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दोनों सगे भाइयो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई ।

## ऑक्शन लिंकेज का कोयला लेकर धनबाद जा रहे दो ट्रकों को पुलिस ने पकड़ा

# मामला दर्ज कर गिरफ्तार चालकों और उपचालकों को भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** मांडू पुलिस की कार्यवाई आजकल खूब सुर्खिया बटोर रही है। पुलिस ने कोयला लदे दो ट्रकों को पकड़ा है। ट्रकों पर रूट बदल कर गंतव्य न जाकर बिहार जाने का आरोप लगा है। जबकि ट्रक सही रूट से धनबाद जा रही थी। हालांकि पुलिस मामले में मामला दर्ज कर गिरफ्तार चालक उपचालक को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल की रात ऑक्शन लिंकेज का कोयला तोपा कोलियरी से लेकर ट्रक संख्या जेएच02टी/8721 धनबाद के मेसर्स चीप फ्यूल इंडस्ट्रीज मौजा पारबाद लोको बाजार पाथरडीह व जेएच02वाई/5505 रानीसती कोक प्राइवेट लिमिटेड अंबोना मोड़ देवली गोविंदपुर जा रही थी। इसी बीच मांडू पुलिस ने उक्त दोनों ट्रकों को कागजात जांच के नाम पर रोक लिया। जिसके बाद जांच पड़ताल हुई। जांच में पाया गया कि उक्त दोनों ट्रक रूट बदलकर बिहार के मंडी ले जाया जा रहा था। जिसके बाद पुलिस ने मांडू कांड संख्या 92/23 के तहत मामला दर्ज कर लिया। साथ ही गिरफ़्तार चालक हुवाग निवासी मो वकील व उपचालक सहजाद अंसारी, चालक तोपा बस्ती निवासी अब्दुल तनवीर और उपचालक तौफिक अंसारी को शुक्रवार को जेल भेज दिया। सही रास्ते धनबाद जा रही थी ट्रक, फिर भी मामला दर्ज इधर चर्चा है



कि तोपा कोलियरी से एक नंबर कोयला लेकर सही रास्ते तय कर धनबाद जा रही ट्रकों पर मांडू पुलिस जबरन कार्यवाई की है। पुलिस व्यवसायियों को परेशान कर रही है। क्योंकि इसी रास्ते वर्षों से कोयला धनबाद ले जाया जा रहा है। लेकिन अबतक ऐसी कार्यवाई नहीं हुई थी।

जिसके कारण पुलिस की कार्यवाई पर सवाल उठ रहा है। कारोबारियों का मानना कि गाड़ी का रूट कैसे गलत हो गया। कोयला लदे ट्रकों को मांडू-हजारीबाग-विष्णुगढ़ के रास्ते धनबाद क्यों नहीं ले जा सकते है। अगर ट्रक बरही से सीधे और बायें मूड जाती तो गलत होता। लेकिन मांडू पुलिस ने जबरन कार्यवाई कर वैध कोयला का कारोबार करने वाले व्यवसायियों को परेशान कर रही है। जिसकी शिकायत पुलिस मुख्यालय से की जायेगी।

### भयादोहन की चर्चा, चार में दो ट्रक कहां गया

इधर पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुल चार ट्रक को पकड़ा गया था। लेकिन दो ट्रकों को चरही ले जाकर सौदा किया गया। सौदेबाजी होने के बाद उक्त ट्रकों को छोड़ दिया गया। जिस पर दो नंबर कोयला लदा था।

इस पूरे प्रकरण में एक अधिकारी के शागिर्द की मुख्य भूमिका है। निजी व्यक्ति ही गाड़ी रोकता है जांच करता है और भयादोहन कर छोड़ देता है। यह सिलसिला रामगढ़ में लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या 02/बीएम/बीई/ओए/एएम/आरए/पीसी/एएफओ/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में ईएपी-215 के तहत एक (01) बिजनेस मैनेजर-सह-रिसर्च एसोसिएट, एक (01) बिजनेस एक्जीक्यूटिव-सह-वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता तथा एक (01) ऑफिस असिस्टेंट ईएपी-140 के तहत एक (01) रिसर्च एसोसिएट ईएपी-284 के तहत एक (01) बिजनेस मैनेजर, एक (01) असिस्टेंट मैनेजर, एक (01) बिजनेस एग्जीक्यूटिव एवं (01) एक ऑफिस असिस्टेंट तथा ईएपी-391 के तहत दो (02) परियोजना समन्वयक और एक (01) सहायक फील्ड ऑपरेटर के चयन के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in/walk-in-interview पर उपलब्ध हैं।

Interviews will be held for selection of **one (01) Business Manager cum Research Associate, one (01) Business Executive cum Senior Research Fellow and one (01) Office Assistant under EAP-215 and one (01) Research Associate under EAP-140 and one (01) Business Manager, one (01) Assistant Manager, one (01) Business Executive and one (01) Office Assistant under EAP-284 and two (02) Project Coordinator and one (01) Assistant Field Operator under EAP-391** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI **website - https://icar-nrri.in/walk-in-interview.**

प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR

## क्विज प्रतियोगिता में सफल, प्रबंधन ने किया सम्मानित



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डॉ राम मनोहर लोहिया हाई स्कूल बोंगाहारा की दो छात्राओं ने झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय रामगढ़ में आरबीआई द्वारा वित्तीय साक्षरता पर आयोजित अखिल भारतीय क्विज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रौशन किया है। वही, विद्यालय प्रबंधन ने दोनों छात्राओं को प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया। साथ ही, छात्राओं की सफलता पर विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर करते हुए उनको मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया। मौके पर दोनों सफल प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता के दौरान हुए अपने अनुभव को बताते हुए यह सफलता का श्रेय गुरुजनों और परिजनों को दिया। ज्ञात हो कि विद्यालय के वर्ग 9वीं की छात्रा रिया कुमारी और सलोनी कुमारी ने प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर आरबीआई ने 4 हजार रुपए का चेक और प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो प्रदान किया गया था। मौके पर प्रधानाध्यापक विनोद कमार, अध्यक्ष सुबेश्वर महतो, पुंडी मुखिया रोपण देवी, सुरेश महतो, शिक्षक भेखराज कुमार, राकेश कुमार, सुरेश महतो, राजनंदन महतो, जगरनाथ रविदास, शंकरा उरांव, रामकुमार महतो, वीरेंद्र सिंह, नारायण महतो, रीना देवी, राहत खातून, क्रिश्टिना तिग्गा, खेमन महतो आदि मौजूद रहे।

## रिशु राज ग्रेनाइट का जिप उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** शहर के बाई पास रोड स्थित लिबदा मोड़ में रिशु राज ग्रेनाइट संस्थान का मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शहर में ऐसे संस्थान खुलने से रोजगार के साथ-साथ क्षेत्र वासियों ग्रेनाइट, मार्बल खरीदारी में सहूलियत होगा। शहर के लोगों को दूसरे शहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी। इस दौरान संस्थान के संचालक रामदेव यादव ने अतिथिओं का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने संचालक ने कहा संस्थान में टाइल्स, मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी व घर निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, पंकज दुबे, मोहन यादव, पंकज यादव, संजीत कुमार कुशवाहा, रामविलास सिंह, तिलेश्वर पासवान, अरुण दांगी, प्रमोद दांगी, मुकेश शाह, चांदो साव, मुन्ना कुमार समेत गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय में नागरिक जागरूकता पर कार्यशाला




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक स्थित एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शुक्रवार को नागरिक जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें शामिल बतौर मुख्य प्रशिक्षक विवेक पटेल ने राष्ट्र के प्रति समर्पित जीवन कैसे अपनाया जा सकता है इस बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनसीपी द्वारा संचालित इस प्रकार के कार्यक्रम में हम भविष्य में बच्चों को आधार मानकर उसमें ऐसे राष्ट्रवादी नागरिक की परिकल्पना को साकार करना चाहते हैं जो अपने जीवन पर्यंत राष्ट्र की सेवा में अपने कौशल का इस्तेमाल कर सके। साथ ही राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए अपनी शक्ति का अनुभव कर सके। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि एक सफल राष्ट्र के पीछे एक समर्पित नागरिक का हाथ होता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के कार्यकुशलता तथा मानसिक व सांस्कृतिक व्यवहार से किसी भी साधारण से राष्ट्र के असाधारण होने की गाथा को व्यक्त करता है। श्री कमार ने कहा कि इस तरह का आयोजन विद्यालय हमेशा करता आया है ताकि बच्चों में राष्ट्र, समाज व अपने परिवार के प्रति कर्तव्य बोध बना रहे। और एक सभ्य समाज की तरह व्यवहार कर सकें। मौके नी बच्चों ने कई प्रश्न भी पूछे और सदैव राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होने का शपथ भी ली। इस आयोजन से बच्चों को अप्रतिम होने का आभास भी हुआ। कार्यक्रम संचालन में विद्यालय के शिक्षक शिक्षक कृष्ण कुमार अंबेथा व सिद्धार्थ कुमार और अंजली सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में उत्साह के साथ सैंकड़ो बच्चे शामिल हुए।

# पेंटा टीका लगने के बाद दूसरे दिन बच्चे की हुई मौत

**ग्रामीणों, परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में किया हंगामा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** पतरातू थाना अंतर्गत पतरातू बाजार निवासी बबलू कुमार का 3 माह का पुत्र अभिराज कुमार की मौत शुक्रवार हो गई । बताया जाता है कि गुरुवार को सीएचसी पतरातू में बच्चे को पेंटा नामक वैक्सीन का टीका लगाया गया था। रात में बच्चे को फीवर आने के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह में उसकी तबियत बिगड़ गई। इस हालत में पुनः प्रखंड चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बच्चे को मृत पाया। चिकित्सकों द्वारा बच्चे को मृत घोषित करने पर इसकी सूचना परिजनों व ग्रामीणों को मिलने पर परिजनों व ग्रामीणों ने सीएचसी पतरातू पहुंचकर अस्पताल में जमकर हंगामा करते हुए तोड़फोड़ किया। साथ ही डॉक्टर को बर्खास्त और टीका देने वाले एएनएम को बुलाने की मांग करने लगे । ग्रामीणों के उग्र होते देख अस्पताल प्रशासन ने स्थानीय स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों को को सूचना दी सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे और पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह सशस्त्र बल के साथ सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों व परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन और ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर पतरातू ब्लॉक मोड़ के पास बच्चा का शव को लेकर सड़क को जाम कर टायर जलाकर विरोध किया। स्थिति उग्र को देखते हुए एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, पुलिस इंस्पेक्टर सुशील कुमार, बरकाकाना थाना प्रभारी शशि प्रकाश सोनू कुमार साहू सहित पतरातु सर्किल के थाना प्रभारी जाम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों व परिजनों को समझाने का प्रयास किया परंतु परिजन व ग्रामीण नहीं माने। स्थिति कैसे सम्मान हो इसको लेकर स्थानीय प्रशासन ने प्रखंड कार्यालय मे परिजनों व ग्रामीणों के साथ वार्ता के बाद सड़क जाम को हटा लिया गया। जिसमें एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरी नाथ महतो अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे, जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति पतरातू मुखिया गिरजेश कुमार, किशोर कुमार, पंसस ज्योति गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, जयप्रकाश सिंह सहित कई लोग शामिल थे। खबर लिखे जाने तक परिजनों द्वारा पतरातू थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज करने की बात कही जा रही है।

# दोतल्ला पंचायत में विशेष ग्रामसभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय और राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भूरकुंडा में वर्ष 2023-24 को ले शुक्रवार को ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी अंतर्गत सबकी योजना-सबका विकास के तहत बालसभा, महिलासभा और विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। मौके पर बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रो में बच्चों के लिये खेल सामग्री, पठन पाठन के लिये समुचित सामग्री का क्रय, स्मार्ट क्लास के लिए कंप्यूटर की व्यवस्था, खेल मैदान का मरम्मती, सभी पुरानी योजनाओ का मरम्मती, पीसीसी पथ और पुलिया, नाली, यात्री सेड, चबूतरा का निर्माण, कुपो की मरम्मती, पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय, आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन, बेंच, डेस्क, दरी का क्रय, आंगनबाड़ी केंद्रों, दुंदुवा महिला आजीविका ग्राम संगठन कार्यालय, पंचायत सचिवालय, दुंदुवा टीकाकरण केंद्र आदि की मरम्मती व रंग रोगन कराने, दुंदुवा टीकाकरण केंद्र में फर्नीचर का क्रय, पंचायत सचिवालय में सामग्रियों का क्रय, ग्राम पंचायत के सभी चैक-चैराहों, सार्वजनिक स्थलों और सड़कों के किनारे सोलर आधारित स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में खेलने और व्यायाम करने हेतु सामग्रियों का अधिष्ठापन, सोलर आधारित जलापूर्ति का मरम्मती, वृक्षारोपण आदि योजनाएं सर्वसम्मति से पारित किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, पंचायत सचिव नरेश हजाम, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, वार्ड सदस्य शकुंतला देवी, नीतू सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, दयामुनि मुर्मू, बीना देवी, सैया रंजू सिंह मंजू देवी, सेविका किरण सिंह, जल सहिया छुबी देवी, जेएसपीएलएस की अतोषी मुखर्जी, शिक्षिका अनीता तिवारी, सीमा देवी, रेखा देवी, अनुपमा कच्छप, रीता कुमारी, शुभा लक्ष्मी, सईदा खातून, ईसरत जहां, राधा देवी, किरण देवी, ममता देवी, विनय कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

# सड़क हादसे में जर्नलिस्ट प्रदीप कुमार का निधन, पत्रकारों ने जताया शोक

## अंतिम यात्रा में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठन के लोग हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** जिले के फोटो जर्नलिस्ट प्रदीप कुमार का निधन शुक्रवार की सुबह एक सड़क हादसे में हो गया। इस हृदय विदारक हादसे के बाद पत्रकार का पूरा परिवार सदमे में डूब गया है। रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रेलर को जब्त कर लिया है। साथ ही उसके चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार की सुबह एक हिंदी दैनिक अखबार के फोटो जर्नलिस्ट प्रदीप कुमार दीपक मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान जब वह शहर के झंडा चौक मोड़ पर पहुंचे, उसी दौरान एक ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल प्रदीप कुमार को स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में इलाज के दौरान प्रदीप कुमार ने दम तोड़ दिया। रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि इस हादसे की वजह चालक की लापरवाही है। उसने अनियंत्रित तरीके से न सिर्फ गाड़ी चलायी, बल्कि वह सड़क को छोड़कर फुटपाथ पर घुस गया था। छावनी परिषद के बनाये गये कूड़ेदान को तोड़ते हुए उसने इस हादसे को अंजाम दिया है। ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे के बाद रामगढ़ के पत्रकारों में शोक की लहर है।

**अंतिम यात्रा में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठन के लोग हुए शामिल:** प्रदीप कुमार दीपक के निधन की खबर शहर में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठन के लोगों ने उनके घर पहुंच कर परिवार वालों को ढाढ़स बांधा। उनका अंतिम संस्कार दामोदर नदी स्थित गांधी घाट में किया गया। वे अपने पीछे दो बच्चे और पत्नी छोड़ गये हैं। शोक व्यक्त करने वालों में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, पूर्व विधायक ममता देवी, बजरंग महतो, जिप सदस्य धनेश्वर महतो, अमृतलाल मुंडा, चंद्रशेखर पटवा, शिवनंदन प्रसाद सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, श्री दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष मानिक चंद जैन, गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, समाजसेवी कमल बगड़िया, उपाध्यक्ष संजीत सिंह उर्फ छोटू सिंह, सुरेश बगड़िया अरुण कुमार राय बद्री विश्वकर्मा गौरी शंकर महतो चित्रगुप्त महतो किशोर कुशवाहा, राकेश सिन्हा, हरमीत सिंह कालरा, राहुल जैन अशोक यादव, नीरज मंडल, मनोज सिंह, योगेन्द्र सिन्हा, महावीर अग्रवाल, तरुण बागी, महेश मारवाह, नंदकिशोर अग्रवाल, आरएस प्रसाद, अमितेश प्रकाश, वीरू कुमार, अनिल विश्वकर्मा, धर्मेंद्र पटेल, शिव मनोज कुमार, प्रदीप राज, शंकर देवधारिया, राजेश राय, राकेश पांडे, संजय शुक्ला, अमित सिन्हा, अयूब अंसारी, मो शाहिद के साथ विभिन्न संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

## हर पंचायत में बनेगा खेल मैदान, तालाब और सौंदर्यीकरण का होगा काम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी, दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक सुनीता चौधरी, डीसी माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य उपस्थित हुए। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिये गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी। सांसद ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर बेहतर गुणवत्ता के साथ खेल मैदान जिसमें शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा के तहत तालाब निर्माण, तालाब सौन्दरिकरण आदि कार्यों की जानकारी ली और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने का निर्देश :** केंद्र और राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभांवित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभांवित करने का निर्देश दिए

**सांसद ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विस्तार से की चर्चा :** प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाभुकों को आवास का लाभ देने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की और जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में सर्वे कराकर विभिन्न योजनाओं व आवश्यक सुविधाओं की सूची तैयार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

**जलापूर्ति योजनाओं का कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश :** पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से जिले में संचालित जलापूर्ति योजनाओं एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

**प्रतियोगिताओं के लिए बच्चों को कोचिंग व्यवस्था शुरू करने का निर्देश :** जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने बच्चों की शिक्षा व्यवस्था व सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न माध्यमों से किए गए कार्यों की जानकारी ली। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने डीजीसाथ, ज्ञानसेतु, एक्स्ट्रा क्लास आदि के माध्यम से किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश

गोला मार्केटिंग कॉन्प्लेक्स के निर्माण कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्य प्रगति की जानकारी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से लेने के उपरांत सांसद ने जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

**स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश :** बैठक के दौरान सांसद ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन को स्वास्थ सुविधाओं को बेहतर करने के दिशा में किए जा रहे कार्यों के विस्तार से जानकारी ली। साथ ही संस्थागत प्रसव व एंटीनेटल चेक अप सहित अन्य कार्यों पर विशेष ध्यान देते हुए ससमय इनकी रिपोटिंग सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
श्रीमान् प्रधान जिला न्यायाधीश, गढ़वा।
**उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र सं. 4 / 22**
युवराज कुमार वगैरह ............. आवेदक
**बनाम्**
भारतीय जीवन बीमा निगम ...............विपक्षी
**आम इस्तेहार**

चूँ वजरिये इस आम इस्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि युवराज कुमार वगैरह पिता - स्व. अनील साव ग्राम- गोन्दा, पो. व थाना- मेराल, जिला - गढ़वा के द्वारा मेरे न्यायालय में उतराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने हेतु एक उतराधिकारी प्रमाण पत्र वाद सं. 4 / 2022 भारतीय उतराधिकार अधिनियम 1925 की धारा 372 के अंतर्गत अपने पिता स्व. अनील साव पिता स्व. सुरेश साव ग्राम- खरौंधी, थाना- खरौंधी, जिला- गढ़वा के भारतीय जीवन बीमा निगम के अंतर्गत जमा बीमा धन के संबंध में दाखिल किया गया है जिसमें दिनांक 20.05.2023 को सुनवाई हेतु लंबित है।

अतः इस आम इस्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस वाद में किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो तो अपने जवाब अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20.05.2023 को समय 7.30 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा समझा जायेगा कि आपको उक्त वाद में कोई आपत्ति नहीं है तथा उक्त वाद में सुनवाई के पश्चात न्यायोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा ।

इसे सख्त ताकिद समझे
आज दिनांक 20/ 04/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर से निर्गत।

**प्रधान जिला न्यायाधीश**
**गढ़वा**

पूर्व तट रेलवे

जून-2023 के लिए डिपो एवं मुख्यालय हेतु ई-नीलामी कार्यक्रम

ई-नीलामी की अनुसूची

| महीना | मुख्यालय/मण्डल | तिथि |
|---|---|---|
| जून-2023 | डिपो मन्चेश्वर | 01.06.23, 08.06.23, 15.06.23 एवं 22.06.23 |
| | खोरधा रोड मण्डल | 02.06.23, 09.06.23, 16.06.23 एवं 23.06.23 |
| | वाल्टियर मण्डल | 05.06.23, 12.06.23, 19.06.23 एवं 26.06.23 |
| | सम्बलपुर मण्डल | 06.06.23, 13.06.23, 21.06.23 एवं 29.06.23 |

'जैसा है,जहाँ है' के आधार पर सम्बलपुर, खोरधा रोड एवं वाल्टियर मण्डल के कण्डेम्न्ड रोलिंग स्टॉक्स (लोको, कोच, वैगन), स्क्रैप रेल, विविध P.Way फिटिंग्स (स्विच, क्रॉसिंग, फिश प्लेट, स्लीपर, फिश बोल्ट इत्यादि), विविध वार्कशॉप स्क्रैप(ड्रम, बोगी फ्रेम, बफर केसिंग, बफर प्लंजर, टर्निंग एवं बोरिंग इत्यादि), विविध फेरस, नॉन-फेरस, नॉन-मेटलिक स्क्रैप, कण्डेम्न्ड मशीनरी एवं प्लांट्स, कण्डेम्न्ड वेइकल्स, कण्डेम्न्ड ऑफिस इक्विपमेन्ट्स एवं रेलवे विद्युतीकरण के स्क्रैप सामग्री इत्यादि प्रस्तावित है । रेलवे प्रशासन इस नीलामी में अन्य सामग्रियों को भी शामिल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा सामग्रियों का संपूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्त्तें नीलामी कैटलॉग के आधार पर होगी, जो पूर्व तट रेलवे के संबंधित नीलामी परिचालन प्राधिकारी के कार्यालय से अथवा नीलामी की तारीख के 07(सात) दिन पूर्व हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होगा।

PR-97/O/23-24
प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, भुवनेश्वर

# नक्सलियों का हमला हताशा

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सली हमला ऐसे समय में हुआ, जब केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर यह दावा किया जाने लगा था कि राज्य में माओवादियों के प्रभाव में भारी कमी आई है। इस लिहाज से हमला नक्सलियों की ओर से यह बताने की हताशा भरी कोशिश हो सकती है कि वे अभी खत्म नहीं हुए हैं और बड़े हमलों को अंजाम दे सकते हैं। हालांकि पिछले कुछ समय के रेकॉर्ड को देखें तो इसमें दो राय नहीं कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में नक्सलियों का असर कम हुआ है। न केवल उनके कई नेता पुलिस के हत्थे चढ़े हैं, बल्कि उनकी गतिविधियों का दायरा भी सीमित हुआ है। बावजूद इसके, माओवादियों की ओर से किया गया यह हमला उस परसेप्शन पर सवाल खड़ा करने में कुछ हद तक सफल जरूर हुआ है, जो पिछले कुछ समय की स्थितियों से बनता जा रहा था। इसलिए यह और जरूरी हो जाता है कि इस हमले से जुड़े तमाम पहलुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए यह देखा जाए कि कौन-कौन से बिंदु ऐसे हैं, जहां चूक की गुंजाइश रह गयी थी। शुरुआती सूचनाओं में ऐसे कई बिंदु उभरते नजर आते हैं। स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रसीजर (एसओपी) के उल्लंघन से लेकर ह्यूमन इंटेलिजेंस की नाकामी तक ऐसे तमाम पहलुओं की ठीक से जांच होनी चाहिए ताकि आगे के लिए सही सबक लिए जा सकें। इसी बिंदु पर पॉजिटिव पहलुओं को भी रेखांकित किए जाने की जरूरत है। हमले में एक वाहन के उड़ाये जाने के बाद घायल साथी जवानों को जल्द से जल्द चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की चिंता के बीच भी अन्य जवानों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए नक्सलियों पर गोलीबारी शुरू कर दी और उन्हें जान बचाकर भागने को मजबूर कर दिया। यह दिखाता है कि जवानों ने कितनी मुस्तैदी दिखायी और उनका मनोबल कितना मजबूत था। इन तात्कालिक पहलुओं के साथ ही एक दीर्घकालिक मसला यह भी है कि समाज में माओवाद को लेकर किस तरह का नजरिया बन रहा है। इस बारे में हालांकि बातें होती रहती हैं, लेकिन दोहराव का खतरा उठाते हुए भी यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि हिंसा या बंदूक के लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं होता। बंदूक जहां कहीं भी हो, वह सबसे पहले संवाद की संभावना खत्म करती है। लेकिन इसके साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि बंदूक के हटते ही बातचीत की राह खुल जाती है। यह लोकतंत्र के हक में है कि हिंसा के दायरे से बाहर समाज के हर तबके से संवाद न केवल संभव हो, बल्कि हर मुमकिन तरीके से इसे रेखांकित भी किया जाता रहे।

**बंदूक जहां कहीं भी हो, वह सबसे पहले संवाद की संभावना खत्म करती है। लेकिन इसके साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि बंदूक के हटते ही बातचीत की राह खुल जाती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

हमारे यहां 'विवाह' संस्था को पवित्र माना जाता है। इसे एक पुरुष और एक महिला के बीच पवित्र बंधन के रूप में देखा जाता है। जो भी इस मानदंड से विचलित होता है उसे अप्राकृतिक, अधार्मिक या राक्षसी के रूप में देखा जाता है। इसलिए भारत का अधिकांश समुदाय समलैंगिक विवाह की अवधारणा से न केवल घृणा करता है, बल्कि इसका तिरस्कार भी करता है। विवाह की अवधारणा विपरीत लिंग के किन्हीं दो व्यक्तियों के मिलन की सामाजिक और कानूनी मान्यता से कहीं अधिक है।

# समलिंगी विवाह से बिगड़ सकता है भारतीय समाज का ताना-बाना



**सुखदेव वशिष्ठ**



समलैंगिक विवाह को लेकर जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने वाला है, जिसमें समलैंगिक विवाह की अनुमति दी जा सकती है।इस का समाज मे व्यापक प्रभाव हुआ है।सामाजिक, धार्मिक संगठनो द्वारा जगह-जगह प्रदर्शन किये जा रहे हैं।इतनी ही नहीं राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के नाम ज्ञापन भेजे जा रहे हैं। सांस्कृतिक दृष्टिकोणः भारतीय संस्कृति में धार्मिक, आध्यात्मिक और नैतिक मान्यताएं गहराई से निहित हैं।

हमारे यहां 'विवाह' संस्था को पवित्र माना जाता है। इसे एक पुरुष और एक महिला के बीच पवित्र बंधन के रूप में देखा जाता है। जो भी इस मानदंड से विचलित होता है उसे अप्राकृतिक, अधार्मिक या राक्षसी के रूप में देखा जाता है। इसलिए भारत का अधिकांश समुदाय समलैंगिक विवाह की अवधारणा से न केवल घृणा करता है, बल्कि इसका तिरस्कार भी करता है। विवाह की अवधारणा विपरीत लिंग के किन्हीं दो व्यक्तियों के मिलन की सामाजिक और कानूनी मान्यता से कहीं अधिक है। समाज विवाह को परिभाषित करता है और कानून उसे केवल मान्यता देता है। विवाह कानून द्वारा रचित एक सामाजिक संस्थान नहीं है बल्कि यह एक सदियों पुरानी संस्था है जिसे समाज ने समय के साथ परिभाषित और विकसित किया है। परंपरागत रूप से भारत में विवाह मात्र किसी स्त्री और पुरुष का संयोजन नहीं बल्कि यह एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मिलन है, जिसका अन्य धार्मिक और सामाजिक उद्देश्यों के साथ एक प्रमुख उद्देश्य संतानोत्पत्ति है। एक ऐसी प्राचीन व्यवस्था को सिर्फ शारीरिक सुख के रूप में दो व्यक्तियों की इच्छा की अभिव्यक्ति नहीं माना जा सकता। यह न केवल स्थापित मूल्यों, अपितु विवाह के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक लक्ष्यों की प्राप्ति के उद्देश्य के भी विपरीत है। विवाह के विशाल आध्यात्मिक स्वरूप को सिर्फ शारीरिक सुख के लिए किसी व्यक्ति के चुनाव के अधिकार के नाम पर पूरे समाज पर नहीं थोपा जा सकता है। शास्त्रीय हिंदू कानून में विवाह को एक आवश्यक संस्कार माना गया है। पवित्र वेद कहता है, की मनुष्य को अपनी पत्नी और संतान के साथ मिल कर धर्म का पालन करना चाहिए। यहां तक कि जो लोग विवाह को एक नागरिक अनुबंध के रूप में देखते हैं, वे भी इसे एक पवित्र संस्था मानते हैं ।

**विवाह एक विशेषाधिकार है, जो प्रकृति के नियमों के अनुसार एक परिवार के निर्माण और संरक्षण का अधिकार देता है।**

एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव के द्वारा चुनी गयी सरकार लोगों की इच्छाओं को व्यक्त करती है। विधानमंडल के माध्यम से व्यक्त की गयी जन अभिव्यक्ति से विवाह जैसी संस्था में कोई भी संशोधन प्रभावी होना चाहिए। हालांकि हमारा संविधान कानूनो की न्यायिक समीक्षा का अधिकार उच्चतम न्यायालय को देता है, लेकिन ऐसी समीक्षा शक्ति का प्रयोग विधाई शक्ति के अतिक्रमण के रूप में नहीं होना चाहिए। यह बात पर्सनल विधियों या विवाह जैसी संस्थानों के विषय में अधिक प्रासंगिक है, क्योंकि इसके द्वारा समाज, परिवार और राष्ट्र का निर्माण होता है। पांच न्यायाधीशों द्वारा राष्ट्र की इस मूल व्यवस्था में किसी भी प्रकार का एकतरफा परिवर्तन ना केवल लोकतांत्रिक मूल्यों बल्कि संवैधानिक शक्तियों के पृथक्करण की मूल भावना के सिद्धांत के भी विपरीत है।स्त्री और पुरुष के मध्य विवाह, एक संस्था के रूप मैं सदियों से समय द्वारा सफलतापूर्वक परीक्षित है और राष्ट्र की सूक्ष्मतम इकाई परिवार का एक मूल आधार है। इस स्थापित पारिवारिक व्यवस्था में बिना सोचे समझे और इसके विविध पहलुओं पर गंभीर चिंतन किये बिना यदि न्यायालय द्वारा सिर्फ इस कारण से की पिछले कुछ वर्षों से यह कुछ देशों में मान्य है, भारत पर जबरन आरोपित करने का प्रयास किया जाता है या विवाह की परिभाषा को एक तरफा तरीके से किसी भी प्रकार परिवर्तित करने का प्रयास किया जाता है, तो यह समाज, परिवार और राष्ट्र के लिए दीर्घकाल में अत्यंत नुकसानदेह साबित होगा।

सामाजिक दृष्टिकोणः भारत में समलैंगिक विवाह के मुद्दे को सामाजिक दृष्टिकोण से भी नकारात्मक रूप से देखा जाता है। समाज की संरचना में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका और जिम्मेदारी होती है। उसे समाज में व्यवस्था और संतुलन बनाये रखने के लिए पूरा करना होता है। भारतीय समाज में हमेशा एक प्रदाता, रक्षक और नेतृत्वकर्ता के रूप में पुरुषों और महिलाओं को महत्व दिया गया है। पुरुष और महिलाएं एक-दूसरे के सहायक की भूमिका में परिवार का पालन-पोषण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हैं। समलैंगिक विवाह की स्वीकृति पीढ़ियों से स्थापित सामाजिक संतुलन को बाधित करेगी। अराजकता और भ्रम का वातावरण बनेगा। स्वीकृत भूमिकाओं और सामाजिक पदानुक्रम खंडित होगा । इससे सामाजिक एकता टूटेगी और सामाजिक संरचना कमजोर होगी। अनैतिकता को बढ़ावा मिलेगा। विवाह, तलाक, भरण पोषण, उत्तराधिकार, गोद लेने का अधिकार तथा परिवार से संबंधित अनेक अन्य विषय पूर्ण रूप धार्मिक ग्रंथों और परंपरागत रूप से अपनाये गये सामाजिक नियमों द्वारा निर्धारित किये जाते हैं।

समान लिंग विवाह की अवधारणा विनाशकारी है, जिसका की मुख्य रूप से युवाओं और बच्चों की नैतिकता, चरित्र, मानसिकता और स्वास्थ्य पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। हिंदू विधि के अनुसार विवाह के तीन पवित्र पहलू है। पहला यह स्त्री और पुरुष का पवित्र मिलन है जो दशार्ता है की विवाह मुख्य रूप से किसी की शारीरिक आवश्यकताओं को पूरा करने का साधन मात्र होने के बजाय बजाये धार्मिक और आध्यात्मिक कर्तव्यों के निर्वहन और प्रदर्शन के लिए है। दूसरा एक बार विवाह संपन्न हो जाने के बाद किसी भी कारण से इसे भंग नहीं किया जा सकता और तीसरा यह आत्मा, शरीर और मन के एकीकरण का निरूपण है। यह ऐसा संबंध है, जिसमें भविष्य में अनेक जन्मों तक साथ रहने की अवधारणा की जाती है। हिंदू विवाह के लिए विशिष्ट शास्त्र-सम्मत संस्कारों के प्रदर्शन की आवश्यकता होती है जो कि गृहसूत्र में विस्तार से वर्णित है। हिंदू विधि में पति या पत्नी में से किसी भी एक की अनुपस्थिति में अनेक धार्मिक अनुष्ठानों और संस्कारों को संपन्न नहीं किया जा सकता है। यह इस पवित्र रिश्ते की महानता और उपयोगिता की स्वीकार्यता को दर्शाता है। समाज में विवाह एक परिवार की नीव का आधार है। योन व्यवहारों के विनियमन से लेकर के प्रजनन, पालन पोषण, बच्चों की सुरक्षा, सामाजिकरण और नस्ल संरक्षण विवाह के कुछ मूल उद्देश्य हैं। समान- लिंग व्यवहार की अवधारणा से इन लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया जा सकता। अतः समलैंगिक व्यवहार को विवाह के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

कानूनी परेशानी विवाह मूल रूप से दो लोगों के बीच कानून द्वारा मान्यता प्राप्त संबंध है, जो या तो असंहिता के रूप में या तथागत कानून द्वारा नियंत्रित होता है। कोई भी असंहिता बंध व्यक्तिगत कानून या कोई संहिता बंध वैधानिक कानून एक ही लिंग के दो लोगों के बीच विवाह की संस्था को ना तो मान्यता देता है और ना ही स्वीकार करता है। यह याद रखना चाहिए की स्वीकृति प्रदान करना और अधिकारों, विशेषअधिकारों और मानवीय संबंधों को मान्यता प्रदान करना, जिसके कानूनी परिणाम होते हैं अनिवार्य रूप से समाज और विधायिका का कार्य है। यह कभी भी न्यायिक निर्णय का विषय नहीं हो सकता है। एक कानूनी संस्था के रूप में विपरीत लिंग के बीच विवाह भारत की कानूनी व्यवस्था के केंद्र में रहा है। हमारे पास विरासत और उत्तराधिकार से संबंधित विभिन्न अधिकारों के साथ संबंधित कानूनी प्रावधानो के साथ विपरीत लिंग के बीच विवाह सुनिश्चित करने वाले कई वैधानिक प्रावधान है, इसलिए विपरीत लिंगों के बीच विवाह की अवधारणा ही विवाह की अवधारणा की मूल विशेषता है, जिससे कि अन्य संबंध अधिकारों का भी जन्म हो।

दो समान लिंग के व्यक्ति साथ रहते हैं और उन्हें कभी भविष्य में संतान प्राप्ति की इच्छा हुई तो क्या होगा? खुद उनके द्वारा तो यह संभव नहीं। ऐसे में उन्हें या तो गोद लेना होगा या किसी अन्य की सहायता पर निर्भर रहना होगा। लेकिन इससे भी जटिल पक्ष है उस संतान का पालन - पोषण। उसे माता एवं पिता दोनों का स्नेह तो एक साथ मिल नहीं सकता । विज्ञान भी इस बात को मानता है कि शिशु के सम्यक विकास के लिये मां एवं पिता दोनों की आवश्यकता होती है।

यद्यपि आधुनिक समय के समाज में एक वयस्क को को अपने यौन साथी को चुनने का अधिकार है, जैसा कि भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ के मामले में मान्यता देकर निर्धारित किया गया, परंतु यह स्वचालित रूप से व्यक्तियों को इस बात के लिए सक्षम नहीं बनाता कि वह अपनी मान्यताओं और प्राथमिकताओं को समाज पर थोपे और समाज उन्हें स्वीकार करने के लिए मजबूर हो। दूसरे शब्दों में समाज को कुछ व्यक्तियों की प्राथमिकताओं को पहचानने के लिए तब तक मजबूर नहीं किया जा सकता जब तक कि समाज स्वयं इस तरीके के रिश्तो को मान्यता देने के लिए तैयार ना हो। विवाह एक विशेषाधिकार है, जो प्रकृति के नियमों के अनुसार एक परिवार के निर्माण और संरक्षण का अधिकार देता है। यह तर्क की समलैंगिक विवाह कथित रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 तक सीमित होगा भी अस्वीकार्य है, क्योंकि समय बीतने के साथ हिंदू विवाह अधिनियम और अन्य धर्मों की विवाह संबंधी कानून क्षेत्र में इसका प्रवेश होना अवश्यंभावी है। यह हमें सामाजिक अराजकता की ओर ले जायेगा। यह समूह भविष्य में अपनी यौन अल्पसंख्यक स्थिति का हवाला देते नये नये अधिकारों की बात करेगा और अनेक समस्याएं पैदा करेगा। तब स्थिति समाज और न्यायालयों के लिए कहीं अधिक जटिल होगी और समाज में गैर जरूरी संघर्ष ही पैदा करेगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# बेरमो विधायक कुमार जयमंगल बने इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**इंटक के राष्ट्रीय कमेटी का लिस्ट जारी, आतिशबाजी और लड्डू वितरण कर मनाया गया खुशी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजीवा रेड्डी के निर्देश पर इंटक के राष्ट्रीय कमिटी का गठन किया गया। शुक्रवार शाम लिस्ट जारी होते ही प्रदेश इंटक के सचिव शैलेश पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने जमकर जश्न मनाया। लौहनगरी जमशेदपुर के बिस्टुपुर गोलचक्कर के पास मजदूर नेताओं ने जमकर आतिशबाजी की।

मौके पर सड़क से गुजरने वाले लोगों के बीच लड्डू का वितरण कर खुशियां मनाई। राष्ट्रीय कमिटी में झारखंड के बेरमो विधायक सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष कुमार जयमंगल को उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर नेताओ ने सराहना की।

वहीं टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी को वरिय सचिव,झारखंड इंटक के कायार्वाहक अध्यक्ष राकेशवर पांडेय को वरिय सचिव, रघुनाथ पांडेय, आर रवि प्रसाद एवं विजय खां को सचिव, देविका सिंह व सतीश कुमार सिंह को कमेटी मे संगठन सचिव मनोनीत किया गया।

शैलेश पांडेय ने कहा डॉ संजीवा रेड्डी ने युवाओं को संगठन के उच्चतम पद पर मनोनीत कर भविष्य का संकेत दिया है। डॉ रेड्डी हमेशा युवाओं को आगे बढाने का काम करते हैं। उन्होंने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल को फोन लगाकर कार्यकरताओं से बातचीत कराई। कार्यकरताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेसित की। इस अवसर पर सैकड़ों यूनियन नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गृहरक्षक 15 मई को सीएम आवास का घेराव करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य के गृह रक्षक 15 मई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। सरकार के द्वारा चुनाव के पूर्व किये गए वादे के बाद भी राज्य के रक्षकों को खाली हाथ रहना पड़ा। वही न्यायालय के आदेश के बावजूद भी राज्य के जवान को समान काम - समान वेतन का अवसर प्राप्त नहीं हुआ। जबकि अन्य प्रदेशों में लागू हो चुकी है। इस राज्य के लिए यह बहुत ही चिंतनीय विषय है। वहीं पड़ोसी रही बिहार में समान काम का समान वेतन के साथ-साथ राज्य के गृहरक्षक रिटायरमेंट हो जाते हैं उन्हें डेढ़ लाख रुपए तक राशि दी जाती है। 12 माह रोजगार प्राप्त है। भारत का सबसे धनी राज्य झारखंड सबसे गरीब अवस्था में जी रहा है। राज्य के जवानों में काफी आक्रोश है। 15 मई को झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी के नेतृत्व में विशाल रैली निकाली जायेगी।

# वनराज स्टील में हुई दुर्घटना में इलेक्ट्रिशियन की मौत, मुआवजा को लेकर मजदूरों ने किया गेट जाम



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल अंतर्गत हुमिद स्थित वनराज स्टील व पूर्व में बिहार स्पंज आयरन कंपनी में कार्य के दौरान करंट लगने से इलेक्ट्रिशियन लकीराम माडी? की मौत हो गई। शुक्रवार को मुआवजा व 4 सूत्री मांगों को लेकर मजदूरों ने कंपनी गेट जाम कर दिया। मौके पर मजदूरों के समर्थन में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो, मुख्यमंत्री के मामा गुरुचरण किस्कू, झामुमो नेता सुखराम हेंब्रम मौजुत रहे। इस अवसर पर विधायक सहित झामुमो नेताओं ने मजदूरों की मांगों को जायज बताया। उन्होंने कंपनी प्रबंधन को तत्काल निर्णय लेने की बात कही। खबर लिखे जाने तक प्रबंधन और मजदूरों के बीच वार्ता जारी है। वही धरना प्रदर्शन के दौरान कंपनी के दो दर्जन से ज्यादा मौजूद शामिल रहे।

# ऑटो पलटने से पांच घयाल



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा- कांड्रा मार्ग पर अनियंत्रित ऑटो पलटने से ऑटो पर सवार महिला सहित पांच यात्री बुरी तरह से घायल हो गए। वही ड्यूटी जा रहा एक साईकिल सवार भी घायल होगया। शुक्रवार को सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगो ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घयाल को एमजीएम अस्पताल भेजा। जहां सभी का इलाज चल रही है। बताया जा रहा है टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग आर आईटी मोड़ के समीप एक बड़ा गड्ढा है। ऑटो चालक वाहन चलाते समय उस गड्ढे को देख नहीं पाया।अचानक गड्ढे में चक्का पड़ने से ऑटो दुर्घटना ग्रस्त हो गयी।

# पटमदा में 30 अप्रैल को पीएम मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आगामी 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण में सांसद विद्युत वरण महतो ने पटमदा के माहुलबना ग्राम के बूथ संख्या 138 में ग्रामीणों के संग सुनने की सहमति जताई। इसके विस्तृत तैयारी को लेकर क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग शिरकत करेंगे। मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार व पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्ता के नेतृत में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर ग्रामीणों को बीच पोस्टर का वितरण किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुचिराम बाउरी,पटमदा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री दीपू शर्मा, भीम महतो सहित मोहलबना ग्राम के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# झामुमो जिला समिति की बैठक में शामिल हुए मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में चुनाव की तैयारी को लेकर झामुमो जिला समिति ने पहल शुरू कर दी। शुक्रवार को आदित्यपुर स्थित ऑटो क्लस्टर सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर स्थानीय विधायक सह मंत्री चंपई सोरेन शामिल हुए। मंत्री ने जिले के सभी 9 प्रखंड व 3 शहरी निकायों के कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर कई अहम जानकारी दी। इस अवसर पर मंत्री ने कहा सरायकेला जिले में इस वर्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा 70 हजार नए सदस्य बनाएगी। जिला कार्यसमिति की बैठक में सभी झामुमो नेता व कार्यकताओं को निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा एक मई से जिले में सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। प्रत्येक प्रखंड से 5-5 हजार व तीनों निकायों से 25 हजार नए सदस्य बनाए जाएंगे। वर्ष 2024 में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव के लिए झामुमो अभी से सांगठनिक ढांचे को मजबूत करेगी। मंत्री श्री सोरेन ने कहा वैसे अभी केंद्रीय कमेटी का कोई निर्देश प्राप्त नहीं है। लेकिन प्रत्येक जिले में झामुमो अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूत करेगी। राज्य में 34 शहरी निकायों के कार्यकाल समाप्त होने व पुनर्गठन के सवाल पर मंत्री ने कहा जल्द ही शहरी निकायों को पुनर्गठित किया जाएगा।

**झामुमो के कार्यकाल में मिलेगा आंदोलनकारियों को सम्मान :** बैठक में मंत्री ने कहा हेमंत सरकार के कार्यकाल में ही आंदोलनकारियों को उचित सम्मान मिलेगा। जिसकी तैयारी सरकार कर रही है। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष शुभेंदु महतो ने किया। बैठक में जिला कमेटी सहित सभी पंचायत, प्रखंड व शहरी निकायों के अध्यक्ष व केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपाइयों ने लोगों को दिया पीएम की मन की बात का 100वां एपिसोड कार्यक्रम का निमंत्रण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 30अप्रैल 2023 दिन रविवार सुबह 11:00 बजे से मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड होगा। उक्त कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर हर तीन बूथ मिलाकर एक कार्यक्रम करने का आदेश मिला है और 100वां एपिसोड को लेकर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के अंदर उत्साह है कि हर बूथ पर आयोजित कार्यक्रम में कम से कम 100 लोगों की उपस्थिति हो। लोग उनकी मन की बात को सुनकर लाभ उठाएं। इसी कार्यक्रम के तहत गढ़वा नगर मंडल कार्यक्रम के प्रभारी अलख पांडे के साथ मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, नगर परिषद सांसद प्रतिनिधि चंदन जयसवाल, संतोष कुमार, गौतम कुमार एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ सोनपुरवा निमिया स्थान पहुंचकर आम जनता को कार्यक्रम में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया एवं टंडवा, नगवा, सहिजना, ऊंचरी वार्ड नंबर 1, बिंद टोला वार्ड नंबर 3, दीपुवा भाजपा जिला कार्यालय रांकी मोहल्ला, मुख्य बाजार शनि मंदिर के पास और अन्य प्रमुख जगहों पर करने की योजना है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने सभी से आग्रह किया कि आप सभी भाजपा कार्यकर्ता समर्थक एवं आम जनता उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### रंका प्रखंड प्रमुख ने दिव्यांग महिला को व्हील चेयर किया प्रदान



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा ने प्रखंड के करी गांव निवासी दिव्यांग फूलपती देवी सिंह पति मनोज सिंह को व्हील चेयर प्रदान किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, कटरा पंचायत की मुखिया अनिमा देवी सिंह, दुधवल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक लोहरा, झामुमो के राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि, पवन यादव एवं बाल विकास परियोजना समिति की पर्यवेक्षिका उपस्थित थी।

### धुरकी में स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त होकर गड्ढे में गिरी, दस सवार हुए घायल

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा प्रखंड अंतर्गत कटहर पंचायत के सारदा गांव स्थित धुरकी नगरउंटारी निर्माणाधीन मुख्य पथ में शुक्रवार को धुरकी से नगरउंटारी की ओर जा रही एक स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त होकर गड्ढे में गिरा. स्कॉर्पियो को गड्ढे में गिरने के बाद उसमें बैठे सभी दस लोगों को चोट लगी और सभी घायल हो गए। वहीं इधर थाना प्रभारी सदानंद कुमार को जानकारी मिलने के बाद वह सदलबल दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर स्कॉर्पियों में बैठे और घायल हुए सभी लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए मदद करते हुए अस्पताल में भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो में सवार सभी टाटीदीरी से नगरउंटारी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान निर्माणाधीन पथ में स्कॉर्पियो का चालक अनियंत्रित हो गया और स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क के नीचे गड्ढे में पलट गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि स्कॉर्पिया में बैठे सभी लोग चोटिल हुए हैं। सबको प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है।

### नेटवर्किंग कंपनी के पूर्व टीम लीडर ने जमा पैसा वापस मांगने पर सदस्यों पर लगाया मारपीट का आरोप

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खरौंधी मोड़ के समीप एक मकान में सेफ शॉप नेटवर्किंग कंपनी की बैठक के दौरान नेटवर्किंग कंपनी के पूर्व टीम लीडर आजाद मंसूरी के साथ मारपीट की घटना घटी। बवाल बढ़ता देख सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना के एसआई सहदेव कुमार साह व आरपी इंदवार ने दोनों पक्षों को थाना लाया। जहां दोनों पक्षों में बातचीत का दौर जारी था। घटना को लेकर नेटवर्किंग कंपनी सेफ शॉप के पुराने टीम लीडर आजाद मंसूरी ने बताया कि दो वर्ष पूर्व मैं इस नेटवर्किंग कम्पनी से जुड़ा था। लोगों को जोड़ने के लिए करीब आधा दर्जन से अधिक महिलाओं को प्रेरित किया एवं उस समय सभी महिलाओं ने कंपनी के प्रोडक्ट खरीद कर कंपनी का सदस्य बनने हेतु कुल 24600 रुपए कंपनी के वर्तमान हेड लीडर पवन कुमार को दिया था। किसी करणवश उक्त सभी महिलाओं ने नेटवर्किंग कंपनी में जुड़ने से इंकार करते हुए अपना पैसा वापस करने की मांग करने लगी। जब मैं आज शुक्रवार को कंपनी द्वारा आयोजित बैठक में पहुंचा और पवन कुमार से पैसे की मांग की तो उन्होंने पैसा वापस करने से इंकार करते हुए बैठक में उपस्थित महिलाओं के साथ मिलकर मेरे साथ मारपीट की घटना का अंजाम दिया। जबकि महिलाओं ने कहा कि आजाद मंसूरी ने ही पूर्व में हमारे घर आकर हम सभी को नेटवर्क से जुड़ फायदा कमाने की बात कह कंपनी से जोड़ा था। आज वे ही इसे गलत बता कर बवाल खड़ा कर रहे हैं। उपस्थित महिलाओं ने कंपनी के हेड लीडर पवन कुमार एवं रविन्द्र विश्वकर्मा के साथ मारपीट की घटना से इनकार किया है। पवन कुमार ने बताया कि आजाद मंजूरी ने जो पैसा जमा किया है उसमें पूरी टीम की मेहनत लगी है। हम सभी उक्त लोगों के घर विजिट कर समझाएंगे यदि वे नहीं माने तो पैसा वापस कर दिया जाएगा।

**बैठक : उपायुक्त ने की राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा, कहा**

# किसी भी आवेदन को बिना किसी कारण लंबित नही रखें अधिकारी

**30 दिनों के अंदर दाखिल खारिज के मामले का अनिवार्य रूप से निष्पादन के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से दाखिल खारिज, राजस्व संग्रहण, भूमि सीमांकन, सर्टिफिकेट, पीजीएमएस (सप्लाई), कृषि गणना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, कनहर बराज एनओसी, कनहर पाईप लाइन, कनहर सिंचाई योजना हेतु लैंड ट्रांसफर रिपोर्ट समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने गहन समीक्षा करते हुए एक-एक कर विभिन्न अंचलों में किए जा रहे कार्यों एवं भेजी गयी रिपोर्ट को लेकर समीक्षा की। उपायुक्त ने अब तक विभिन्न ग्रामों में किए गए गणना की जानकारी लेते हुए कहा कि केंद्र सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में किए जा रहे गणना कार्य को उत्तरदायित्व पूर्ण कराने एवं रिपोर्ट भेजने से पूर्व रिपोर्ट को वेरीफाई जरूर करें। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों को उक्त योजना का लाभ दिलाने का निर्देश दिया एवं कोई भी आवेदन लंबित नहीं रखने का निर्देश दिया।

बैठक में लैंड ट्रांसफार्मर की समीक्षा करते हुए कनहर बराज एनओसी, कनहर पाइपलाइन योजना, कनहर सिंचाई योजना समेत अन्य योजना को लेकर एनओसी निर्गत करने में आ रही समस्याओं की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने ससमय जेजे/जीएम जमीन को चिन्हित कर ससमय लैंड रिपोर्ट भेजने हेतु सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया। दाखिल खारिज संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने 30 दिनों के अंदर दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया। किसी भी आवेदन को बिना किसी कारण लंबित नही रखने का निर्देश दिया गया। अंचल कार्यालय से निर्गत होने वाले विभिन्न प्रमाण पत्र को लेकर भी उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया। राजस्व विभाग से जुड़े कुछ कार्यों में पेंडेंसी को लेकर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अंचल अधिकारी एवं आंचल कार्यालय के कर्मी को सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी कार्य जानबूझकर लंबित न रखें जिससे संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी पड़े। इसलिए मामलों का निष्पादन तय समयसीमा एवं प्राथमिकता के आधार पर करें। इस जिला स्तरीय राजस्व विभाग की बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आकलोक कुमार, सभी अंचल अधिकारी, सीआई समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मंत्री मिथिलेश कर रहे हैं घृणित राजनीति : ओमप्रकाश केशरी

**श्री बंशीधर महोत्सव की तिथि में बार-बार फेरबदल कर झामुमो सरकार ने हिन्दुओं की आस्था का मजाक उड़ाया है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर श्री बंशीधर महोत्सव के नाम पर घृणीत राजनीति कर रहे हैं। जिस तरह से मंत्री तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं इससे हिन्दू समाज एवं भाजपा परिवार आहत है।

उन्होंने कहा कि मंत्री के इशारे पर भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधि भानु प्रताप शाही को उपेक्षित किया जा रहा है। इससे गढ़वा जिले के लोग काफी आक्रोशित हैं। श्री बंशीधर महोत्सव की शुरुआत पूर्व की भाजपा सरकार ने की थी लेकिन भाजपा सरकार ने किसी भी जनप्रतिनिधि एवं महोत्सव के साथ राजनीति नहीं की थी। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने हिन्दुओं की आस्था का मजाक उड़ाया है। आखिर बार बार श्री बंशीधर महोत्सव की तिथि में फेरबदल क्यों किया गया। जिला प्रशासन मंत्री के चंगुल में फंस चुका है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी भेदभाव की राजनीति करना बंद करें।

भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं हिन्दू समाज के साथ जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार ने भेदभाव करने का काम किया है जो बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि झामुमो के मंत्री विधायक सत्ता के मद में चूर हो गए हैं, लेकिन जनता आने वाले समय में हिसाब करेगी। बंशीधर महोत्सव एक साजिश के तहत रोका गया था। भाजपा परिवार श्री बंशीधर महोत्सव से दूरी बनाने का विचार कर रही है। हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले मंत्री मिथिलेश ठाकुर को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर के स्थानीय जनप्रतिनिधि भानु प्रताप शाही एवं हिन्दुओं के आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले प्रवासी गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर को जनता वापस भेजने के लिए तैयार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर महोत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधि भानु प्रताप शाही के साथ भेदभाव से साबित होता है कि मंत्री के इशारे पर जिला प्रशासन संघीय ढांचे को कमजोर करने का खेल कर रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता के मद में चूर होकर हिन्दुओं की आस्था के साथ खेल करने वाले लोगों की कार्यप्रणाली के ऊपर भाजपा की नजर बनी हुई है। झामुमो सरकार बस कुछ दिनों की मेहमान है।

मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, जिला महामंत्री विकास तिवारी, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, राम उनय तिवारी, प्रिंस तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची की टीम ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**निजी विद्यालयों में पच्चीस प्रतिशत बीपीएल बच्चों को एडमिशन लेने की दी हिदायत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची की टीम ने रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रंका, मध्य विद्यालय भलुआनी, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय समर्थ विद्यालय, सरस्वती ज्ञान मंदिर, मध्य विद्यालय हुरदाग का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति एवं सरकारी प्रावधान के तहत प्रदत सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जांच पड़ताल की गयी। इस अवसर पर रंका कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डेन मिनाक्षी कुमारी चौधरी से बालिकाओं की कम उपस्थिति के बारे पूछने पर वार्डेन ने बताया कि 10वीं, 12वीं की बालिकाएं परीक्षा देने के बाद अपने-अपने घर चली गई हैं, जो परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद जल्द ही विद्यालय आ जाएंगी। जांच टीम ने भोजन, पानी, साफ सफाई, स्वास्थ्य संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की और सरकारी प्रावधान के अनुसार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं मध्य विद्यालय भलुआनी हुरदाग में भी बच्चों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, पानी की व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की जांच की और बेहतर ढंग से विद्यालय संचालन का निर्देश दिया।

मौके पर जेसीईआरटी रांची के सहायक निदेशक मसुदी टुडू, एसपीओ जेईपीसी रांची के अरूण केरकेट्टा, निखिल पिरामल, रंका प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, सीआरपी देवेंद्र उपाध्यक्ष सहित अन्य लोग शामिल थे।

# रंका में कव्वाली मुकाबला का शानदार आयोजन



**मंत्री मिथिलेश ने तक्कूशाह दाता के मजार पर चादर पोशी कर क्षेत्र में अमन-चैन की दुआ मांगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित बाबा तक्कूशाह दाता के मजार प्रांगण में सालाना उर्स के मौके पर शानदार कव्वाली मुकाबला का आयोजन किया गया। इस मुकाबले में कुमार सत्यम आर्टिस्ट सिंगर मुंबई तथा हबीब अजमेरी नागपुर महाराष्ट्र के बीच बीती रात्रि शानदार कव्वाली का मुकाबला हुआ। दोनों कव्वाली कलाकारों ने भक्ति, देश भक्ति, श्रृंगार रस आदि में एक से बढ़कर एक कव्वाली प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बाबा तक्कूशाह दाता के मजार पर चादर चढ़ाया और देश, राज्य, जिला एवं रंका अनुमंडल क्षेत्र में अमन-चैन सुख शांति समृद्धि के लिए दुआ मांगी।

इस अवसर पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, झामुमो अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, अंजुमन कमेटी के सदर शोएब खलिफा, सलीम खलिफा, परवेज खलिफा, हारूण रशीद, नजीर अहमद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पाण्डेय, रंकाकला मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, डॉ इकरामुद्दीन, डॉ इस्लाम, मुमताज अली रंगसाज, फैरूदीन खलिफा, समैयुनूदीन खलिफा सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अवैध सखुआ बोटा लदा पिकअप जब्त, पुलिस ने तीन वन माफिया को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका वन क्षेत्र अंतर्गत चुतरू पंचायत के बाजारटांड़ के जंगल से तीन वन माफियाओं को रंका पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पता चला था कि रंका वन क्षेत्र के बरदरी-चुतरू के बीच वन माफियाओं के द्वारा निर्बाध रूप से वनों की कटाई करके शहरों की ओर कीमती लकड़ियों को बेचा जा रहा है। इस मौके के इंतजार में पुलिस लगी हुई थी। जैसे ही थाना प्रभारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां सखुआ के बोटा पिकप वाहन में ले जाते माफियाओं को पकड़ लिया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इधर वन विभाग के फारेस्टर राजीव पांडेय ने बताया कि पुलिस ने वन माफियाओं को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि लगभग एक लाख रुपए की सखुआ का बेटा पुलिस ने बरामद किया है। वन अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों पर न्याय संगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन लिया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों के नाम अरशद अली पिता अजमल अली, आशू दुबे पिता लाल मोहन दुबे, नूर ए आलम पिता शहाबुद्दीन अंसारी बताया जाता है।

### भवनाथपुर पुलिस ने छापेमारी कर शराब चुलाई के लिए रखे 90 किलो जावा महुआ को किया नष्ट

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना पुलिस की ओर से अवैध महुआ शराब चुलाई के विरुद्ध लागातार की जा रही छापेमारी अभियान से शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा है। गुरुवार को भी थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के झगड़ाखांड़, बनसनी एवं जिरहुल में छापेमारी कर शराब बनाने के लिए रखा गया 90 किलोग्राम से अधिक जावा महुआ को नष्ट किया गया। वहीं पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब कारोबारी भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने शराब चुलाई करने वालों को सख्त हिदायत दी है कि यदि शराब बनाते पकड़े जाएंगे तो सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी में थाना प्रभारी के साथ थाना के एसआई सहदेव साह व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़**

**मत्स्य स्पॉन के निविदा सूचना का शुद्धि पत्र**

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना (प्रस्तावित) के अंतर्गत रामगढ़ जिला में मत्स्य बीज उत्पादकों को मत्स्य स्पॉन आपूर्ति का अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना का विज्ञापन **PR296094 (Fish) 23-24D** द्वारा प्रकाशित की गई है। निविदा आमंत्रण सूचना हेतु प्रकाशित विज्ञापन में निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, रामगढ़ के स्थान पर निविदा समिति के समक्ष उपायुक्त, रामगढ़ के सभागार में खोली जायेगी। निविदा की शर्तें एवं समय यथावत रहेंगे।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 296161 Fish(23-24)#D

**कार्यक्रम : जयनगरा गांव सूर्य मंदिर निर्माण समिति का किया गया गठन**

# कोयल नदी के तट पर सूर्य मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन

**भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय सहित उपस्थित लोगों ने मंदिर निर्माण में बढ़-चढ़कर सहयोग का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता





**कांडी।** जयनगरा गांव में कोयल नदी के किनारे सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर शुक्रवार की सुबह भूमि पूजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के खरौंधा पंचायत अंतर्गत जयनगरा गांव में पावन सलिला कोयल नदी के तट पर भगवान भास्कर के मंदिर का निर्माण कराए जाने के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहित पंडित अरविंद पांडेय के द्वारा भूमि पूजन कराया गया। सूर्य मंदिर निर्माण समिति जयनगरा के उपाध्यक्ष रवि रंजन मेहता उप मुखिया ने जानकारी देते हुए कहा कि शुक्रवार की सुबह विहितं मुहूर्त में पुरोहित पंडित अरविंद कुमार पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सूर्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कराया गया।

इस मौके पर वरीय भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, धनंजय तिवारी, विनोद ओझा, मुखिया ललित बैठा, कांडी उत्तरी सीट की जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय ने मंदिर निर्माण के लिए अपना अंशदान समर्पित करते हुए कहा कि पलामू लोकसभा सीट से सांसद विष्णु दयाल राम भी मंदिर निर्माण में यथोचित सहयोग करेंगे। जबकि कांडी उत्तरी क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने कहा कि सूर्य मंदिर के सामने कोयल तट पर वे छठ घाट का निर्माण कराएंगे।

मालूम हो कि सूर्य मंदिर निर्माण के लिए रामप्रवेश मेहता एवं उनके भाई बैजनाथ मेहता ने तीन कट्ठा भूमि दान दिया है। इसी पवित्र भूमि में सूर्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर सूर्य मंदिर के निर्विघ्न निर्माण के लिए सूर्य मंदिर निर्माण समिति जयनगरा का गठन किया गया है। इसके सभी सदस्य एवं काफी संख्या में ग्रामीण भूमि पूजन के मौके पर उपस्थित थे। इनमें शशिभूषण मेहता अध्यक्ष एवं उप मुखिया रवि रंजन मेहता उपाध्यक्ष, परीखा पासवान सचिव, राज कुमार मेहता उप सचिव, ब्रजेंद्र कुमार समिति के कोषाध्यक्ष एवं आलोक कुमार मेहता उप कोषाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

वहीं मंदिर निर्माण निगरानी समिति के सदस्य दिलीप मेहता दुकानदार, महेश मेहता, वरुण कुमार, जय प्रकाश मेहता, बजरंगी मेहता, जय शंकर मेहता, आनंदी मेहता, विनय मेहता, अरविंद मेहता, देवेंद्र मेहता, नंदलाल मेहता एवं छठ पूजा समिति के सभी सदस्य भी उपस्थित थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

**कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची**
**कृषि भवन परिसर, काँके रोड,राँची**
(Email ld-dhoranchi125@gmail.com)

**निलामी संबंधी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राँची जिला में विभिन्न नर्सरियों/प्रोजनीबागों में वर्ष 2023–24 में लगे फलों यथा आम, लीची, अमरूद फलों की खुली डाक द्वारा निलामी कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची में की जायेगी। निलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति ससमय नीलामी स्थल पर पहुँच कर निलामी में भाग ले सकते हैं। डाक बोलने वाले को निर्धारित दर के अनुसार जमानत की राशि जमा करनी होगी। डाक के पश्चात उच्च बोली लगाने वाले की जमानत की राशि रख कर निम्न डाक बोलने वाले की राशि उसी समय वापस कर दी जायेगी। डाक लेने वालो को उक्त नर्सरी/प्रोजनीबाग में फल की देख–रेख स्वयं करना होगा। डाक लेने वाले को नर्सरी में अन्य पौधों की डाली तथा कोई भी सामान को नुकसान नहीं करना होगा। उच्च डाक लेने वाले व्यक्ति को डाक के पश्चात एक मुस्त राशि एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा करना होगा। कम डाक आने पर अद्योहस्ताक्षरी को डाक रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

| क्र0 | नर्सरी का नाम | तिथि | निर्धारित जमानत की राशि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रोजनीबाग, सिल्ली | 06.05.2023 | 10,000.00 | 01:00 अपराह्न |
| 2 | प्रखण्ड नर्सरी, सिल्ली | | 5000.00 | 01:00 अपराह्न |
| 3 | प्रखण्ड नर्सरी, काँके | | 5000.00 | 01:00 अपराह्न |
| 4 | प्रखण्ड नर्सरी, माण्डर | | 5000.00 | 01:00 अपराह्न |
| 5 | प्रखण्ड नर्सरी, ओरमांझी | | 5000.00 | 01:00 अपराह्न |

जिला उद्यान पदाधिकारी,
राँची

PR 296134 Agriculture(23-24)#D

# झारखंड के सोनू सूद सुजीत उपाध्याय के मुरीद हुए बॉलीवुड अभिनेता और गरीबों के मसीहा सोनू सूद भी

## झारखंड में इन दिनों एक नाम सुर्खियों में है सुजीत उपाध्याय, उम्र 28 वर्ष, लेकिन कार्य बड़े



**रांची।** सुजीत उपाध्याय ने कम उम्र में ही झारखंड में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। मजेदार बात यह है कि झारखंड के लोग सुजीत उपाध्याय को उनके नाम से नहीं, बल्कि झारखंड के सोनू सूद के नाम से ज्यादा जानते हैं। अब सोनू सूद को कौन नहीं जानता। सोनू बॉलीवुड कलाकार हैं, लेकिन इसके इतर कोरोना काल में जिस तरह से सोनू सूद ने लोगों की मदद की, उनका नाम उच्च कोटि के समाज सेवी के रूप में उभरा है। वह गरीबों के रीयल हीरो के रूप में जाने जाते हैं। सोनू सूद का झारखंड के लोगों से भी ज्यादा जुड़ाव रहा है। झारखंड के लोगों को भी सोनू ने खूब मदद की है। ठीक इसी प्रकार से सुजीत उपाध्याय भी जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए तन-मन-धन से कूद गये। कोरोना काल में तो उन्होंने न धर्म देखी न जाति। देखी तो सिर्फ लोगों की पीड़ा, जरूरत। उसके बाद वह जन कार्यों में कूद पड़े। क्या दिन, क्या रात, 24 घंटे वह जरूरतमंदो के लिए उपलब्ध रहे। यह सब सुन और देख सोनू सूद खुद को न रोक पाये। वह झारखंड के सोनू सूद से मिलने पहुंच गये।

### सुजीत के दीवाने हुए सोनू सूद और झारखंड के लोग

सुजीत उपाध्याय ने सेवा के क्षेत्र की एक लंबी लकीर खींची है। दरअसल जब देश में कोरोना महामारी तांडव मचा रही थी, झारखंड भी इससे अछूता नहीं रहा था। उस दौरान कोरोना ने झारखंड के लोगों को भी अपना शिकार बनाना शुरू कर दिया था। लोग एक दूसरे से दूरियां भी बनाने लगे थे। परिवार के लोग भी एक दूसरे से असहज महसूस करने लगे थे। सरकार भी आर्थिक मोर्चे पर संघर्ष कर रही थी। झारखंड के लोगों को सरकार की मदद के साथ-साथ समाज सेवकों की मदद की भी जरूरत थी। फिर क्या था, सुजीत उपाध्याय को लगा कि यही मौका है लोगों के काम आने का। क्या हुआ, कोरोना ने कहर मचाया हुआ है। जिंदगी ईश्वर ने दी है, एक ही है, क्यों न उसे जन सेवा में लगाया जाये। सुजीत उपाध्याय ने ईश्वर का नाम लिया और कूद पड़े मैदाने जंग में। सुजीत से जो बन पड़ा अपने स्तर से उन्होंने किया। इस 28 साल के युवक ने 20 हजार से भी अधिक झारखंडी प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचाने में मदद की। 270 जरूरतमंदों का राशन कार्ड बनवाया। सैकड़ों जरूरतमंदों को सुजीत ने अस्पताल भी पहुंचाया। उस दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अपने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया था कि उनसे जो भी बन पड़े, लोगों की मदद करें। फिर क्या था! सुजीत भी अपने राज्य के मुखिया और अपने नेता की बात सुन मैदान में कूद पड़े।

सुजीत उपाध्याय झारखंड मुक्ति मोर्चा से पिछले 17 वर्षों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने 2010 में झामुमो रांची महानगर के सह-सचिव, 2016 में जिला उपाध्यक्ष, 2019 में पार्टी प्रवक्ता की जिम्मेवारी संभाली है। यही नहीं, सुजीत कई धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हैं। रांची की दुर्गा पूजा- रामनवमी की विभिन्न कमेटियों में संयोजक भी हैं। सुजीत प्रदेश डीजल ऑटोचालक महासंघ के संयोजक, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के झारखंड प्रभारी भी हैं। सुजीत राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। वह समाज की जिम्मेदारियों से कभी पीछे नहीं हटे। वह समाज के लिए हमेशा पहली पंक्ति में नजर आये।

### असहाय व्यक्ति की मदद की

सुजीत उपाध्याय के बारे में लोग बताते हैं कि कोरोना काल के दौरान, रांची स्थित कोकर तिरिल बस्ती में एक असहाय व्यक्ति था। उसके पैर में प्लास्टर चढ़ा हुआ था। वह खुद से चल-फिर नहीं सकता था। वह व्यक्ति तीन दिनों तक सड़क पर पड़ा था। जब सुजीत को इसकी जानकारी मिली, तो वह उस व्यक्ति को तुरंत अस्पताल ले कर गये। सुजीत ने अपने पैसों से उसका इलाज करवाया और फिर उसे घर भी पहुंचाया।

### सुजीत ने सड़क पर पड़ी गर्भवती को अस्पताल पहुंचाया

एक और घटना की लोग जिक्र करते हैं। कोरोना काल की ही बात है। एक महिला, जो गर्भवती के साथ-साथ अपनी याददास्त खो बैठी थी। वह महिला रांची के बूटी मोड़ चौक पर पांच घंटे से असहाय पड़ी हुई थी। कोई उसकी मदद को आगे नहीं आ रहा था। उस महिला के बारे में जैसे ही सुजीत को पता चला, उन्होंने सदर थाना प्रभारी और रांची एसडीओ की मदद से उसे बेहतर इलाज कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सुजीत ने कोरोना काल में जिस प्रकार से लोगों और जरूरतमंदों की मदद की, उसकी जितनी तारीफ की जाये वह कम है।

### झारखंड के 1700 मजदूर फंसे थे, सुजीत ने की मदद

यहां एक और घटना का जिक्र करना जरूरी है। कोरोना महामारी के दौरान केरल के मलप्पुरम जिले में झारखंड के 1700 मजदूर फंसे हुए थे। सुजीत उपाध्याय को इसकी सूचना मिली। सुजीत उन फंसे हुए मजदूरों की सूची लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले। फिर क्या था! हेमंत सोरेन ने तुरंत एक्शन लिया। प्रशासनिक अधिकारी एक्टिव हुए और ट्रेन के माध्यम से उन 1700 मजदूरों को उनके घरों तक पहुंचाया गया। जब ये मजदूर मलप्पुरम से अपने घर लौटे ,तो इनकी जुबां पर हेमंत सोरेन के साथ-साथ सुजीत उपाध्याय का भी नाम था।

### एर्नाकुलम में फंसी थी 500 लड़कियां

सुजीत उपाध्याय को पता चला कि केरल के एर्नाकुलम जिले में झारखंड की करीब पांच सौ लड़कियां फंसी हुई हैं। यह जानकारी सुजीत उपाध्याय को व्हाट्सएप्प और फोन के माध्यम से मिली थी। सुजीत उपाध्याय ने इसकी सूचना तुरंत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पर तुरंत संज्ञान लिया। उन लड़कियों को लाने के लिए श्रमिक स्पेशल ट्रेन चलायी गयी। जब सभी लड़कियां एर्नाकुलम से झारखंड पहुंचीं, तो सभी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सुजीत उपाध्याय को धन्यवाद दिया।

### दुर्घटना में युवक की जान बचायी

भाजपा प्रदेश कार्यालय के समक्ष एक सड़क दुर्घटना हुई थी। उसमें एक युवक अधमरा सा हो गया था। उसकी स्थिति बहुत ही सीरियस थी। उस युवक की मदद के लिए कोई आगे नहीं बढ़ रहा था। कई लोग उसे छटपटाते देख रहे थे, पर कोई उसकी जान बचाने को आगे नहीं आया। संयोगवश उसी रास्ते से गुजर रहे सुजीत उपाध्याय की नजर उस युवक पर पड़ी। उन्होंने युवक को अपनी गाड़ी में लिटाया और सीधे उसे अस्पताल लेकर गये। समय से अस्पताल ले जाने के कारण उस युवक की जान बची। आज भी वह युवक सुजीत उपाध्याय का नाम लेते नहीं थकता।

### सड़क पर तड़पता असम का वह भूखा युवक

मुकेश चौधरी नामक किसी व्यक्ति ने सुजीत उपाध्याय को व्हाट्सएप के माध्यम से एक तस्वीर भेजी। यह तस्वीर असम से काम की तलाश में रांची आये एक युवक की थी। चूंकि कोरोना काल का समय था। लॉकडाउन लगा हुआ था। आने-जाने का कोई साधन नहीं था। रांची आने के बाद वह युवक फंस चुका था। उसके सारे सामान चोरी भी हो गये थे। तीन माह तक तो मुफ्त में बांटे जा रहे भोजन से उसने गुजारा किया। लेकिन बाद में भोजन नहीं मिलने से परेशानी होने लगी। कई दिनों से खाना नहीं खाने के कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गयी थी। जैसे ही सुजीत उपाध्याय को इस बात की खबर लगी, वह उस युवक के यहां पहुंच गये। उन्होंने उसे भोजन करवाया और अस्पताल में इलाज भी करवाया।

### भटकते 30 मजदूर आदिवासी

विश्व आदिवासी दिवस के दिन तमिलनाडु से 30 आदिवासी मजदूर रांची पहुंचे थे। उस दौरान कोरोना महामारी चरम पर थी। मजदूरों ने बताया कि वे तमिलनाडू से बस से रांची पहुंचे थे। प्रत्येक ने 6500 रुपये देकर बस बुक किया था। लेकिन बसवाला इन सारे मजदूरों को रांची के खेलगांव चौक पर ही उतार कर वहां से चलता बना। कोरोना काल में सुजीत उपाध्याय भी लोगों की मदद के लिए घर से बाहर निकल जाते। इस क्रम में उनकी गाड़ी उन मजदूरों के पास से गुजरी। भीड़ को देख सुजीत रुके। उन्होंने लोगों से पूछा कि भीड़ क्यों जमा है। क्या परेशानी है। बातचीत के क्रम में पता चला कि वे मजदूर हैं, जो तमिलनाडु से रांची पहुंचे हुए थे। मजदूरों ने अपनी आपबीती सुजीत को बतायी। उसके बाद बस का पीछा किया गया, लेकिन बस मिली नहीं। निराश मजदूरों को पहले तो सुजीत ने खाना खिलाया। उसके बाद उन मजदूरों से पूछा कि उन्हें जाना कहां हैं? मजदूरों ने कहा कि उन्हें सिमडेगा जाना है। सुजीत उपाध्याय ने फौरन रांची प्रशासन से इस संबंध में बातचीत की। तत्कालीन उपायुक्त रांची ने एडीएम को बस उपलब्ध कराने को कहा। बस उपलब्ध हुई और सभी मजदूरों को सिमडेगा छोड़ा गया।

### परिचय के मोहताज नहीं

सुजीत उपाध्याय किसी परिचय के मोहताज नहीं। उनकी लोकप्रियता उनकी पार्टी में भी है और अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों में भी। प्रशासनिक अधिकारियों में भी सुजीत काफी लोकप्रिय हैं, क्योंकि वह सामाजिक कार्यों की अगली पंक्ति के नायक हैं। यही कारण है कि कोई भी प्रशासनिक अधिकारी उनकी बातों को नकारता नहीं है। उन्हें पता है कि यह व्यक्ति लोगों की मदद करता है। प्रशासन भी सुजीत की मदद में लग जाता है। जब भी लोग कोरोना महामारी में नायकों , मददगारों का जिक्र करेंगे, सुजीत का नाम भी अगली पंक्ति में शुमार मिलेगा। झारखंड को गर्व है कि यहां सुजीत उपाधय जैसे लोग हैं, जो समाज कल्याण और समाज के लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे खड़े रहते हैं।

## लोहरदगा/लातेहार की खबरें

### सीआरपीएफ के जवानों ने सर्च ऑपरेशन में काफी संख्या में विस्फोटक एवं हथियार किये बरामद

# नक्सलियों के मंसूबों को किया नाकाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर थाना क्षेत्र के लात पंचायत के बेरे मे सीआरपीएफ 112 बटालियन के जवानों द्वारा विशेष सर्च ऑपरेशन में काफी संख्या में विस्फोटक एवं हथियार बरामद कर उग्रवादियों के मंसूबों को विफल कर दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह सीआरपीएफ 112 बटालियन के कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू के निर्देश पर सहायक कमांडेंट राकेश कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ के जवानों द्वारा बम स्क्वाड एवं डॉग स्क्वाड के साथ लात के अति नक्सलवाद प्रभावित बेरे जंगल में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों को 3 आईआईडी बम, 7 किलोग्राम के साथ-साथ किलोग्राम के 2 सिलेंडर बम 2.5 किलोग्राम की एक टिफिन बम बरामद किया गया।इसके साथ ही सीआरपीएफ के जवानों को एक लोकल मिनी गन समेत 35 नग राउंड गोली भी बरामद किया गया है। बरामद किए गए विस्फोटक को बम स्क्वायड द्वारा जंगलों में ही डिस्फुज कर दिया गया है। सीआरपीएफ के जवानों को नक्सलियों द्वारा बिछाई गई जाल को नष्ट करने में बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। इस संबंध में सहायक कमांडेंट राकेश कुमार ने बताया कि लात के बेरे जंगल होते हुए बूढ़ा पहाड़ आने जाने का रास्ता है। नक्सलियों द्वारा इस रास्ते में काफी संख्या में आईआईडी बम लगाकर सीआरपीएफ के जवानों को इस क्षेत्र में जाने से रोकना एवं सुरक्षा बल के जवानों को नुकसान पहुंचाना मुख्य लक्ष्य था। जिसे समय रहते ही नष्ट कर दिया गया।सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि इस ऑपरेशन में किसी तरह का सुरक्षाबलों वह ग्रामीणों को नुकसान नहीं हुआ है।इस ऑपरेशन में सीआरपीएफ की कई अधिकारी वह जवान शामिल थे।

# वीर अहीर शहीदों के सम्मान में निकली भव्य कलशयात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़/लातेहार।** प्रखंड में दिन शुक्रवार को वीर अहीर शहीदों के सम्मान में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी. कलश यात्रा का शुभारम्भ प्रखंड के शहीद चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार स्थित शास्त्री चौक, बिरसा चौक, रामपुर चौक से होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचा। जुलुस में शामिल लोगों ने भगवान बिरसा व जीतू मिठू किसान पर माल्यार्पण किया. अंततः रामपुर में जुलुस एक सभा में तब्दील हुई, जहाँ सभा शुभारम्भ फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेजांगला में वीर अहीर शहीद जिन्होंने 1962 के भारत चीन युद्ध में 1300 चीनी सैनिकों को महज 114 अहीर सैनिक ने



युद्ध लड़कर वीरगती को प्राप्त हुए थे। इन्ही रेजांगला के वीर अहीर शहीदों के सम्मान में आज अहीर रेजिमेंट की मांग की जा रही है. इस अवसर पर मुख्य अतिथि भोला नाथ प्रसाद पुअनी, यादव महासभा के अध्यक्ष मोहन प्रसाद यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव, यादव महासभा के उपाध्यक्ष राम दयाल यादव, जिलास्तरीय सदस्य रामनाथ यादव, प्रेम यादव, राम लखन यादव, राजनाथ यादव, शंकर यादव, सुरेश यादव, संतोष यादव, उदय यादव, जसवंत यादव, कमलेश यादव व हजारों यादव समाज के सदस्य शामिल रहे।

# योजनाओं के निष्पादन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**पेशरार/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती एवं घोर नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनहित में उतारी जाने वाली विकास योजनाओं को बेहतर रूप से क्रियान्वयन हेतु प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से कृत संकल्पित है। इसे लेकर शुक्रवार को पेशरार प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र में संचालित सभी प्रकार के विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक किस्को प्रखंड मुख्यालय पर स्थित बीडीओ के कार्यालय कक्ष में संपन्न हुआ। इस दौरान कर्मियों को निर्देश देते हुए बीडीओ रमेश कुमार यादव ने कहा कि योजनाओं के निष्पादन में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक ससमय पूरी तरह से उतारने में सभी कर्मी इमानदारी पूर्वक अपनी जिम्मेवारी का शत-प्रतिशत निर्वहन करें। बीडीओ रमेश कुमार यादव ने कहा कि जो भी कर्मी कार्य के प्रति लापरवाही बरतेंगे वैसे कर्मी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इधर विकास योजनाओं के समीक्षात्मक बैठक के दौरान क्षेत्र में संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना और पीएम योजना के निपटारे में गति लाने की बात कही। इस बीच मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित कूप निर्माण, डोभा निर्माण, डाँड़ी, चुंआ, दीदी बाड़ी, बागवानी आदि योजना के प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अधूरे कार्य के निपटारे में गति लाने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए लंबित पड़े आवास को यथाशीघ्र निपटारा कराने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ तौसिफ इसलाम, पंचायती राज पदाधिकारी महेश कुमार चौहान, सहायक अभियंता अनिल उरांव, कनीय अभियंता सूरज कुमार प्रजापति, सहित अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# झामुमो-कांग्रेस की सत्ता में सबसे ज्यादा आदिवासी बेटियां असुरक्षित: मनीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा के कुडु प्रखंड के पंडरा ग्राम चेटर की आदिवासी नाबालिग लड़की जो अपने चाचा के घर शादी समारोह में हिस्सा लेने गई इस दौरान गुरुवार शाम शौच के लिए बाहर निकली बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिले और कहा कि वर्तमान सरकार में असामाजिक तत्व एवं बलात्कारियों में डर भावना खत्म हो चुकी है आज हमारे जिले की बच्ची जिंदगी और मौत के बीच झूल रही का मात्र एक ही कारण है कि वर्तमान सरकार के द्वारा वोट बैंक की राजनीति को देखते हुए गलतियों पर बारंबार पर्दा डालने से ऐसे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। जेएमएम और कांग्रेस पार्टी के कथनी और करनी में अर्श और फर्श का अंतर है। कहने को यह सरकार तो अपने आप को आदिवासी गरीबों की भला करने वाली बताती है परंतु आज सरकार विशेषकर आदिवासी एवं गरीब जनता को सुरक्षा भी मुहैया नहीं करा पा रही है लगातार बहू बेटियों के साथ बलात्कार हत्या जैसी घटनाएं हो रही है। राज्य को सुरक्षित तभी माना जाएगा जब प्रदेश में बेटियां सुरक्षित होगी। लोहरदगा एक राज्य के मंत्री का क्षेत्र है परंतु लगातार बलत्कार और हत्या की घटनाएं हो रही है उसका मूल कारण तुष्टीकरण दृष्टि से कार्यवाही का आदेश परंतु भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। हमलोग पिड़िता को न्याय दिलाकर रहेंगे अपराधी कोई भी हो उसकी कठोर दंड जरूर मिलेगी। पिड़िता के साथ पूरा भाजपा परिवार है।

# लोहरदगा में 5 से 15 मई तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत दिनांक 15.05.2023 तक लोहरदगा जिला में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया किया जायेगा। इस संबंध में उपायुक्त-सह-जिला जल एवं स्वच्छता समिति, लोहरदगा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा संबंधित विभागों, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी मुखिया और सभी जल सहिया को अभियान को सफल बनाने हेतु विभिन्न निर्देश दिये हैं। इसके अंतर्गत स्वच्छता भारत मिशन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्राम स्तरों पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, गोबरधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, मलीय कचरा प्रबंधन एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन का कार्य अभिसरण के आधार पर किया जाना प्रस्तावित है जिसके तहत विभिन्न प्रकार की संरचानाओं का निर्माण किया जाना है। ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के आधार पर गाँव को वन स्टार, थ्री स्टार एवं फाईव स्टार घोषित एवं सत्यापित किये जाने का प्रावधान है।

# डीडीओ के नहीं रहने पर शिक्षकों को दो माह का वेतन भुगतान नही

**महुआडांड़।** महुआडांड़ शिक्षक संघ द्वारा बताया गया कि विभागीय आदेश और विकट परिस्थितियों में कार्य करते हुए भी दो माह का वेतन शिक्षकों नहीं मिल पाया। जब से बीईईओ को डीडीओ का पद मिला है तब से दो माह का नहीं मिला। जिससे आर्थिक समस्या हो रही। शिक्षक संघ महुआडांड़ ने उच्च अधिकारी से जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग की है।

# लोहरदगा में कोरोना के फिर मिले दो नये संक्रमित, मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 21

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कोरोना संक्रमण ने लोहरदगा में रफ्तार पकड़ ली है । सदर अस्पताल समेत विभिन्न प्रखंडों में किया गया कोरोना जांच में शुक्रवार को फिर दो नये कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान की गयी है। इससे जिले में कुल कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़कर 21 हो गया है। प्रतिदिन कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज होते हुए संख्या बढ़ती जा रही है। उपरोक्त की पुष्टि करते हुए सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने बताया कि, जिले में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। लोगों को जागरूक होकर गाइडलाइन का अनुपालन करने की जरूरत है। सीएस ने कहा कोरोना को लेकर लोग घबराए नहीं, सदर अस्पताल समेत प्रखंडों के सीएचसी में कोरोना से निबटने के लिए ठोस प्रबंध किया गया है।

## बेटी की अंत्येष्टि में जाने के लिए निकले पिता की सड़क दुर्घटना में मौत



**गुरुवार की शाम कब्रिस्तान में बेटी को और शुक्रवार की शाम पिता को दफन किया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कामडारा।** कहते हैं कि इंसान जिससे अत्यधिक प्यार करता है उसकी जुदाई बर्दाशत नहीं होती। अब जान से ज्यादा प्यारी बेटी जब दुनिया को अलविदा कह दे तो जान से ज्यादा प्यार करने वाले पिता की मनःस्थित क्या होगी ये अंदाजा लगाना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है। शुक्रवार को कामडारा में इसी प्रकार का दर्दनाक दृश्य देखने को मिला। बेटी की अंत्येष्ठी में जा रहे पिता की भी अर्थी सजानी पड़ी। मामला कामडारा थाना अंतर्गत टुरूडु के गांव बोंगदा का है। यहां के निवासी जगन टोपनो की मौत सड़क दुर्घटना में उस समय हो गयी जब जगन अपनी बेटी की मौत की सूचना पर अंतिम संस्कार में भाग लेने आ रहे थे। जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय जगन तोपनो अपनी बेटी की मौत की सूचना पाकर अंतिम संस्कार हेतु बाइक ड्राइव कर अपने पैतृक घर कामडारा थाना क्षेत्र के बोंगदा टंगरा टोली गांव जा रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने कामडारा स्थित पानी टंकी के समीप तीन चार दिनों से ब्रेकडाउन खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

जगन ओडिशा में रह कर काम करते थे। गुरुवार को उनकी बारह वर्षीय बेटी की मौत गांव में हो गई थी। बेटी की मौत की सूचना पर पिता बाइक से घर बोंगदा अंतिम संस्कार में भाग लेने जा रहा था। इसी क्रम में सड़क हादसा का शिकार हो गया। गुरुवार की शाम गांव के कब्रिस्तान में बेटी और शुक्रवार की शाम गांव से बाहर अपनी जमीन पर पिता को दफन किया गया

## बसिया में ग्रामीण विकास विभाग अनुसमर्थन दल की टीम ने किया योजनाओं का निरीक्षण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर की अध्यक्षता में अनुसमर्थन दल की टीम द्वारा बसिया प्रखंड का दौरा किया गया। टीम द्वारा मनरेगा, आवास एवम जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा सर्वप्रथम सोलंगबिरा, बरटोली में अंडा उत्पादन को देखा गया। टीम द्वारा मनरेगा से बन रहे पशुधन शेड, सुकर पालन, आवास का निरीक्षण किया गया। उक्त टीम के साथ आवास के स्टेट कोर्डिनेटर रोशन पिंगवा, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, प्रशाखा पदाधिकारी अनिल कुमार जिला से पीओ मनरेगा सुनीता कुजूर, आवास कोडिनेटर विकास कुमार इत्यादि शामिल थे। संयुक्त सचिव द्वारा लोगो को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ देने का निर्देश भी दिया गया।

## मिलेट्स कार्यक्रम मिशन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को मिलेट्स कार्यक्रम मिशन को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य प्रशिक्षक केवीके डॉ सुनील कुमार ने पंचायतों से प्रशिक्षण ले रहे किसानों को इसके बारे में बारीकी से प्रशिक्षण दिया। किसानों को बताया गया कि कब और किस समय मोटे अनाज लगाना है। कब पौष्टिक खाद की जरूरत पड़ती है। इससे अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य आकांक्षा प्रखंड डुमरी में रखा गया है। डुमरी प्रखंड में मोटे अनाज उत्पादन को बढ़ाया दिया जाएगा। गोंदली की भी खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रखंड में इसके लिए सरकार और विभाग की ओर से किसानों को सहायता भी प्रदान की जाएगी। मौके पर सुनील कुमार ने किसानों को रागी मिशन से जुड़कर लाभ लेने की अपील की। मौके पर प्रभारी बीएओ मारवाड़ी भगत, बीटीएम आलोक, सुमित कुमार, एटीएम सुमित एक्का, कैलाश उरांव, विभिन्न पंचायतों के मुखिया ज्योति बहेर, देवी चेतन, लाल मिंज, संजय उरावं एवं अन्य शामिल हुए।

## सरना प्रार्थना सभा सम्मेलन आज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुर्गू गांव में शनिवार को सरना प्रार्थना सभा धर्म महासम्मेलन मतियो बगीचा में आयोजित किया जाएगा। इस धर्म महासम्मेलन को सरना प्रार्थना सभा पंचायत स्तरीय कमेटी द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सिसई विधायक जिंगा सुसारन होरो, विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा भाग लेंगे। इसके अलावे सरना धर्मावलंबी धार्मिक, सामाजिक, बुद्धिजीवी अगुवा गण,महतो पनभारा कोटवार मुख्य रुप से शामिल होगें। इसकी जानकारी आयोजन समिति के विमल उरांव ने दी।

**कार्रवाई :** गुमला में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने पानी की फैक्ट्रियों में की छापेमारी

# एकुआ हिमानी पानी फैक्ट्री को अगले आदेश तक किया सील

**गुमला जिले में नियमों और मानकों को ताक पर रख कर चलायी जा रही हैं पानी की फैक्ट्री**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार अब पानी पर छापा मार रहे हैं। बात भले आपको कुछ अजीब सी लग रही हो लेकिन यह सौ फीसदी सच है। अनुमंडल पदाधिकारी गुमला के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने शुक्रवार को गुमला खोरा में स्थित एकुआ हिमानी पानी फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बिना लाइसेंस के फैक्ट्री चलाने, गंदे तरीके से पानी की मनुफक्चरिंग एवं पैकिंग, वाटर मैनुअल में दर्शाए गए विभिन्न नियमों का अनुपालन नहीं करने संबंधी त्रुटि पाई गई। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों से भी पूछताछ की। उन्होंने फैक्ट्री में लगे उपकरणों का बारीकी से मुआयना भी किया। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री पर मानकों की अनदेखी नहीं की जा सकती। खाद्य मानकों पर समझौता करना सीधे-सीधे आम लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करना है। उन्होंने कहा कि खाने पीने वाली वस्तुओं पर प्रशासन की पैनी नजर है। किसी भी हाल में मानकों से समझौता नहीं किया जायेगा। लव कुमार ने इस फैक्ट्री से कुल 605 कार्टून बड़ा बोतल और 375 कार्टून छोटा बोतल सीज कर लिया है। साथ ही अगले आदेश तक के लिए फैक्ट्री में पैकेजिंग एवं कार्य को बंद करने का निर्देश भी दिया। पदाधिकारी ने पानी का नमूना लिया और जांच के लिए लैब भेजे जाने की बात कही।

ऐसा नहीं कि केवल एक ही फैक्ट्री में पानी को लेकर छापेमारी की गई। बल्कि शुक्रवार को ही विजय आरओ, गोकुल नगर गुमला स्थित श्रृष्टि प्रवाह योजना, सदर अस्पताल गुमला स्थित कोमल पानी प्लांट, करौंदी स्थित प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बिना लाइसेंस के फैक्ट्री चलाते पाए गए। संबंधितों को नोटिस निर्गत किया गया एवं पानी की जांच कराकर रिपोर्ट के साथ 14 दिनों के अंदर एफएसएसएआई का लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया।

## हंसी मजाक में राजमिस्त्री ने लगायी पानी में छलांग, मौत

**भारी मशक्कत के बाद तालाब से निकाला गया शव**

**मजदूर संघ सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव ने मजदूर की मौत पर चिंता व्यक्त कर परिजनों को**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने से अरमई के उरांव बस्ती में रहने वाले राज मिस्त्री बिरसाई उरांव की मौत हो गई। बिरसाई उरांव की उम्र लगभग 45 साल बताई जा रही है। लगभग 9 बजे सुबह नहाने के दौरान यह हादसा हुआ। शव को ढूंढने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कई लोगों द्वारा मुश्किल से पानी में घंटों खोजने के बाद शव मिला। परिजन का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पर मौके पर मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान अरमई उरांव बस्ती पहुंचे। उन्होंने मृतक मजदूर बिरसाई उरांव की पत्नी व बच्चे से मिल कर घटना की जानकारी ली। दाह संस्कार के लिए जिला प्रशासन से उचित आर्थिक सहयोग की अपील की है। पेशे से बिरसाई उरांव राज मिस्त्री था। वह चार लड़का, एक लड़की का पिता था। मजदूर की लाश देखते ही देखते गहरे पानी में जाकर किचड़ में फंस गई थी। घटों जाल फेंक कर और विभिन्न तरीकों से युवक मजदूर के शव खोजते रहे। बताया जा रहा कि मृतक मजदूर हमेशा सभी से हंसी खुशी रहता था और जब डोभा के पास पहुंचा तो कुछ युवक नहा रहे थे, जिसे मजाक मजाक में फुल पैंट शर्ट बिना खोले पानी में छलांग लगा दी। बताया जाता है कि मजदूर हमेशा हंसी मजाक करते हुए कई बार इस तरह से पानी में छलांग लगाता था। इसीलिए वहां मौजूद युवक मजाक समझ कर अपना अपना कपड़ा धोते रहे, लेकिन पानी के अंदर आधा घंटा से उपर बीत जाने के बाद भी पानी से बाहर नहीं आया तो युवकों ने इसकी जानकारी मजदूर के परिजन को दी। प्रत्यक्ष दर्शियों ने अन्य ग्रामीणों को भी इसकी सूचना दी। तब उसे पानी के अंदर ढूंढने की कवायद शुरू हुई। घंटों मशक्कत करते रहे पर लाश बाहर नहीं आया, फिर जाल फेंका गया तब जाकर मजदूर बिरसाई उरांव का शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी गुमला थाना को दी गई।

मौके पर पुलिस ने पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजा। मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान ने मजदूर की मौत पर चिंता व्यक्त कर मजदूर के परिजनों को जिला प्रशासन से उचित आर्थिक सहयोग व जितने भी सरकारी योजना है सब कुछ परिजन को उपलब्ध कराने की मांग की है।

## घर से चोरी कर भागती दो महिलाओं को ग्रामीणों ने दबोचा

**दोनों महिलाओं ने बताया कि वह सिसई बजार टांड़ में अपने परिवार के साथ रह कर भीख मागंने का काम करती हैं**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सिलाफारी गांव के एक घर में घुस कर रुपये चोरी कर भागते हुए दो महिलाओं को ग्रामीणों ने धर दबोचा। बताया जा रहा है कि सिलाफारी के बाबूलाल महतो के घर से लगभग 20 हजार की चोरी महिलाओं ने की थी। रुपये लोन में जमा करने के लिए रखे गए थे। जब घर की मालकिन रखे रुपये को लोन भरने के लिए निकालने गयी तो वहां से रुपया गायब पाया। उसने बिना मौका गंवाए अपने पति बबलू महतो को फोन कर रुपये गायब होने की बात बताई। बाबूलाल बिना देर किए भागता हुआ घर आ रहा था तभी गांव से निकलती हुई दोनों महिलाओं को देखा। महिलाओं को नया देख बाबूलाल ने उन्हें रूकने को कहा तो दोनों भागने की कोशिश करने लगी। इतनी देर में कुछ और ग्रामीण पहुंच गए। जिससे दोनों वहां से नहीं भाग सकीं। दोनों महिलाओं को गांव की महिलाओं ने घर के अंदर ले जाकर चेक की तो उनके पास से चोरी का लगभग 4 हजार रुपये मिला। इसी बीच इसकी सूचना एक ऑटो चालक ने इंस्पेक्टर सह गुमला थाना प्रभारी बिनोद कुमार को फोन पर दी। साथ ही घटना की जानकारी मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान को भी दी गई। वहीं दोनों महिलाओं के बारे में पूछताछ की गई तो महिलाओं ने अपना नाम सोनिया और रीना बताया। बताया कि वह सिसई बजार टांड़ में अपने परिवार के साथ रह कर भीख मागंने का काम करती हैं।ग्रामीणों ने दोनों महिलाओं को थाना को सौंपने की बात कही।

## आंधी-बारिश से सिसई के कुदरा गांव में भारी नुकसान

**सिसई (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे के करीब अचानक आयी भारी आंधी व बारिश होने के दौरान कुदरा में भारी नुकसान हुआ। कई लोगों के घरों के एस्वेस्टस उजड़ गये। कुछ के घरों की छत में पेड़ की डाली गिरने से नुकसान हुआ। वहीं कुदरा-बगीचाटोली पथ के किनारे लगे हाई बोल्टेज तार के तीन चार पोल टूटकर गिर गये, जिससे एक गाय की मौत हो गई। मृत गाय के मालिक सीताराम गोप ने बताया कि बिजली पोल की चपेट में आने से उसके दुधारू गाय की मौत होने से करीब 20 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन व विभाग से मुआवजा की मांग की है। वहीं ग्राम प्रधान एतवा उरांव, छेदी सिंह, सुकरा उरांव, जसवीर सिंह, अकलू उरांव, जयराम उरांव, सोमरा उरांव सहित कई ग्रामीणों ने अपने क्षतिग्रस्त घरों की भी मुआवजे की मांग की है।

## फरार आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई पुलिस ने आर्म्स एक्ट के आरोपी विनोद मिंज को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस संबंध में थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि विनोद मिंज पिता मंगरा मिंज ग्राम पुगु नदी टोली गुमला सिसई थाना 27 आर्म्स एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त है। वर्ष 2020 में रेड़वा गांव में शादी समारोह में वरमाला के दौरान राइफल से फायरिंग हुई थी। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया था। 12 दिसंबर 2020 को सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

**अभियान :** जिले के 10 प्रखंडों में 8 से 26 अप्रैल के बीच लगाये गये कई रक्तदान शिविर

# सैकड़ों की संख्या में लोगों ने किया रक्तदान

**उपायुक्त के निर्देशानुसार अगला प्रखंड स्तरीय रक्तदान शिविर 15 से 31 मई के बीच सभी प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिले के 10 प्रखंडों में 8 अप्रैल से 26 अप्रैल के बीच अभियान के रूप में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी, कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, जेएसएलपीएस कर्मी, शिक्षक आदि सहित तमाम सरकारी एवं गैर सरकारी स्वैच्छिक लोगों ने रक्त दान किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगो को रक्त दान करने के प्रति जागरूक करना था। उक्त शिविरों के दौरान कुल 144 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। जल्द ही चैनपुर एवं विशुनपुर में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देशानुसार अगला प्रखंड स्तरीय रक्तदान शिविर 15 मई से 31 मई के बीच सभी प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक प्रखंडों से 100 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित है। कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सदर रवि जैन के निर्देशन में लगे इन कैंपों के जरिए ए+ के 39 यूनिट ब्लड, बी+ के 43 यूनिट , बी- के एक यूनिट, एबी+ के 15 यूनिट, ओ+ के 43 यूनिट एवं ओ- के 2 यूनिट ब्लड लोगों द्वारा दान किए गए।

**वर्तमान में जिले में ब्लड की उपलब्धता :** रक्तदान शिविर से पूर्व जिले में कुल 19 यूनिट रक्त की उपलब्धता थी। शिविर के दौरान 144 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें से कुल 83 यूनिट रक्त का मरीजों के लिए उपयोग किया गया एवं वर्तमान में कुल 80 यूनिट ब्लड की उपलब्धता ब्लड बैंक में है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय टीम के पदाधिकारियों द्वारा अनुश्रवन किया गया। टीम में विजिटर जेसीआरटी के सलाहकार कमला सिंह, जय किशन, जेइपीसी केयर इंडिया प्रभारी दिव्यानी, परिमल फाउंडेशन जिला समन्वयक गुमला, सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय में चल रहे आरटीई व अन्य गतिविधियों पर अनुश्रवण, सीताराम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भरनो, विद्यालय में चल रहे विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान सभी गतिविधि संचालित मिली और गुणवता को बढ़ाने के लिए विशेष जोर देने की बातें कही गयी। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनि तिर्की, प्रखंड साधन सेवी समीम एजाज, प्रिंसिपल देवकुमार सिंह, रिसोर्स विरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

### बाल विवाह मुक्त गांव बनाने की रणनीति बना कर करें कार्य : डेजी कुजूर



**बसिया (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को प्रखंड सभागार भवन में समाज कल्याण विभाग एवं सेन्टर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के सयुंक्त तत्वावधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं को किशोरी शिक्षा, बाल विवाह एवं बाल संरक्षण विषय पर जागरूक करते हुए महिला पर्यवेक्षिका डेजी कुजूर ने कहा कि हम सब मिलकर एक कार्य योजना के साथ इन सब मुद्दों पर कार्य करेंगे तो हम गावों को बाल विवाह मुक्त कर पायेंगे। साथ ही हम सभी का जो एक सपना है कि हर किशोरी अपना शिक्षा पूरी करे वो साकार हो पायेगा। मौके पर सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज की संगीता घोस ने कहा कि हमें मिलकर किशोरियों, अभिभावकों को इन सब विषयों पर जागरूक करना होगा। ग्राम सभा, ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति के बीच इन मुद्दों को रखकर हमारे गावों के किशोरियों का कम उम्र में विवाह ना हो, वे अपनी शिक्षा पूरी करें और विकास के पथ पर आगे बढ़कर अपने पैर पर खड़े होकर एक सशक्त महिला बनें। मौके पर सी 3 के प्रकाश सारंगी, महिला सुपरवाईजर सलोमी तिग्गा, सुमन देवी, सी3 इंडिया की मनीषा श्रीवास्तव, जानकी कुमारी, मंजू देवी, सीमा और कुल 80 सेविका उपस्थित थी।

### चैनपुर बीडीओ ने की विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता मे प्रखंड कर्मियों के साथ प्रखंड में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में मनरेगा, पीएम आवास, केसीसी एवं 15वें वित्त की समीक्षा की गई। बैठक में बीडीओ ने कहा कि अधूरा पड़े पीएम आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करें। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि 2 मई को ब्लॉक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि प्रखंड वासी रक्तदान करें। समीक्षा के दौरान बीडीओ ने विभाग से संबंधित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लम्बित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करें। वहीं पंचायतवार योजनाओं की समीक्षा के दौरान कई जगहों पर गलतियां पायी गई। जिसपर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए पंचायत सचिव, रोजगार सेवक को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। कहा कि मनरेगा हो या 15वें वित्त का काम हो इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में जेएसएलपीएस की कोर्डिनेटर को निर्देश दिया गया कि वे महिला मंडल की महिलाओं को कटहल के आचार, चिप्स, महुआ के लड्डू इत्यादि बनाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मुख्य रूप से रामपुर मुखिया दीपक टोप्पो, कमिंग मुखिया मधुरता मिंज, बरवेनगर मुखिया अमृता खलखो, हुलेश साहू, मनोज कुमार, हीरालाल साहू, धनंजय प्रसाद, रविन्द्र बड़ाइक सहित पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### नरमा और तुमसे गांव में धूमधाम के साथ मनाया गया प्राकृतिक पर्व सरहुल



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रोल तुमसे एवं नरमा गांव में धूमधाम के साथ प्राकृतिक पर्व सरहुल मनाया गया। इस मौके पर तुमसे गांव के सरना स्थल एवं नरमा गांव के सरना स्थल पर स्थानीय बैगा एवं पुजार के द्वारा विधिवत मां सरना की पूजा अर्चना कर पूरे गांव एवं समाज की खुशहाली एवं अच्छी बारिश के साथ अच्छा फसल होने की कामना की गई। इस मौके पर दोनों जगह पर शोभायात्रा निकाली गई एक शोभायात्रा तुमसे गांव से शुरू होकर रोल तक पहुंची। जबकि दूसरे गांव डाड़ टोली से लेकर नरम तक शोभायात्रा निकाली गई। जहां पर गांव के खोडाहा के द्वारा पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ नृत्य करते हुए लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा निश्चित स्थान पर जाकर सभा में तब्दील हो गयी। जहां पर नरमा में स्थानीय पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र उरांव एवं तुमसे में युवा समाज सेवी रोहित रोशन भगत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा गया कि हमारा प्राकृतिक पर्व सरहुल मनाने का खास मकसद यह है कि हम अपने गांव घर एवं समाज की खुशहाली की दुआ मां सरना से करते हैं। साथ ही अच्छी बारिश होने की कामना की जाती है ताकि फसल भी सही से हो सके और सभी लोगों का पेट भरे। मौके पर शोभायात्रा में शामिल सभी थोड़ा को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर धनेश्वर उरांव सुरेन्द्र उरांव रामधारी सिंह जसिनदर खेरवार बिन्देश्वर उरांव पुजार जितेंद्र उरांव बैगा जयराम उरांव वहीं नरमा में प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव राजू भगत राजेंद्र उरांव सुजीत उरांव रामविलास भगत बंधू विलास भगत अशोक खेरवार सहित काफी संख्या में आयोजक समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## योजनाओं की गुणवत्ता पर रहेगी पैनी नजर

# जब तक चुनाव नहीं होता हम सभी की जवाबदेही सबसे ज्यादा : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता




शहर के कई चौराहों के नाम करण का उद्घाटन करती महापौर अरुणा शंकर। इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य गणमान्य सदस्य।

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन शुक्रवार को कार्यालय में कई योजनाओं का शिलान्यास करने के साथ ही चौक-चौराहों के नामों के शीलापट का अनावरण एवं उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी का सत्र 18-23 कार्यकाल का अंतिम दिन है। अब तक हम सभी लोग मिलकर हर योजनाओं को बनाते थे। मैं अपनी निगरानी में क्रियान्वयन कराती थी, ताकि बेहतर काम हो सके। अब मैं प्रहरी के रूप में हर योजनाओं पर पैनी नजर रखूंगी, ताकि मेरे कार्यकाल में बनाई गई हर योजनाएं धरातल पर सही ढंग से उतर सके। महापौर ने कहा कि हमारे निगम कर्मियों की टीम काफी ऊर्जावान एवं संवेदनशील है। झारखंड का शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम है तभी हम सभी जीरो से 2022 में भारत सरकार स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन हो पाए। आशा है इन सब की देख-रेख में हमारी सारी बनाई गई योजनाएं अच्छे ढंग से मूर्त रूप लेगी। महापौर ने कहा कि हमारे सारे पार्षद, उप महापौर मेरे छोटे भाई मंगल सिंह ने अपने-अपने क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन किया। हर क्षेत्र में काम हुआ है। मैं उनका सम्मान करती हूं और हम सब मिलकर जनहित के सभी योजनाओं का क्रियान्वयन करते रहेंगे, क्योंकि हम सब हारे नहीं, बल्कि जीते हुए प्रतिनिधि है। महापौर ने अपने सभी जिला एवं निगम प्रशासनिक पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उन लोगों के मार्गदर्शन एवं साथ की वजह से निगम में ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। समय-समय पर उनके मार्गदर्शन की वजह से मैं बेदाग रही। महापौर ने कहा कि जो योजनाएं स्वीकृत है जिसका चंद दिनों में टेंडर होगा उसमें वेंडर जोन, सब्जी एवं फल मार्केट, मीट मार्केट, सभी तालाबों का जीर्णोद्धार, कच्चारोवा डैम वाटर पार्क, सड़कों का चौड़ीकरण, शहरी जलापूर्ति योजना, कोयल में बांध बनवाना प्रमुख है। इस दिन महापौर ने शहीद चौक, जगदेव शर्मा चौक, भारत माता चौक, गांधी उद्यान का उद्घाटन भी किया। साथ ही महाराजा अग्रसेन चौक, महाराजा जरासंध चौक, स्वर्गीय हवलदारी राम हलदर चौक एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे बाबू बैजनाथ सिंह मार्ग के शिलापट का अनावरण कर उस मार्ग एवं चौक का नामकरण किया। कहा कि यह शुभ काम मेरे हाथों से करना लिखा था जिसे करके मैं गौरवाविंत हूं। इस मौके पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

# जनसेवा जारी रहेगी: शशि कुमार

## नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल हुआ समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो गया। इसके बावजूद हुसैनाबाद नगर पंचायत के लोगों की सेवा करते रहने का उन्होंने भरोसा दिलाया है। इस संबंध में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अपने कार्यकाल में शहर को व्यवस्थित करने का पूरा प्रयास किया है। हर गली व मुहल्लों को जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण सड़को का निर्माण किया गया। इसके अलावे उपलब्ध संसाधनों के अनुसार सभी वार्डों में जन सुविधाओं का विस्तार किया गया। शहर के सुंदरीकरण के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किये गए। अब नगर पंचायत का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। सरकारी दिशा-निर्देश के आलोक में कार्य जारी रहेगा। पर हमलोग शहर के लोगों के लिए उनके हर सुख-दुख में साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी तरह से आवश्यकता होने पर हमसे संपर्क करें। शहर वाशियों की सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। कहा कि यदि सरकार निर्धारित समय पर चुनाव करा लेती तो यह विकास कार्य शहर के प्रतिनिधियों द्वारा जारी रहता। अब किसी भी कार्य के लिए सरकारी कर्मियों पर निर्भरता रहना होगा।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर बेनिखुर्द गांव से निकली भव्य कलश यात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेनी खुर्द गांव में शुक्रवार को श्री सांबसदा शिव बागेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलशयात्रा का आयोजन किया गया। परंपरागत ढोल बाजे लेकर जयकारा लगाते हुए भक्त शंकरनगर, नोनियाबीघा, जपला-पथ पहुंचे। इसके बाद मुख्य शहर होते हुए देवरी सोन नदीं पहुंचे, जहां विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी की प्रक्रिया पूरी की गयी। भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह व समिति के सचिव रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बताया कि यह महानुष्ठान पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में पूरी की जाएगी। शनिवार को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, रविवार को हवन, एक मई को मंदिर संस्कार, दो मई को देव स्नपन व तीन मई को भगवान बागेश्वर महादेव का प्राण प्रतिष्ठा के साथ भंडारा होगा।

## कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक डॉ शशिभूषण मेहता



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड अंतर्गत केल्हवा पंचायत के ग्राम होटवार में शुक्रवार से पांच दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की शुरूवात कलश यात्रा से की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता भी शामिल हुए। यह यज्ञ तीन मई तक चलेगा। होटवार से निकली कलश यात्रा खांखर होते हुए अमानत नदी पहुंची, जहां से जल उठाकर वापस यज्ञशाला पंहुची। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद गुप्ता, रोशन सिंह, मुखिया बसारत हुसैन, प्रो बच्चन ठाकुर, समाजसेवी निरंजन यादव, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष नागेंद्र यादव, सचिव दुलारी प्रजापति, कोषाध्यक्ष नंदलाल कुमार यादव, उपसचिव धरमु रजक, उपाध्याय निरंजन कुमार प्रजापति, मंत्री अरुण यादव, महामंत्री उदय यादव, चंदन सोनी, सुनील तिवारी और कार्तिक सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## धनुष से टूटे दिल के जख्मों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लगाया मरहम : अविनाश



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** दीप्ति कुमारी एक ऐसा गुमनाम चेहरा जो बड़े हस्ताक्षर को अपने उंगलियों से निशाना लगाना सिखाई और पद्मश्री मिला। दीप्ति आज खुद मुफलशी की जिंदगी गुजार रही है। अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी गेम के लिये चार लाख रुपये कर्ज लेकर धनुष खरीदी पर वह भी टूट गयी, जिससे उसके सपने बिखर गए। घर वापसी की तो मां दिल का दौरान पड़ने से मेडिका अस्पताल में मिली। घर चलाने के लिए अरगोड़ा चाय की दुकान पर गई तो रांची नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त में दुकान भी हटा दिया गया इस बात की जानकारी जब माटी कला बोर्ड के सदस्य सह झामुमो नेता अविनाश देव को हुई तो राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिलकर दीप्ति की समस्याओं से अवगत कराया। तब मंत्री ने दीप्ति को हर संभव मदद का भरोषा दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कुमारी दीप्ति प्रजापति की मुलाकात करवायी। मुख्यमंत्री ने उसकी सभी समस्याओं को जाना और समझा। वहां मंत्री हफिजूल हसन भी मौजूद रहे। जहां दीप्ति को मुख्यमंत्री का आशीर्वाद मिला। उन्होंने कहा कि धनुष भी मिलेगा और नौकरी भी देंगे। तुम बस राज्य का नाम रौशन करो। अनिवाश देव ने कहा कि इस कार्य के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आजीवन आभारी बना रहूंगा। जिन्होंने गरीब बेटी के जख्मी दिल पर मरहम लगाने का काम किया।

# पर्यावरण को संतुलित करने के लिए सभी को करना होगा पौधरोपण: कौशल किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल व दो नंबर टाउन टीवीएस शोरूम रोड के समीप निजी भूमि पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी पांच वर्षीय पोती अनुषा के नाम पर पौधरोपण कर जन्मदिन मनाया। उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाई। कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोगों को अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर पलामू प्रमंडल को प्रकृति की ब्लैक शैडो जोन से मुक्ति दिलाना है तो सभी लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को भी अपनाना होगा। नहीं तो वो दिन अब दूर नहीं जैसे दक्षिण अफ्रीका की राजधानी शहर केप टाउन जैसे दुनिया का पहला जल मुक्त शहर वहां का सरकार ने घोषित कर दिया है। वहीं, अनुषा की दादी और संस्था की प्रधान सचिव सह डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि सभी माता-पिता को अपने बच्चों को बचपन से ही उनके जन्मदिन पर पौधा लगाने और बचाने की शिक्षा और संस्कार देनी चाहिए। वहीं, अनुषा के जन्म दिन पर पिता छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार, बड़े पिता प्रो अरुण कुमार, बड़ी मम्मी कोमल जायसवाल, दादा सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, दादी गीता देवी, अल्पना देवी, शिक्षक ज्योति जायसवाल आदि मौजूद थीं।

## ट्रेलर के धक्के से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ममरखा एचपी पेट्रोल पंप स्थित एनएच 98 पर हाइवा की चपेट में आने से घायल बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति की इलाज के दौरान औरंगाबाद सदर अस्पताल में मौत हो गई। बतातें चलें कि शुक्रवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बिहार के औरंगाबाद जिले के खैरा थाना क्षेत्र के एनटीपीसी केरका गांव निवासी यमुना राय (42) गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके कमर के नीचे का भाग बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया था। वहीं एसआई अनूप कुमार के नेतृत्व में गश्त कर रही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को सीएचसी पहुंचाया था जहां से सीएचसी प्रभारी राजेश कुमार ने तुरंत औरंगाबाद रेफर कर दिया। बताया कि घटना में घायल व्यक्ति के कमर से नीचे का भाग बुरी तरह कुचल जाने के बाद भी वह अपना नाम-पता बताया। जिसकी सूचना पुलिस ने उसके परिजनों को दी। इस संबंध में थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि घटना के बाद कटैया के समीप सड़क किनारे ट्रेलर को खड़ी कर चालक फरार हो गया है, जिसे जब्त कर थाने लाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।






























आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 29 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
11

## मार्च महीने में ही सूख गये कुएं, 600-700 रुपये खर्च कर कुएं में डलवाना पड़ रहा टैंकर से पानी


# मैथन डॉक्टर्स कॉलोनी में पानी के लिए मचा हाहाकार

**कॉलोनी से महज 200 मीटर की दूरी पर है वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, फिर भी पानी की किल्लत**

### कॉलोनी में 150 घर, सभी लोग कुएं के पानी पर हैं निर्भर

आजाद सिपाही संवाददाता






**चिरकुंडा।** वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित मैथन के वीआइपी इलाका डॉक्टर्स कॉलोनी वनमेढ़ा में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जबकि इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पूरे निरसा विधानसभा क्षेत्र में जलापूर्ति की जाती है। करीब 150 घरों की कॉलोनी के लोग पानी के लिए कुआं पर निर्भर हैं। यहां प्रायः सभी घरों में कुआं है, लेकिन गर्मी शुरू होते ही जलस्तर नीचे चले जाने से कुआं सूखने लगते हैं। इस साल तो मार्च के अंत तक कॉलोनी के सभी कुएं सूख गए। तब से लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। कहा जा रहा है की ड्राई एरिया होने के कारण यहां चापाकल सफल नहीं है। कुछ लोगों ने डीप बोरिंग तो कराई थी, लेकिन पर्याप्त पानी नहीं निकलने की वजह से वह भी बेकार साबित हुई। भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों को 600 से 700 रुपए खर्च कर टैंकर से अपने कुएं में पानी डलवाना पड़ रहा है। हर चार-पांच दिन पर कुएं में पानी डलवाने का सिलसिला जारी है। इसके साथ ही पीने के लिए अलग से 30-35 रुपये प्रति जार खरीदना पड़ रहा है। जो लोग टैंकर व जार का पानी खरीदने में सक्षम नहीं हैं, वे पीएचइडी कैंपस व डीवीसी कॉलोनी से पानी लाकर काम चला रहे हैं। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि पेयजल संकट दूर करने के लिए सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, मुखिया सहित संबंधित अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई गयी। सभी ने आश्वासन भी दिया कि जल्द ही पाइपलाइन से पेयजलापूर्ति शुरू होगी, लेकिन आजतक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं हैं।

### कॉलोनी में मेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत मिलना था पानी

विभागीय सूत्रों की मानें तो कॉलोनी में मेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत जलापूर्ति करनी थी। इसके लिए वर्ष 2018 में टहल कंसल्टेंट कंपनी को टेंडर भी मिल गया था। कंपनी को वर्ष 2020 तक का काम पूरा करना था, लेकिन बीच में ही काम छोड़ कर भाग गई। सरकार ने 2022 में कंपनी को ब्लैकलिस्टेड कर दिया, जिसके कारण पेयजलापूर्ति योजना धरातल पर उतरने से पहले ही समाप्त हो गयी।

## 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने गरबुडीह में लगाया जनता दरबार, लोगों की समस्याओं का किया निराकरण

आजाद सिपाही संवाददाता


जनता दरबाद में लोगों की समस्याएं सुनते ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह।

**धनबाद।** जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह की ने शुक्रवार को धनबाद सदर प्रखंड के गरबुडीह में जनता दरबार लगाया। जिसमें सैकड़ों पुरुषों एवं महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। इससे पूर्व गरबूडीह प्रखंड 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह भी उपस्थित थे। साथ ही जिला के सदस्य जोगिंदर सिंह जोगी, लक्ष्मण तिवारी, राजू प्रमाणिक भी उपस्थित रहे। धनबाद सदर प्रखंड 20 सूत्री के अध्यक्ष जितेश कुमार सिंह ने आगंतुकों का स्वागत किया और बुके देकर सभी को सम्मानित किया। उद्घाटन के अवसर पर धनबाद सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनता दरबार में अंबेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर दिलाने का आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में पहुंचे कई बुजुर्ग और विधवा महिलाओं ने भी पेंशन के लिए आवेदन दिया। साथ ही कुछ दाखिल खारिज की भी समस्याएं सामने आई। इस दौरान पानी कनेक्शन देने की भी मांग की गई। जिला उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने सभी आवेदन को प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को फॉरवर्ड करते हुए उनकी जांच कर पूरा करने का आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही जल्द से जल्द लाभुकों को न्याय दिलाने की बात कही। ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रखंड कार्यालय में पानी की समस्या पर चिंता जताई और कार्यालय से ही उप विकास आयुक्त से उसका निराकरण करने की मांग भी की है।

## राहगीरों के साथ बीसीसीएल कर्मियों को भी मिलेगी राहत : शशि प्रसाद


कतरास की संकल्प महिला समिति ने किया पनशाला का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बीसीसीएल दीक्षा महिला मंडल के निर्देश पर संकल्प महिला समिति कतरास क्षेत्र की ओर से शुक्रवार को अंगारपथरा डिस्पेंसरी के निकट पनशाला का उद्घाटन किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित शशि प्रसाद ने कहा कि पनशाला खुल जाने से राहगीरों के साथ ही बीसीसीएल कर्मियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर रेखा कुमार, पिंकी गुप्ता, आशा सांडिल्या, शिखा दास, कंचन सिंह, नीलू सिंह, नंदिनी शर्मा, रेनू सिंह, महाप्रबंधक एमएस दूत, अपर महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, क्षेत्रीय प्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिक एस के सांडिल्या, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक राणा संतोष सिंह, क्षेत्रीय पर्यावरण प्रबंधक रितेश रंजन सिंह, अभियंता देवेश दत्त शुक्ला, शेरबहादुर सिंह और रामरुप गोप उपस्थित थे।

## बस-बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

### मृतक दोनों सगे भाई, छोटे वाले की 2 मई को होनी थी शादी

आजाद सिपाही संवाददाता


दुर्घटनाग्रस्त बस और बाइक।

**चतरोचट्टी।** गोमिया-विष्णुगढ मुख्य सडक अंतर्गत बनासो के गरहमुर्गी के पास शुक्रवार की दोपहर बस और बाइक के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। सब्बी बस हजारीबाग से गोमिया की ओर जा रही थी। तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक बस से टकरा गई। मृतकों की पहचान बिरजू सिंह (25) और महादेव सिंह (22) के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई बताए जा रहे हैं। उनके पिता महेर सिंह का पहले ही निधन हो चुका है। दोनों चतरोचट्टी थाना अंतर्गत बडकी चिदरी पंचायत के माघा गांव के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक दो मई को महादेव सिंह की शादी होने वाली थी। दोनों भाई शादी के सामान खरीदने बनासो बाजार जा रहे थे। बड़े भाई बिरजू सिंह की शादी पिछले साल ही हुई थी। उसका दो महीने का एक बच्चा भी है। उधर घटना से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। इसकी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर थाने ले गई। बतातें चलें कि जहां दुर्घटना हुई है वहां अक्सर इस तरह के वारदात होते रहते हैं। एक पखवाड़ा पहले भी इसी जगह एक बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। लतातार हो रही घटनाओं से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। तब विष्णुगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मान मनौल कर जाम हटवाया।

## खनन पदाधिकारी ने पकड़ा अवैध कोयला लदा हाइवा, चालक सहित दो पर दर्ज हुई प्राथमिकी




**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगंज महुदा फोरलेन में तारगा के समीप शुक्रवार को जिला खनन पदाधिकारी की ओर से जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना परिवहन चालान के अवैध कोयला का परिवहन करने के आरोप में कोयला लदे एक हाइवा को जब्त किया। खनन पदाधिकारी ने लदे हाइवा एवं चालक को पकड़कर महुदा पुलिस के हवाले कर दिया। जिला खनन पदाधिकारी राहूल कुमार ने बताया कि तारगा के समीप फोरलेन में औचक जांच अभियान स्थानीय पुलिस के सहयोग से लगाया गया था। तभी अवैध कोयला लदे एक हाईवा को पकड़ा गया जो बोकारो की ओर जा रहा था। कागजात की जांच के दौरान फर्जी पाया गया। इस दौरान चालक अजीम खान से पूछताछ करने पर बताया कि यह कोयला किसी माधव सिंह का है जो निरसा इलाकों से लोड कर बंगाल भेजा जा रहा था। कागजात जांच करने पर पता चला कि माईनिंग चलान नहीं था एवं जीएसटी पर्ची सालासार इंटरप्राईजेज का लगाया गया था जो फर्जी है। इस संबंध में खनन पदाधिकारी ने महुदा थाना में कोयला व्यापारी माधव सिंह,ट्रक मालिक फरीद खान एवं चालक अजीम खान पर कोयला चोरी का मामला दर्ज कराया है।


## बंद अंगवाली खदान में सीआइएसएफ-पुलिस की छापामारी, तीन सुरंगों को किया बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** पेटरवार पुलिस, सीआइएसएफ व ढोरी सुरक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से सीसीएल ढोरी क्षेत्र के बंद अंगवाली कोलियरी में शुक्रवार को छापामारी कर यहां तस्करों द्वारा बनाये गए तीन सुरंगों को जेसीबी मशीन से भरवा दिया गया। छापामारी का नेतृत्व कर रहे सीसीएल ढोरी सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उईके ने कहा कि अवैध कोयला खनन को बंद करने एवं सुरंगों को भरने के लिए लगातार अभियान चलाया जायेगा। पेटरवार थाना क्षेत्र की अंगवाली एवं पिछरी बंद खदान में दर्जनों सुरंग बनाकर कोयला चोरों द्वारा कोयला खनन किया जाता है, जिससे सीसीएल को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। मौके पर पेटरवार थाना के एएसआइ विशेश्वर महतो, सत्यनारायण उरॉव व चंद्रकांत सिंह, सीआइएसएफ के इंस्पेक्टर एके सिंह, एएसआई सुनील किंडो, पवन कुमार, धीरेन कुमार राय, रंजीत कुमार, राकेश मग, मिरना दास, सुरक्षा इंचार्ज उमाशंकर महतो, मानिक दिगार, भोला मिश्रा, भूपेंद्र, लखन तुरी, जितेंद्र रजक, प्रमोद महतो, पुनीता, शिवानी आदि शामिल थे।

## ढोरी क्षेत्र 60 लाख टन कोयला उत्पादन के लिए कटिबद्ध : जीएम



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष 2023-24 में ढोरी क्षेत्र को 55 लाख टन का लक्ष्य दिया गया है। पर हम लोग 60 लाख टन करने के लिए कटिबद्ध है। पूर्व मुख्यमंत्री सुदेश महतो से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विस्थापित नेता काशीनाथ सिंह के सामने पिछरी खदान को खोलने के लिए सहयोग मांगा गया है। पिछरी खदान अगले 4-5 महीने में खुल जाएगा। पिछरी खदान के खुल जाने से हम लोग 60 लाख टन का लक्ष्य हासिल कर पाएंगे। अंगवाली छोटा माइंस है पर उसे भी खोलने का जल्द प्रयास किया जाएगा। इस वर्ष लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछरी खदान का खुलना आवश्यक है। क्योंकि मुख्य तीन माइंस अब हम लोगों के पास बची है। गिरिडीह में कबरीबांध खुल जाने से गिरिडीह को अलग क्षेत्र बना कर जीएम बहाल कर दिया गया है। इस वर्ष उत्पादन एएडीओसीएम(अमलो) से 36 लाख टन, एसडीओसीएम(कल्याणी) 20 लाख टन और एक लाख टन से कुछ ज्यादा खास ढोरी अंडरग्राउंड माइंस से हो पाएगा। इस कारण ढोरी क्षेत्र का विस्तार करने की आवश्यकता है। अमलो अभी 3 मिलियन का माइंस है इसका अगले 4 महीने के अंदर विस्तार कर 42 लाख करने का लक्ष्य है। अगले वर्ष के लिए 5 मिलियन का पीआर बन चुका है।

## बेरमो विधायक ने किया चबूतरा व शेड का उद्घाटन

# बेरमो क्षेत्र में निरंतर जारी रहेगा विकास कार्य : कुमार जयमंगल

आजाद सिपाही संवाददाता


चबूतरा और शेड का उद्घाटन करते बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह व अन्य

**बोकारो थर्मल।** गोविंदपुर डी पंचायत जीएम कॉलोनी स्थित सर्वोदय ग्राउंड में शुक्रवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने चबूतरा व शेड का उद्घाटन किया। बतातें चलें कि 3.50 लाख रुपए की लागत से बने चबूतरा व शेड का शिलान्यास नौ जनवरी 2023 को हुआ था। जिसका उद्घाटन महागठबंधन के सभी सदस्यों ने मिलकर किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि बेरमो विधानसभा की जनता ने जो आशीर्वाद एवं जिम्मेदारी दी है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाहन कर रहा हूं। जनता की समस्याओं को दूर करते का हर संभव प्रयास करूंगा। विधानसभा के विकास के लिए समर्पित भाव से निरंतर सेवा जारी रहेगा।

इस मौके पर बीटीपीएस थाना के एसआई अमित सिंह, कांग्रेस नेता जोगेंद्र गिरी, प्रमोद सिंह, अरुण सिंह, उप प्रमुख बिनोद साहू, प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, मुखिया बबलू सिंह, चंदना मिश्रा, सुषमा कुमारी, बिजय नैयर, महेश कुमार, श्रीभगवान यादव, राजेश दूबे, ए कार्तिक, मनोज पाठक और जशपाल सिंह आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-03/2023-24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक **11.05.2023** को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **12.05.2023** का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक **12.05.2023** को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू॰) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू॰) | अग्रधन की राशि (रू॰) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair work for ExteriorSurface of Building and Boundary wall at Jharkhand Kala Mandir,Hotwar,Ranchi | 24,40,200.00 | 5000.00 | 50,000.00 | Three Months |
| 2 | Renovation work for water proofing of the Roof at State Museum Hotwar,Ranchi | 24,37,400.00 | 5000.00 | 50,000.00 | Three Months |

नोट : निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

PR 296139 Building(23-24)#D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



**नाम-बबीता कुमारी, उम्र-23 वर्ष, रंग-सॉवला, उचाँई-5 फिट 6 ईंच, पहनावा-लाल रंग का सूट पहनी हुई है।,**

उपरोक्त लापता महिला बबीता कुमारी, पे0-ब्रज बिहारी महली, सा0-बंझिल, थाना-माण्डर, जिला-राँची, जो दिनांक-05.04.2023 को बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में खलारी थाना सनहा संख्या-28/2023 दिनांक-09.04.2023 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक ,खलारी, राँची। -9431742777
थाना प्रभारी, माण्डर, राँची। -9431706187

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 296179 Police(23-24)D



**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सिमडेगा जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के तहत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जॉब कार्ड के पिछले पृष्ठ पर लोकहित में जानकारी मुद्रण हेतु जॉब कार्ड की छपाई, 7 रजिस्टर की छपाई एवं मेडिकल किट यथा (4" Bandage-2 pcs, Cotton- 2 pcs, Povidine Qidine Cream-1 pc, Savlon-1 pc, Cetrizine -1 Strip, Diciofenace Tab- 1 Strip, Paracetamol Tab-1 Strip, Dompendom Tab-1Strip, ORS Satches - 5 Pcs, Bandaid Strip-10 pcs, Soap 10 gm-1pc, Ciproloxacin Tab-1 Strip, Surgical Knife-1 pc) की आपूर्ति करने के लिए अनुभवी प्रतिष्ठित संस्थान से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता दिनांक 08.05.2023 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा के कार्यालय में निविदा पेटी पर निविदा डाल सकते है। दिनांक 08.05.2023 को अपराह्न 5.00 बजे उप विकास आयुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में जिलास्तरीय क्रय समिति द्वारा निविदा खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

तकनीकी बीड के आवश्यक शर्ते/कागजात निम्नवत् होगी :-
1. निविदादाता द्वारा वाणिज्य-कर निबंधन प्रमाण पत्र एवं स्वच्छता प्रमाण पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता द्वारा विगत तीन वर्षों का आयकर प्रमाण पत्र एवं चाटर्ड एकाउन्टेंट द्वारा अंकेक्षण प्रमाण पत्र तथा GST Clearance समर्पित करना अनिवार्य होगा।
3. मेडिकल किट आपूर्ति किये जाने वाले आपूर्तिकर्ता को वैद्य Drug license अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को सरकारी विभाग के साथ कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र देना होगा।
5. निविदादाता को कागज/मेडिकल किट का नमूना निविदा के साथ जमा करना होगा।
6. सफल निविदादाता को कार्यादेश निर्गत करने के एक सप्ताह के अन्दर आपूर्त्ति करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता को 10,000/-(दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट, उप विकास आयुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा।
8. तकनीकी एवं वित्तीय बीड अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में रख कर एक बड़े लिफाफे में समर्पित करेंगे।
9. सिमडेगा जिला के सभी 10 प्रखण्ड मुख्यालयों तक सामग्री आपूर्ति करने के लिए सभी प्रकार के कर परिवहन एवं हथालन व्यय आदि सहित दर का उल्लेख करना अनिवार्य है।
10. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा दिये गये आपूर्ति आदेश की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर निर्दिश्ट स्थल (प्रखण्ड मुख्यालय) पर सामग्रियों की आपूर्ति होगी।

वित्तीय बीड के आवश्यक शर्ते/कागजात निम्नवत् होगी :-
1. निविदादाता का नाम :-
2. स्थायी पता :-
3. वर्तमान पता :-
4. व्यापार का स्थल (मोबाईल नम्बर सहित)
5. दर (प्रति अदद) (A) जॉब कार्ड (B) 7 रजिस्टर (C) मेडिकल किट

- निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
- निविदा के शर्तों को सरकारी अनुदेशों के आलोक में या व्यवहारिक परिस्थितियों में संशोधित भी किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
-सह-
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
सिमडेगा

PR 296171 Rural Development (23-24)_D

# कैमरे की नजर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का किट-किस का दौरा













कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, भुवनेश्वर, ओड़िशा द्वारा आयोजित समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन, किट और किस यूनिवर्सिटी के फाउंडर डॉ अच्युत सामंता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विनय चौबे और सुनील श्रीवास्तव

### भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत जी20 इडीडब्ल्यूजी शिक्षा की पहुंच

## गुणवत्ता और परिणामों को बढ़ाने के लिए कर रहे हैं काम : सुभाष सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत तीसरी शिक्षा कार्य समूह ( इडीडब्ल्यूजी) बैठक गुरुवार को भुवनेश्वर में आरंभ हुई। बैठक के पहले दिन केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री श्री सुभाष सरकार ने उद्घाटन भाषण दिया। उच्चतर शिक्षा सचिव के संजय मूर्ति, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव संजय कुमार और कौशल, विकास और उद्यमशीलता सचिव अतुल कुमार तिवारी एवं मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष ( यूनिसेफ ), संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) तथा आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (आइसीडी) सहित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों समेत आमंत्रित एवं जी 20 सदस्य देशों के 60 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।



सुभाष सरकार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की अध्यक्षता के तहत शिक्षा कार्य समूह समान वास्तविकताओं को रेखांकित करने के लिए सामूहकि रूप से काम कर रहा है और शिक्षा की पहुंच, गुणवत्ता और परिणामों में सुधार लाने के लिए संयुक्त कार्रवाई के लिए समान प्रतिबद्धताओं को दुहरा रहा है।श्री सरकार ने कहा कि आज के विश्व में कृत्रिम आसूचना, इंडस्ट्री 4.0 तथा वेब 3.0 जैसे मेगा ट्रेंड देखे जा रहे हैं, जो कार्यस्थल पर उल्लेखनीय रूप से प्रभाव डालेंगे। उन्होंने कहा कि इस उभरती कार्य इकोसिस्टम के अनुकूल बनाने के लिए हमारे युवाओं को आवश्यक कौशलों और दृष्टिकोण के साथ सुसज्जित करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी व्यक्ति से हमारी साझा समस्याओं के टिकाऊ समाधान विकसित करने के लिए सहयोग करने की अपील की। उन्होंने समाजगत लाभ अर्जित करने के लिए हमारी सामूहिक विशेषज्ञता का दोहन करने और मजबूत अनुसंधान एवं नवोन्मेषण इकोसिस्टम का निर्माण करने की अपील की। बैठक से पूर्व, कौशल, विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के सहयोग से सामग्री और खनिज अवयव प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआइआर-आईएमएमटर) में कार्य के भविष्य के संदर्भ में जीवन पर्यंत सीखने को बढ़ावा देना विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। संगोष्ठी के साथ साथ एक सप्ताह भर चलने वाली मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया था। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। बैठक के आयोजन के लिए अग्रवर्ती कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गयी, जिसमें संगोष्ठियां, पैनल चर्चा एवं जीवन पर्यंत सीख तथा भविष्य के कार्य विषयवस्तु पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में शिक्षा क्षेत्र, उद्योग, सरकार तथा सिंगापुर उच्चायोग की सहभागिता देखी गयी। भविष्य के काम में उन्नत प्रौद्योगिकी पर फोकस के साथ डीप टेक, लॉजिस्टिक्स को रूपांतरित करना - तटीय क्षेत्र अर्थव्यवस्थाओं पर फोकस एवं कौशल वास्तुकला एवं शासन मॉडल - सिंगापुर मॉडल के सबक विषयों पर चचाएं आयोजित की गयीं।

युवाओं को सम्मिलित करने के लिए ओड़िशा में 1 अप्रैल, 2023 को उत्कल दिवस या ओडिशा दिवस से आरंभ होने वाली महीने भर की जन भागीदारी कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गयी। ये कार्यक्रम भुवनेश्वर में वर्तमान में जारी तीसरी इडीडब्ल्यूजी बैठक के बारे में जागरूकता पैदा करने का भी एक प्रयास है। इस पहल के तहत राज्य के तीस जिलों में युवाओं को शमिल करने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं और जागरूकता रैलियों, मैराथन, निबंध लेखन, रंगेली निर्माण, योग सत्रों, क्विज, वाद-विवाद, भाषण, मौक जी20 तथा कई अन्य कार्यकलापों का आयोजन किया गया। इस अभियान में पूरे ओड़िशा के 35 संस्थानों से एक लाख लोगों ने भाग लिया।

## जी-20 'फ्यूचर वर्क स्टाइल्स एंड स्किल्स' प्रदर्शनी में सोआ



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जी-20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की बैठक की परिपेखी में आयोजित फ्यूचर वर्क स्टाइल्स एंड स्किल्स प्रदर्शनी को के संजय मूर्ति सचिव उच्च शिक्षा विभाग ने शिक्षा और अनुसंधान मंत्रालय (सोआ) में छात्रों के द्वारा स्टार्ट-अप्स पर नजर डाली और सोआ में चल रही भारतीय ज्ञान परंपरा परियोजनाओं को देखा। परियोजना के मुख्य अन्वेषक प्रोफेसर नचिकेता शर्मा ने कहा कि एक अन्य परियोजना में, कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं के लिए आईकेएस-आधारित विज्ञान की पाठ्यपुस्तकें स्कूली बच्चों को प्राचीन भारतीय ज्ञान की शुरूआती झलक प्रदान करेंगी। उन्होंने सीआईआई के प्रदर्शक बूथ का दौरा किया और छात्रों के स्टार्ट-अप के बारे में जानने के लिए उनके काम की सराहना की। श्री मूर्ति ने इस संबंध में सोआ की अतिरिक्त डीन (छात्र मामले) प्रो रेणु शर्मा से भी चर्चा की।

## परिवहन मंत्री ने तीन रूटों पर की वंदे भारत के संचालन की मांग

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य के परिवहन मंत्री ने केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखा है। राज्य में तीन रूटों पर वंदे भारत के संचालन के लिए परिवहन मंत्री टुकुनी साहू ने अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। राज्य के परिवहन मंत्री टुकुनी साहू ने अश्विनी वैष्णव को पुरी से हावड़ा, पुरी से रायपुर और भुवनेश्वर से हैदराबाद तक बंदे भारत ट्रेनों के संचालन को लेकर पत्र लिखा है।

## भारत की जी20 अध्यक्षता का जश्न मनाने के लिए एम्स भुवनेश्वर की छात्राओं ने बनायी मानव शृंखला

छात्राओं ने विभिन्न मुद्दों पर सामाजिक जागरूकता पैदा करने के लिए नाटक का प्रदर्शन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के जी 20 प्रेसीडेंसी का जश्न मनाने के लिए एम्स भुवनेश्वर के छात्रों ने शुक्रवार को जी 20 को दर्शाने वाली एक बड़ी मानव शृंखला बनायी। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक परिवार की थीम को चिह्नित करने के लिए, एम्स भुवनेश्वर की केवल छात्राओं ने राष्ट्रीय संस्थान के परिसर के अंदर जी 20 का गठन किया। एम्स भुवनेश्वर में जी 20 प्रेसीडेंसी का जनभागीदारी अभियान विभिन्न कार्यक्रमों का गवाह बना। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने इस अवसर पर अपना संदेश देते हुए अभियान में राष्ट्रीय संस्थान की सक्रिय भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की है। एम्स भुवनेश्वर हमेशा नवाचारों के साथ लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ बिस्वास ने कहा कि छात्रों द्वारा बनायी गयी मानव शृंखला हमारे देश के वैश्विक नेतृत्व को दर्शाती है। आज एम्स के छात्रों ने कोविड और अन्य सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने के लिए ओपीडी लॉबी में नाटक भी किया। अभियान का समापन समारोह शुक्रवार को दोपहर मिनी सभागार में आयोजित किया गया और अतिथियों ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किये। कुलसचिव बीबी मिश्रा द्वारा समन्वित पूरे कार्यक्रम में डीन डॉ पीआर महापात्र, चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा, डीडीए (स्वतंत्र प्रभार) रश्मी रंजन सेठी, पीआर सेल एफआइसी डॉ प्रवेश रंजन त्रिपाठी, संकाय सदस्य, छात्र उपस्थित थे।

## संबलपुर में पश्चिमी ओड़िशा के सबसे बड़े फर्निशिंग शोरूम ड्रीम होम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** संबलपुर पश्चिमी ओड़िशा के सबसे बड़े फर्निशिंग शोरूम ड्रीम होम ने इस महीने की 28 तारीख को एंथापल्ली चौक, संबलपुर में अपने फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन किया। यह स्टोर लोगों की कल्पनाओं और सपनों को हकीकत में बदल देगा। 3000 वर्ग फुट के क्षेत्र में होने के कारण, यह अपनी मौलिकता, सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और अद्वितीय संग्रह के लिए प्रसिद्ध है। स्वर्गीय नबा दास के पुत्र विशाल दास ने इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में इस स्टोर का उद्घाटन किया। इस मौके पर अजय संतुका, पार्टनर, संदीप अग्रवाल, पार्टनर, अजय अग्रवाल, स्टोर मैनेजर और देवस्मिता पांडा, क्लस्टर मैनेजर उपस्थित थे।

## 'मन की बात' के 100वें संस्करण को पंचायत के बूथ स्तर तक सुनने और सुनाने को लेकर की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



बरजो में कार्यकर्ताओं संग विचार विमर्श करते भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**धनवार।** शुक्रवार को पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक हुई। इसमें 30 अप्रैल को पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को लेकर 100वां संस्करण को पंचायत के बूथ स्तर तक सुनने और सुनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धनवार प्रखंड के 37 पंचायतों के साथ-साथ धनवार नगर पंचायत सहित पंचायत प्रभारिओं की नियुक्ति की गयी। इस बाबत श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपिसोड इस महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित किया जायेगा। इसे प्रत्येक घर और हर व्यक्ति तक पहुंचाने तथा इनकी जानकारी देने की बात कही। इस मौके पर सुनील अग्रवाल, अशोक राय, श्रीकांत, श्याम कुमार, मुंशीराम, प्रमोद नारायण देव, अमित कुमार, अजय राय, शिव शंकर सिंह, निधि पंडा, कपिल देव, सिंह सुरेश सिंह मौजूद थे।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं. **ई.एल.एस_401_ए.एम._ओ.एच._22–23_21** हेतु खुला ई.निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित हैं: **(1) कार्य का नाम तथा स्थान:** विद्युत लोको रोड, गोमो में 2 (दो) वर्षों के लिए टी. ओ.एच. / आई.ओ.एच. के दौरान विद्युत लोको के ऑग्जीलरी मोटर का ओवरहॉलिंग – 273 अदद। स्थान: विद्युत लोको शेड, गोमो। **(2) कार्य का अनुमानित लागत:** 3,62,29,234.86 रू. (तीन करोड़ बासठ लाख उनतीस हजार दो सौ चौतीस रूपये छियासी पैसे मात्र) **(3) अग्रधन राशि:** 3,31,200/– रू. (तीन लाख एकतीस हजार दो सौ रूपये मात्र) **(4) निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय:** 02.05.2023 से 16.05.2023 को 11:30 बजे निविदा बंद होने तक। **(5) वेबसाइट का विवरण, जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति:** आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in। निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुवल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुवल निविदा प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। विद्युत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट।

**वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेल, गोमो**

पीआर/00191/डीएचएन/ईटीआरएस/टी/23–24/32

## हाइड्रोजन ईंधन का उपयोग कर इस्पात बनाना इस्पात उद्योग का भविष्य है : बिमलेंद्र झा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर के प्रबंध निदेशक बिमलेंद्र झा ने उत्तर प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री लिमिटेड द्वारा आयोजित फ्यूचर ऑफ स्टील मेकिंग इन इंडिया पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हाइड्रोजन ईंधन का उपयोग करके स्टील बनाना स्टील उद्योग का भविष्य है। 26 मई को भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर उन्होंने कहा कि नयी तकनीकों के विकास से इस्पात उद्योग में कोयले पर निर्भरता शीघ्र ही दूर होगी। उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग समाज की कई समस्याओं को हल कर सकता है। उन्होंने कहा कि ओडिशा एकमात्र राज्य है, जो औद्योगिक संस्था के माध्यम से इस्पात की खपत के लिए पूंजीगत प्रोत्साहन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ओड़िशा में इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए सभी बुनियादी ढांचे हैं। उन्होंने कहा कि जेएसपी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कोल गैसीफिकेशन-सीजीपी विधि एक सफल तकनीक है। कोयला गैसीकरण प्रक्रिया में गैसीकरण तेल, टार, अमोनिया और फिनोल नेफ्था का भी उत्पादन किया जाता है, साथ ही स्टील उत्पादन के लिए उपयोग की जाने वाली सिंथेटिक गैस भी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेल के पूर्व अध्यक्ष अरविंद पांडे ने शिरकत की। अरुण रथ पूर्व केंद्रीय सचिव और यूएन बेहेरा पूर्व ओईआरसी अध्यक्ष ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ब्रह्मा मिश्र ने की, जिसमें उद्योग जगत के 150 से अधिक व्यवसायियों ने भाग लिया।









आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**